
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-73 ❒ सोमवार, 13 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



जब आधुनिक विज्ञान और तकनीक, भाषा, आस्था और संस्कृति के साथ समन्वय में काम करते हैं, तो यह सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनता है। विज्ञान और तकनीक के माध्यम से जनजातीय जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उनकी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण भी संभव है। सीपी राधाकृष्णन

अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का अनावरण 11

पटना मुख्यमंत्री आवास में बैठकों का दौर जारी 12

## संक्षेप

### दीवानी न्यायालयों में 24 व 25 अप्रैल को रहेगा अवकाश

**जौनपुर।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल मनजीत सिंह के द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार ''जुडिशल ऑफिसर स्पोर्ट्स मीट'' के लिए प्रदेश के सभी सिविल कोर्ट में 24 और 25 अप्रैल शुक्रवार व शनिवार को अवकाश रहेगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्टार जनरल मनजीत सिंह द्वारा जारी किए गए आदेश के क्रम में ''जुडिशल ऑफिसर स्पोर्ट मीट'' के लिए 24 व 25 अप्रैल शुक्रवार व शनिवार को अवकाश घोषित किया गया तथा 26 को रविवार होने की वजह से छुट्टी रहेगी। इस प्रकार 24, 25 और 26 अप्रैल 3 दिन प्रदेश के सभी दीवानी न्यायालय बंद रहेंगे। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार प्रदेश में सभी जनपदों के जिला न्यायाधीश अपने-अपने यहां दो चौथे शनिवार को न्यायालय खोलकर इसके एवज में कार्य दिवस बनाकर काम करेंगे।

### शहर के तीन बस अड्डे पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे

**लखनऊ।** आलमबाग बस टर्मिनल के तर्ज पर लखनऊ के तीन और बस अड्डे चिन्हित किए गए हैं। इन बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की मंजूरी मिल गई है। इनमें परिवहन निगम के सबसे पुराने कैसरबाग बस अड्डे के अलावा जानकीपुरम और हैदरगढ़ का बस अड्डा शामिल हैं। इन सभी बस अड्डों पर आधुनिक, विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके लिए जल्द ही टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। टेंडर के जरिए यात्री सुविधाओं से युक्त आधुनिक बस टर्मिनल बनेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि पीपीपी मॉडल परियोजना से राज्य में रोजगार पैदा होंगे। आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। शहरी विकास को रफ्तार मिलेगी। यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर बस सेवाएं मिलेंगी। इसी उद्देश्य से यूपी में 49 बस अड्डे चिन्हित किए गए हैं। इनमें लखनऊ के तीन बस अड्?डे शामिल हैं।

### शिवराज बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चयन के लिये केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**नयी दिल्ली।** बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरण और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेने के बाद राज्य में राजनीतिक हलचल तेज होने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को रविवार को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। भाजपा संसदीय बोर्ड ने श्री चौहान को बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने आधिकारिक पत्र जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार में विधायक दल के नेता के चयन की प्रक्रिया पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार पूरी की जाएगी।

# बेनतीजा रही शांति वार्ता

एजेंसी



❒ ईरान के साथ 21 घंटे की वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हुई : अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस

❒ अमेरिका की 'अत्यधिक मांगों' के कारण वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हुई : ईरान

❒ अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता में मदद करने का काम जारी रखेगा पाकिस्तान : इसहाक डार

इस्लामाबाद। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने रविवार को बताया कि ईरान के साथ इस्लामाबाद में हुई वार्ता विफल रही और 21 घंटे से अधिक समय के अथक प्रयासों के बावजूद दोनों पक्ष मतभेदों की खाई पाटने में असमर्थ रहे। ईरान के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को कहा कि अमेरिका की ओर से ''अत्यधिक मांगों'' के कारण ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता रविवार को किसी समझौते के बिना समाप्त हो गयी। उधर पाकिस्तान ने कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता में मदद करने का काम जारी रखेगा और उसने दोनों पक्षों से युद्धविराम बनाए रखने का आग्रह किया।

वेंस ने पाकिस्तान की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच हुई प्रत्यक्ष वार्ता के दौरान ''महत्वपूर्ण चर्चा'' के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। दोनों पक्षों के बीच इस स्तर पर 1979 के बाद यह पहली वार्ता थी। वेंस ने कहा, ''हम 21 घंटे से इस पर काम कर रहे हैं और अच्छी खबर यह है कि हमारे बीच कई सार्थक चर्चाएं हुई हैं। उन्होंने कहा, ''बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हमने अपनी सीमाएं स्पष्ट कर दी हैं कि हम किन बातों पर समझौता करने को तैयार हैं और किन पर नहीं। उन्होंने कहा कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने ''हमारी शर्तों को स्वीकार न करने का विकल्प चुना है। जब उनसे यह बताने को कहा गया कि मुख्य अड़चनें क्या थीं और ईरानियों ने किन बातों को ठुकराया तो उन्होंने इस बारे में विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। वेंस ने कहा, ''मैं अधिक विस्तार से नहीं बताऊंगा क्योंकि 21 घंटे तक बंद कमरे में बातचीत करने के बाद मैं सार्वजनिक रूप से बात नहीं करना चाहता लेकिन सीधी सी बात यह है कि हमें उनकी ओर से इस बात की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखनी चाहिए कि वे परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करेंगे और न ही ऐसे साधन हासिल करने की कोशिश करेंगे, जिनसे वे बहुत जल्दी परमाणु हथियार हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ''मुख्य लक्ष्य'' ईरान को ''परमाणु हथियार'' हासिल करने से रोकना है और ''हमने इन वार्ताओं के जरिये यही हासिल करने की कोशिश की है। वेंस ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एवं सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की सराहना की और उन्हें ''बेहतरीन मेजबान'' बताया। उन्होंने कहा, ''वार्ता में जो भी कमियां रहीं, वे पाकिस्तानियों की वजह से नहीं थीं। उन्होंने शानदार काम किया और हमारे एवं ईरानियों के बीच मतभेदों को पाटकर समझौते तक पहुंचने में मदद करने की वाकई कोशिश की। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने भी 'एक्स' पर एक संदेश में पुष्टि की कि दोनों पक्ष किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके और ''दोनों पक्षों के बीच कई संदेशों'' का आदान-प्रदान हुआ। उन्होंने लिखा, ''पिछले 24 घंटों में होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु मुद्दे, युद्ध क्षतिपूर्ति, प्रतिबंध हटाने और ईरान के खिलाफ एवं क्षेत्र में युद्ध की पूर्ण समाप्ति सहित वार्ता के मुख्य विषयों के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, ''इस कूटनीतिक प्रक्रिया की सफलता विरोधी पक्ष की गंभीरता एवं सद्भावना, अत्यधिक मांगों और अनुचित

### ईरान के खिलाफ अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है: नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करने का दावा करते हुए शनिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है, और इजराइल ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को नाकाम कर दिया है। नेतन्याहू ने जारी वीडियो में कहा, ईरान के खिलाफ अभियान खत्म नहीं हुआ है, हमें अभी और काम करना है। लेकिन अब भी यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि हमने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा, हमने यह अभियान इसलिए शुरू किया, क्योंकि ईरान परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब था और प्रतिदिन सैकड़ों मिसाइलें बनाने की क्षमता रखता था। ये दो बड़े खतरे थे, जिन्हें हमें अपने सिर से हटाना था। उन्होंने दावा किया, खामेनेई मिसाइल उत्पादन और परमाणु कार्यक्रम को जमीन के बहुत अंदर इस तरह छिपाना चाहता था ताकि बी-2 विमान भी वहां तक न पहुंच पाएं। हम चुपचाप खड़े नहीं रह सकते थे। उन्होंने कहा कि ईरान में अब भी 400 किलोग्राम से अधिक संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। उन्होंने कहा कि इसे या तो कूटनीतिक प्रक्रिया के जरिये या बल प्रयोग के माध्यम से ईरान से हटाया जाएगा।

# महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने का समय आ गया : मोदी

एजेंसी



❒ महिला विधेयक पर मोदी का सभी दलों को पत्र, कहा दल को परे रखकर एकस्वर में पारित करें विधेयक

नयी दिल्ली। महिला आरक्षण विधेयक के समय को लेकर नाराज चल रहे विपक्ष के साथ आम सहमति बनाने की सरकार की कवायदों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पत्र लिखकर विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की है।

श्री मोदी ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित इस विधेयक को पारित कराने के लिए गुरुवार से एक बार फिर शुरू होने वाली संसद की बैठक से पहले शनिवार को लिखे पत्र में इस विधेयक पर होने वाली चर्चा को ऐतिहासिक बताते हुए इसे लोकतंत्र को और सशक्त बनाने का अवसर करार दिया है और कहा है कि वह इस बारे में सबकी सामूहिक प्रतिबद्धता की भावना से यह पत्र लिख रहे हैं । उन्होंने कहा ,'' 16 अप्रैल से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित एक ऐतिहासिक चर्चा होने जा रही है। यह विशेष सत्र हमारे लोकतंत्र को और सशक्त बनाने का एक अवसर है। यह एक ऐसा क्षण भी है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ने और सभी को साथ लेकर चलने की अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहरा सकते हैं। मैं इसी भावना और उद्देश्य के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूँ। प्रधानमंत्री ने सांसदों से इस विधेयक को एक स्वर से पारित करने के लिए दलगत राजनीति से उपर उठकर एकजुटता दिखाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूँ ताकि हम सभी एक स्वर में

### भाजपा ने विशेष संसद सत्र से पहले सांसदों के लिए व्हिप जारी किया

नयी दिल्ली। भाजपा ने अपने सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर उनसे बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले संसद के विस्तारित बजट सत्र के दौरान अपने-अपने सदन में उपस्थित रहने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत बुधवार (आठ अप्रैल) को उन प्रारूप विधेयकों को मंजूरी दे दी जिनका उद्देश्य 2029 के संसदीय चुनाव से पहले महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करना है। इसने कहा, ''सभी माननीय केंद्रीय मंत्रियों और सदस्यों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त तीनों तिथियों पर सदन में उपस्थित रहें। संदेश में कहा गया, ''सदन में उपस्थिति अनिवार्य है। कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। सदस्यों से अनुरोध है कि वे व्हिप का सख्ती से पालन करें और सदन में अपनी निर्बाध उपस्थिति सुनिश्चित करें।'

# द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर कर रहा चीन : भारत

एजेंसी



❒ भारतीय स्थानों के काल्पनिक नाम देना चीन का द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर करने का प्रयास

नयी दिल्ली। भारत ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों के काल्पनिक नाम दिए जाने को निराधार कथानक गढ़ने का प्रयास बताते हुए कहा है कि चीन की इस तरह की कार्रवाई द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों को काल्पनिक नाम देने के संबंध में मीडिया प्रश्नों के उत्तर में रविवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश सहित यह सभी हिस्से भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा, '' भारत चीनी पक्ष द्वारा भारत के क्षेत्र में आने वाले स्थानों को काल्पनिक नाम देने के किसी भी शरारतपूर्ण प्रयास को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि चीनी पक्ष की ये कार्रवाई भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता पैदा करते हैं और बेहतर समझ विकसित करने के प्रयासों को नुकसान पहुँचाते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे प्रस्तुत करने और निराधार कथानक गढ़ने के ऐसे प्रयास उस निर्विवाद वास्तविकता को बदल नहीं सकते कि ये स्थान और क्षेत्र, जिनमें अरुणाचल प्रदेश भी शामिल है, पहले भी, अब भी और हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेंगे। उल्लेखनीय है कि चीन ने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों के नाम बदलने की कोशिश की है।

## अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से होगी शुरू, 15 अप्रैल से पंजीकरण

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को घोषणा की कि श्री अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होगी और 28 अगस्त को समाप्त होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि भगवान शिव का आशीर्वाद लेने के लिए प्रथम पूजा 29 जून 2026 को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन आयोजित की जाएगी। यहाँ लोक भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कुल 57 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल 2026 से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से शुरू होगा। श्री सिन्हा ने कहा, ''पंजीकरण की सुविधा देश भर में जम्मू-कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक की 554 शाखाओं में उपलब्ध होगी। उप राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक पंजीकृत तीर्थयात्री और सेवा प्रदाता को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस (आरएफआईडी) जारी किया जाएगा। पंजीकृत तीर्थयात्रियों को प्रति व्यक्ति 10 लाख रुपये की बढ़ी हुई बीमा राशि के साथ समूह दुर्घटना

# पार्श्वगायिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन

एजेंसी



❒ आशा भोसले के निधन पर शोकाकुल हुआ भारत, राजनेताओं ने दी श्रद्धांजलि

मुंबई। पार्श्वगायिका आशा भोसले का रविवार को यहां ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थी और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थता के कारण उन्हें यहां भर्ती कराया गया था।

ब्रीच कैंडी अस्पताल के डॉ. प्रतीत समदानी ने बताया कि कई अंगों के काम करना बंद कर देने के कारण उनका आज निधन हो गया। उनके बेटे आनंद भोसले ने निधन की पुष्टि की है उन्होंने बताया कि श्रीमती भोसले का पार्थिव शरीर लोगों के दर्शनार्थ कल सुबह 11 बजे उनके आवास पर रखा जायेगा और अपराह्न चार बजे शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। श्रीमती भोसले को शनिवार शाम छाती में संक्रमण और कमजोरी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पोती जनाई भोसले ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा था, ''मेरी दादी, आशा भोसले, बहुत कमजोरी और छाती में संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती हैं। हम आपसे उनकी निजता का सम्मान बनाए रखने की अपील करते हैं। पद्म विभूषण और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित पार्श्वगायिका भोसले 50, 60 और 70 के दशक के बॉलीवुड के संगीत के सुनहरे दौर की आखिरी जीवित हस्ती थीं। इस दौर में लता मंगेशकर, मोहम्मद रफ़ी, किशोर कुमार, मुकेश, मन्ना डे और खुद भोसले जैसी हस्तियां शामिल थीं। वह अपनी सुरीली आवाज़ और बहुमुखी प्रतिभा के लिए मशहूर थीं। उन्होंने फ़िल्मी संगीत, पॉप, ग़ज़ल, भजन, पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, क़व्वाली और रवींद्र संगीत जैसे कई अलग-अलग तरह के संगीत में अपनी कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने 20 से ज़्यादा भारतीय और विदेशी भाषाओं में गाने गाए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे एवं राहुल गांधी सहित विभिन्न दलों के नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने मशहूर गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है और कहा है कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी। श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आशा भोसले के निधन ने संगीत की दुनिया में एक खालीपन छोड़ दिया है। एक महान गायिका

# मंत्रिमंडल-संगठन पर बंद कमरे में वरिष्ठों से लिया फीडबैक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

### चर्चा

❒ भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े दो दिनी प्रवास पर पहुंचे, आज सीएम से मिलेंगे

❒ डिप्टी सीएम केशव व पाठक, पूर्व अध्यक्षों भूपेंद्र, शाही और रमापति सहित अन्य से मिले

❒ दोपहर में अचानक दिल्ली गए पंकज चौधरी, देर शाम होनी थी गृहमंत्री शाह से मुलाकात

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी में सरकार और संगठन से जुड़े अधूरे कार्यों को पूरा किए जाने की मुहिम तेज हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े रविवार को दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। उन्होंने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर दिनभर वरिष्ठ नेताओं से बंद कमरे में मुलाकात की। उनसे रायशुमारी के साथ ही सूबे की सियासत का जमीनी फीडबैक भी लिया।

वे सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे। उधर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी दोपहर में दिल्ली रवाना हो गए और उन्होंने देर शाम गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। योगी मंत्रिमंडल के विस्तार की चर्चाएं इन दिनों फिर तेज हैं। वहीं करीब तीन दर्जन आयोग- निगम, बोर्डों के खाली पदों को भरे जाने की कवायद भी बीते काफी दिनों से चल रही है। इसके अलावा प्रदेश संगठन की नई टीम भी बननी है। इन्हीं सबको लेकर इन दिनों पार्टी में सरगर्मियां तेज हैं। गत दिवस दिल्ली से लौटकर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। वहीं रविवार की सुबह फिर प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन ने बंद कमरे में चर्चा की। पूर्वाह्न करीब 11 बजे बाद राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े भी कार्यालय पहुंच गए। पहले वे

### योगी आदित्यनाथ ने सोनामुखी और नंदकुमार विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित रैलियों को किया सम्बोधित- बोले

# तुष्टीकरण नहीं, विकास और सुरक्षा चाहिए, पश्चिम बंगाल में परिवर्तन तय

एजेंसी



बांकुड़ा/पूर्व मेदिनीपुर। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य के बांकुड़ा और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए जनता से सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया।

योगी आदित्यनाथ ने सोनामुखी और नंदकुमार विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित रैलियों में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों, सोनामुखी से दिवाकर घरामी और नंदकुमार से निर्मल खांड़ा के समर्थन में प्रचार किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब विकास, सुरक्षा और सुशासन के लिए बदलाव चाहती है। अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य की जनता तुष्टीकरण की राजनीति को नकार चुकी है और अब विश्वास, सुरक्षा तथा समग्र विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रवाद की भूमि पश्चिम बंगाल में अब 'खेला' की राजनीति समाप्त होगी और विकास की नई शुरुआत होगी। उन्होंने तृणमूल कंग्रेस और वामपंथी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में प्रदेश में अराजकता, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को बढ़ावा मिला है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल भाजपा की डबल इंजन सरकार ही कर सकती है। सोनामुखी में जनसमर्थन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां की जनता का उत्साह इस बात का संकेत है कि राज्य में कमल खिलने वाला है। उन्होंने कहा कि लोग ऐसी सरकार चाहते हैं, जो आस्था, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दे।

उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वहां न कर्फ्यू, न दंगा की स्थिति है और माफिया व अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जहां भी होती है, वहां कानून-व्यवस्था मजबूत होती है और विकास के नए अवसर पैदा होते हैं। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में हाल ही में एक दलित हिंदू की हत्या का मुद्दा उठाते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता

### माफिया व गुंडों की पसली तोड़ता है बुलडोजर

सीएम ने टीएमसी मतलब तुष्टिकरण, माफियाराज व कट-मनी/करप्शन बताया। उन्होंने कहा कि टेरर व तुष्टिकरण, माफियाराज व कटमनी का जवाब केवल डबल इंजन की भाजपा सरकार दे सकती है। 2017 के पहले यूपी में इससे भी खराब सरकार थी। हर दूसरे दिन दंगा होता था। चारों ओर अराजकता, अव्यवस्था व दंगे होते थे। सत्ता के समानांतर माफिया की सरकार चलती थी। 2017 में यूपी में भाजपा सरकार बनने के बाद से न कर्फ्यू है, न दंगा है, अब सब चंगा है। माफिया व टेरर पर यूपी का बुलडोजर धड़धड़ाकर चलता है। बुलडोजर न केवल सड़क बनाता है, बल्कि माफियाओं और बेटी-बहन की इज्जत पर हाथ डालने वाले गुंडे की पसली भी तोड़ता है। बुलडोजर माफिया की संपत्ति को कब्जे में लेकर गरीबों के लिए मल्टीस्टोरी आवासीय सुविधा देने का काम भी करता है।

### हर घर पर भगवा लहराता दिखाई देगा

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में अब सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाती। मस्जिदों से शोरगुल नहीं होता। गोहत्या पर प्रतिबंध है। यूपी में अब लव जेहाद-लैंड जेहाद नहीं है। वह रामराज्य की स्थापना भूमि है। कांग्रेस, टीएमसी, सपा व राजद ने राम मंदिर का विरोध किया, लेकिन रामभक्तों के कारण अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया। जिस दिन 145 करोड़ का भारत मोदी जी की आवाज में आवाज मिलाकर चलेगा, भारत विरोधी ताकतों के हौसले पस्त हो जाएंगे और हर घर पर भगवा लहराता दिखाई देगा।

# 24 साल बाद विधानसभा पहुंचे राजनाथ, नवाचारों की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे। उनके आगमन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। करीब 24 वर्षों बाद विधानसभा पहुंचे राजनाथ सिंह ने यहां किए गए आधुनिकीकरण और व्यवस्थाओं की सराहना की।

दोपहर करीब 12 बजे विधानसभा पहुंचे रक्षा मंत्री ने सबसे पहले डिजिटल गैलरी का अवलोकन किया। यहां उन्होंने विधानसभा के गौरवशाली इतिहास पर आधारित एक विशेष फिल्म देखी, जिसमें प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपरा, ऐतिहासिक फैसलों और विधायी यात्रा को दर्शाया गया है। उन्होंने इसे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि ऐसे नवाचारों से विधायी कार्यों में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

इसके बाद राजनाथ सिंह ने विधानसभा परिसर में विकसित विभिन्न आधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने हेलिकॉप्टर अनुभव, आधुनिक गलियारों, समिति कक्ष, टंडन हाल, सुसज्जित दर्शक दीर्घा और मंडप कक्ष का अवलोकन किया। साथ ही गैलरी में प्रदर्शित महापुरुषों के चित्र, नवीनीकृत मीडिया कक्ष और ऐतिहासिक भित्ति चित्रों को भी देखा।

उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं से विधानसभा की गरिमा और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही उन्होंने परिसर के भव्य प्रवेश द्वार और समग्र सुदृढ़ एवं आकर्षक स्वरूप की भी प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के साथ एक डिजिटल सेल्फी भी ली।

कार्यक्रम के अंत में रक्षा मंत्री को विधानसभा के महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन पर आधारित एक विशेष पुस्तक भेंट की गई। उन्होंने इसे उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। राजनाथ सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से विधानसभा में परंपरा और आधुनिकता का उत्कृष्ट समन्वय स्थापित हुआ है, जो जनहितकारी विधायी कार्यों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में विकसित हो रहा है।

# सीवर जाम से नरक जैसी स्थिति, कांशीराम कॉलोनी के लोग परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम जोन-6 के अंतर्गत आने वाले सदरौना क्षेत्र स्थित काशीराम कॉलोनी फ़ेस-2 में बीते कई वर्षों से सीवर जाम की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि कॉलोनी के कई हिस्सों में सड़कों पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, 4 वर्षों से अधिक समय से सीवर लाइन पूरी तरह चोक पड़ी है। लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि स्थानीय पार्षद से लेकर विधायक तक से इस समस्या की शिकायत की जा चुकी है। नगर निगम में भी कई बार शिकायत करने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद नगर निगम की टीम कभी-कभी मौके पर आती जरूर है, लेकिन केवल औपचारिकता निभाते हुए मशीनों से सड़क पर भरे पानी को निकालकर चली जाती है। महज़ एक-दो दिन में फिर से वही स्थिति बन जाती है। मौके पर मौजूद हालात बेहद चिंताजनक हैं। सड़कों पर जमा गंदा पानी बदबू फैला रहा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक साबित हो रही है। स्थानीय निवासी श्रद्धा अवस्थी ने बताया कि वर्षों से बनी इस समस्या के कारण बच्चे सही से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बच्ची एक बार इस जलभराव में गिर गई थी। इसी कारण उनकी माता भी फिसल कर गिर गईं, जिससे उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया। उन्होंने कहा कि इस समस्या के कारण लोग घरों से बाहर निकलने में भी असमर्थ हैं और मच्छरों व बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर निगम के संबंधित अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। कॉलोनी वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सीवर लाइन की सही तरीके से सफाई और मरम्मत कराई जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से स्थायी राहत मिल सके। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

## सपा के संस्थापक सदस्य नेताजी के करीबी वयोवृद्ध गुलाब सिंह यादव का निधन

**काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व नेताजी मुलायम सिंह यादव के अति करीबियों में सुमार जीपीओ से सेवानिवृत्त वयोवृद्ध नेता गुलाब सिंह यादव उम्र 87 के अंतिम दर्शन के लिए पिपरा घाट पर जन सैलाब उमड़ा,जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रजनीश सिंह यादव के पिता समाजसेवी गुलाब सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक जताया है।अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।,सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत,मलिहाबाद निवर्तमान प्रत्याशी सोनू कनौजिया,पूर्व पार्षद मोनू कनौजिया,सनी कुमार कनौजिया,पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत यादव,व्यापारी नेता मनोज मनोचा, राष्ट्रीय सचिव आदर्श सिंह सहित अन्य समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अंतिम दर्शनकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज। थाना क्षेत्र के मऊ गांव में रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब एक 36 वर्षीय विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना डायल-112 के माध्यम से पुलिस को दोपहर करीब 2 बजे मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी।मृतका की पहचान सरिता सैनी पत्नी जीतू सैनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सरिता अपने घर में छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। घटना के समय घर पर उसके पति जीतू सैनी, सास दिनेश कुमारी समेत गांव के अन्य लोग मौजूद थे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। परिजनों को सांस चलने की आशंका होने पर तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतका के पिता राम सुमिरन और भाई हेमराज, निवासी तेलीबाग पीजीआई, लखनऊ की मौजूदगी में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका का पति ऑटो चालक है और शादी के करीब आठ वर्ष बीत जाने के बावजूद दंपत्ति को संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ था। इसी बात को लेकर सरिता मानसिक रूप से काफी परेशान रहती थी, जिसकी वजह से उसने यह आत्मघाती कदम उठाया हो सकता है। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि, मामले की गहन जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। यदि कोई अन्य तथ्य सामने आते हैं तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी गोसाईगंज मण्डल का दो दिवसीय पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 संपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति के बारे में बताने के उद्देश्य से आयोजित किये गए दो दिवसीय पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 का समापन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा किसान मोर्चा लखनऊ के अध्यक्ष अतुल मिश्रा वरिष्ठ नेता संजय सिंह जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत जिला उपाध्यक्ष के के अवस्थी व राजकुमार वर्मा तथा आईटी से रवि द्विवेदी ने अपने अपने वक्तव्य दिये।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष गोसाईगंज शिव कुमार रावत ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा डिम्पल जिलाउपाध्यक्ष हंसराज रावत विधानसभा संयोजक शम्भू नाथ पाण्डेय भाजपा अनुसूचित मोर्चा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष बीरेंद्र रावत वरिष्ठ भाजपा नेत्री सरला वर्मा प्रेम चन्द्र गुप्ता सुनील गुप्ता सज्जन रावत दिनेश साहू प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र रावत जीतू सन्तोष कुमार मंजू सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।


## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर कल निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार, 14 अप्रैल को लखनऊ उत्तर विधानसभा के फैजुल्लागंज क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाल महिला सेवा संगठन एवं समाजवादी पार्टी, लखनऊ उत्तर के संयुक्त तत्वावधान में शाम 5 बजे बाल महिला सेवा संगठन कार्यालय से शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा का शुभारंभ समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लखनऊ उत्तर की प्रभारी पूजा शुक्ला करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल महिला सेवा संगठन की अध्यक्ष, समाजवादी ममता त्रिपाठी करेंगी।

# एसएचओ का विरोध, कहा रिश्वतखोर

- सुशांत गोल्फ सिटी सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय के समक्ष 17 अप्रैल से शुरु होगा धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के रहमतनगर गांव संपन्न हुई भकियू अंबाता की ओर से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एस एच ओ दिलेश सिंह का जमकर विरोध किया गया। सभी वक्ताओं की ओर से इंस्पेक्टर को रिश्वत खोर की संज्ञा देते हुए उनकी बर्खास्तगी की मांगकी गई साथ ही पुलिस की मनमानी के विरोध में 17 अप्रैल 2026? को सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की भी बात कही गई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के आयोजक प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश ( मध्य) सुनील कुमार के अनुसार उनकी ओर से पुलिस आयुक्त को दिए गए 5 सूत्रीय ज्ञापन में स्थानीय पुलिस पर भू माफियाओं से मिलकर क्षेत्र के निर्धन किसानों को प्रताड़ित किए जाने की बात कही गई है। भाकियू नेता के अनुसार क्षेत्र के गांव बस्तौली निवासी दिलीप कुमार पुत्र स्व शिवपाल की भूमि पर भू माफिया गौरव सिंह और उसके साथियों ने 27 मार्च कब्जा कर लिया। इस मामले में पीड़ित किसान और उसके साथियों को पुलिस स्टेशन 6 घंटे बैठाए रखा। भाकियू नेता के अनुसार इंस्पेक्टर की ओर किसान को धमकी दी गई थी कि यदि वह अपनी जमीन नहीं बेचेगा तो उसके पुत्र के पैर में गोली मार कर उसे विकलांग बना दिया जाएगा। किसान नेता के मुताबिक इंस्पेक्टर की धमकियों के बाद भी किसान अपनी जमीन भू माफियों को देने के लिए राजी नहीं हुआ तो किसान दिलीप और उसके बेटे और उसके आकाश के विरुद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज करने का काम किया गया। इसी प्रकार 15 मार्च को गांव गंगागंज निवासी रवि जायसवाल पुत्र जगजीवन के साथ हुई लुट की घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। भाकियू नेता ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सलेमपुर की गाटा संख्या 2296 ख के मामले में राजस्व कर्मियों की ओर से की गई अनियमितता के मामले में सुनील कुमार की ओर 3 अप्रैल को दिए गए प्रार्थना पत्र को भी नजर अंदाज कर दिया गया। रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई।

किसान नेता सुनील ने कहा कि ग्राम कोडरा मजरा सेखनापुर के धर्मेन्द्र यादव का फर्जी तरीके से चालान कर दिया गया।यह काम इंस्पेक्टर और उनके सहयोगी प्रभात शुक्ला द्वारा पीड़ित के विरोधी को लाभ पहुंचाने की नियत से किया गया। भाकियू नेता के अनुसार इस मामले में पुलिस कर्मियों द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत ली गई है। ग्राम पंचायत सलेमपुर के मजरा लोधपुरवा की निवासी सुकांती रावत पत्नी चंद्र मोहन की भी बात कोतवाली पर नहीं सुनी गई थी।

# फर्जी टीबी बताकर सात लाख की ठगी!

- गलत इलाज से आंखों की रोशनी पर असर
- निजी अस्पताल व डॉक्टर पर गंभीर आरोप, पीड़ित ने रसीदों के साथ सीएमओ से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ।बख्शी का तालाब क्षेत्र में एक निजी अस्पताल पर फर्जी बीमारी बताकर लाखों रुपये वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सीतापुर रोड स्थित सरैया मोड़ निवासी संजय सिंह (49) ने सीएमओ समेत बीकेटी थाने में तहरीर देकर पारसनाथ हॉस्पिटल व वहां के डॉक्टर पर धोखाधड़ी और गलत इलाज का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, 7 दिसंबर 2025 को वह तबीयत खराब होने पर पारसनाथ हॉस्पिटल पहुंचे थे, जहां डॉक्टर पी.एस. यादव ने जांच के बाद उन्हें टीबी की बीमारी बताकर तत्काल भर्ती कर लिया। अस्पताल में करीब पांच दिन तक उनका इलाज चलता रहा और इस दौरान उनसे लगातार भारी-भरकम खर्च लिया गया। संजय सिंह का कहना है कि 16 दिसंबर को उन्हें दोबारा अस्पताल बुलाया गया, लेकिन संदेह होने पर उन्होंने अन्य चिकित्सक से जांच कराई। दूसरी जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि उन्हें टीबी जैसी कोई बीमारी नहीं है, जिससे पूरे मामले में फर्जीवाड़े की आशंका गहरा गई। पीड़ित का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने झूठी बीमारी का डर दिखाकर उनसे करीब 7 लाख रुपये वसूल लिए। उन्होंने बताया कि इलाज से जुड़ी सभी रसीदें उनके पास सुरक्षित हैं, जिन्हें उन्होंने पुलिस को सौंपने की बात कही है। गंभीर बात यह है कि कथित गलत इलाज के चलते उनकी आंखों की रोशनी पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है, तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संजीत पासी को आजाद समाज पार्टी का युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरदोई। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व एम एल सी सुनील कुमार चितौड़ के दिशा निर्देश पर, आजाद समाज पार्टी कांशीराम लखनऊ मंडल संयोजक प्रभारी विनोद कुमार गौतम ने संजीत पासी को हरदोई जिला का आजाद समाज पार्टी कांशीराम युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है संजीत पासी ने बताया वह भारत संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी और कंशीराम जी के साथ साथ अन्य बहुजन महापुरुषों के विचारों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। और उन्होंने कहा आने वाले समय में हरदोई जिले में सभी आठों विधान सभा क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी कांशीराम की जीत हासिल करेंगे, आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को 2027 में मुख्यमंत्री बनेंगे, आज के समय संपूर्ण देश में बहुजन समाज की आवाज उठा रहे चंद्र शेखर आजाद, को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनते ही शोषित पीड़ित गरीब पिछड़ों का सपना साकार होगा सबको न्याय भय मुक्त समाज की स्थापना होगी। पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार मचा हुआ है।

# लेखपाल-कानूनगो की मनमानी से जनता परेशान

## तहसील में लंबित मामले ,वादकारी लगा रहे चक्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कोरांव), प्रयागराज। कोरांव तहसील में लेखपाल और कानूनगो की कथित मनमानी से आम जनता परेशान है। अधिकारियों के निर्देश के बावजूद, कई महत्वपूर्ण मामलों में रिपोर्ट और निस्तारण न होने के कारण वादकारी लगातार तहसील के चक्कर लगा रहे हैं।

उच्चाधिकारियों ने लेखपालों और कानूनगो को गांवों में जाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने का निर्देश दिया है। हालांकि, कुछ लेखपाल न तो गांव जाते हैं और न ही तहसील में उपस्थित रहते हैं। आरोप है कि कुछ लेखपाल बाजार के चौराहों या अन्य जगहों से तस्वीरें खींचकर अधिकारियों को गलत रिपोर्ट देकर गुमराह कर रहे हैं। मंगलवार, शुक्रवार और तहसील दिवस शनिवार को भी हल्का लेखपाल और कानूनगो तहसील में मौजूद नहीं रहते। इस कारण धारा 38 (1), वरासत, धारा 24, खसरा, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र जैसे मामलों में रिपोर्ट और आख्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसके अतिरिक्त, धारा 116 ( कुर्रा फाट) से संबंधित लेखपाल की रिपोर्ट एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है, जिससे कई मामले लंबित पड़े हैं। कृषि बीमा दुर्घटना की फाइलें भी कानूनगो और लेखपाल के पास रिपोर्ट के लिए लंबित हैं, जिसके कारण प्रभावितों को समय पर मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। तहसीलदार के ढुलमुल रवैये के कारण कानूनगो लेखपाल निरंकुश हो गए हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। एसडीएम भी तहसील में पूरा समय नहीं दे रहे हैं। वर्तमान में कोरांव तहसील की स्थिति संतोषजनक न होने के कारण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## भाजपा के पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर का लखनऊ के मैक्स हास्पिटल में निधन

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के नेता व घोसी के पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर का रविवार को लखनऊ के मैक्स हास्पिटल में निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। शनिवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने मैक्स अस्पताल पहुँचकर उनके अंतिम दर्शन किए और परिजनों को ढ़ांढस बंधाया। हरिनारायण राजभर पूर्वांचल के पुराने भाजपा नेताओं में थे। वह एक बार सांसद,दो बार विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के करीबी थे।

# वार्षिकोत्सव का आयोजन

## केदार ज्योति के पंचम संस्करण का विमोचन किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। गढ़वाली आपसी भाईचारा समिति (पंजीकृत) लखनऊ द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन ज्ञान सरोवर विद्यालय, वृन्दावन योजना लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों को सम्मानित किया गया और समिति की स्मारिका ''केदार ज्योति के पंचम संस्करण का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अल्का बहुगुणा ढौंडियाल, निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी उत्तर प्रदेश एवं अतिविशिष्ट अतिथि डॉ0 जनार्दन प्रसाद घिल्डियाल, प्रोफ़ेसर, सर्जरी विभाग, हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेज व विशिष्ट अतिथि डॉ0 विक्रम सिंह नेगी पूर्व एनेस्थेटिस्ट फातिमा हॉस्पिटल, लखनऊ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी एवं पदाधिकारियो द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम में समाज के वयोवद्ध सदस्यों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गढ़वाल के कई लोक नृत्य एवं लोक गायनों की प्रस्तुति दी गयी जिसका शुभारम्भ रिंकी भट्ट के मांगल गीत देणा हुयाँ खोली का गणेशा से हुआ। मंच का संचालन जे0 पी0 डिमरी जी द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत सामूहिक नृत्य में निलमथा से सुनीता नेगी टीम द्वारा थड़िया चौफुला, किरन रावत टीम द्वारा लोक नृत्य, भलु लगदु मेरू मुल्क स्वाणु रे. विकास नगर, श्रीमती त्रिलोचनी रावत टीम द्वारा गढ़वाली लोक नृत्य, गोमती नगर, दमयन्ती नेगी टीम द्वारा नाटिका माधो सिंह भण्डारी की वीरगाथा, पीजीआई से प्रेम सिंह बिष्ट व रेनू शर्मा टीम द्वारा होली का त्यौहार बरसाने की छोरी, पिंकी नौटियाल व सृष्टि नौटियाल, टीम द्वारा माता नंदा संनंदा राज जात यात्रा चिनहट क्षेत्र से कान्ती देवी बिष्ट व सुनीता रावत टीम द्वारा लोक नृत्य किगारी का झाला. हयूं चली डांडियू की चली लोक नृत्य, लोक गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। एकल गानों में देवेन्द्र सिंह सूरज नेगी, अनीता चौहान, सलोचना नेगी, हेमा पांचाल, आरूषि रावत अनय बिष्ट, अविका सिंह, सानवी रावत, सविता रावत एवं सुभांगी रावत द्वारा उठ लाडुती घाम हलगी में लोक नृत्य एवं लोक गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। दिनेश तिवारी द्वारा स्वास्थ्य के लिय ताली बजाने के सिद्वान्त पर योग कार्यक्रम दिया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारीगण सदस्यगण क्षत्रीय प्रभारीगण आए भारी संख्या में मातृशक्ति आदि उपस्थित रहे।

# सरोजनी नगर विधानसभा बन रही विश्वस्तरीय खेलों का उभरता केंद्र: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच आज एकाना स्टेडियम में खेला गया मुकाबला उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना का अद्भुत संगम रहा। दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम और रोमांचक माहौल ने इस मैच को एक यादगार अनुभव बना दिया।

उन्होंने कहा कि लखनऊ तेजी से विश्वस्तरीय खेल आयोजनों का केंद्र बन रहा है, जो न केवल शहर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस तरह के आयोजन युवाओं को प्रेरित करते हैं और खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों के समर्पण और प्रदर्शन को देखना भावुक करने वाला क्षण था, जो यह विश्वास दिलाता है कि सरोजिनी नगर में जमीनी स्तर पर तैयार की जा रही युवा प्रतिभाएं भी एक दिन इसी मंच पर देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि सरोजिनी नगर विधानसभा में क्रिकेट सहित सभी खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि हर स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले से नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आएं। इस अवसर पर राजीव शुक्ला, प्रमोद तिवारी, संजीव गोयनका, तजिंदर पाल सिंह बिट्टू, उदय सिन्हा, रामेश्वर सिंह एवं आरपी सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. राजेश्वर सिंह ने लखनऊ सुपर जायंट्स टीम को आईपीएल के इस सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल प्रदर्शन की कामना की।

# व्यापारियों की समस्याओं पर रक्षा मंत्री से मिला आदर्श व्यापार मंडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा गोमती नगर विवेक खंड एवं तेलीबाग बाजार के सैकड़ो व्यापारियों को उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा के अंतर्गत कार्रवाई किए जाने की नोटिस दिए जाने का मुद्दा लखनऊ के सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने मजबूती से उठाया

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में गोमती नगर विवेक खंड एवं तेलीबाग मार्केट के व्यापारियों का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लखनऊ के सांसद एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मिला समस्या व्यापार नेता संजय गुप्ता ने श्री राजनाथ सिंह जी को गोमती नगर विवेक खंड एवं तेलीबाग बाजारों में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सालों साल पुराने व्यापारियों को नोटिस देकर उनसे भवन का नक्शा मांगने तथा सीलिंग की कार्रवाई की नोटिस दिए जाने का विषय रखा तथा राजनाथ सिंह को ज्ञापन सौपा। तथा उन्हें लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सालों साल पुराने भवनों से मानचित्र की मांग किए जाने एवं सीलिंग की कार्रवाई की नोटिस दिये जाने की जानकारी दी। व्यापारियों ने बताया अनेक भवन 50 साल पहले के बने हुए हैं ,कुछ भवन 30- 40 साल पहले के बने हुए हैं, कुछ भवन 15 साल पहले के बने हुए हैं ऐसे में सालो साल पुराने भवनों से मानचित्र मांगने का कोई औचित्य नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा जिस समय यह भवन बन रहे थे उस समय लखनऊ विकास प्राधिकरण विभाग एवं विभाग के अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया उसी समय विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए थी लेकिन अब जब व्यापारियों ने इन भवनों में अपनी दुकान खरीद ली है और अपना व्यापार करके जीविकोपार्जन कर रहे हैं ऐसे में व्यापारियों को सीलिंग का नोटिस देना अन्यायपूर्ण है

प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने अपने ज्ञापन में कहा जो बाजारे स्वाभाविक रूप से जनता की आवश्यकता अनुसार 90% से अधिक व्यवसायिक प्रयोग में आ रही है उन बाजारों को सरकार को स्वयं मार्केट स्ट्रीट घोषित करना चाहिए लखनऊ की गोमती नगर विवेक खंड , तेलीबाग मार्केट , कपूरथला, पत्रकारपुरम ,सीतापुर रोड इन बाजारों को भी मार्केट स्ट्रीट घोषित किया जाना चाहिए। तथा जिस प्रकार से अनेक कालोनियों को नियमित किया जाता है उसी प्रकार से 15 साल से अधिक बने हुए पुराने भवनों को भी नियमित किया जाना चाहिए तथा जोनल प्लान और मास्टर प्लान में भी बदलाव कर गोमती नगर विवेक खंड , पत्रकारपुरम ,तेलीबाग कपूरथला मार्केट को मार्केट स्ट्रीट के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

# स्थायी मान्यता मिलने पर खुशी की लहर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ।मोहनलालगंज क्षेत्र के डीएलएफ गार्डन सिटी स्थित लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई से कक्षा 12वीं तक की स्थायी संबद्धता प्राप्त कर ली है। बोर्ड द्वारा विद्यालय को सम्बद्धता संख्या 2134782 आवंटित की गई है। इस मान्यता के मिलने के बाद अब विद्यालय में कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश का रास्ता भी पूरी तरह खुल गया है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी।विद्यालय को मिली इस उपलब्धि से अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। लंबे समय से क्षेत्र में उच्च कक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब यह स्कूल पूरा करता नजर आ रहा है।

लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेज समूह के लिए यह साल दोहरी खुशियां लेकर आया है। संस्थान के पूर्व छात्रों ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं—यूपीएससी और पीसीएस में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। माधोगंज शाखा के छात्र योगेंद्र कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी परीक्षा में 286वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं लखीमपुर खीरी के सचिन वर्मा ने यूपीएससी और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पीसीएस दोनों परीक्षाओं में सफलता हासिल की है।इसके अलावा संस्थान के कुल 8 छात्रों का चयन पीसीएस परीक्षा में हुआ है, जिनमें अभय कुमार, अभिषेक दीक्षित, निधि वर्मा, संदीप सिंह, अमित कुमार और प्रिया गुप्ता प्रमुख हैं।आधुनिक सुविधाओं और नवाचार पर विशेष जोरविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, संस्थान में 'कॉम्पिटेंसी-बेस्ड और 'स्किल-बेस्ड' कौशल आधारित शिक्षा प्रणाली को प्राथमिकता दी जा रही है। छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए परिसर में आधुनिक कक्षाएं, डिजिटल लर्निंग सुविधाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की व्यापक व्यवस्था की गई है।विद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि पर सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल शैक्षणिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को एक जिम्मेदार, जागरूक और नैतिक नागरिक बनाना भी है।प्रबंधन ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और क्षेत्र के छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करता रहेगा।

## चिनहट में कूड़ा डंपिंग की समस्या गंभीर, जिम्मेदार बेपरवाह



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र में कूड़ा डंपिंग की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। पैराडाइज बेबी स्कूल के सामने लंबे समय से कूड़े का ढेर लगा हुआ है, जिसे अब तक साफ नहीं कराया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय पार्षद को उक्त समस्या की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हालात यह हैं कि हवा के कारण कूड़ा उड़कर आसपास के घरों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कूड़े के साथ-साथ सीवर से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़क पर बह रहा है, जिससे राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। दुर्गंध और गंदगी के कारण क्षेत्र में रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर मौन साधे हुए हैं और प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

## सूने घर को बनाया निशाना, ग्रिल काटकर लाखों की चोरी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाश घर की खिड़की का ग्रिल काटकर अंदर घुसे और लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पीड़ित विनीत पटेल, निवासी गुलमोहर ग्रीन (मल्हौर) चिनहट, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने कार्य के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते हैं। हाल ही में उन्होंने 1 अप्रैल 2026 को गोमती नगर विस्तार सेक्टर-1 में एक फ्लैट लिया था, जहां वह रह रहे थे और बीच-बीच में पुराने घर आते-जाते थे। पीड़ित के अनुसार, वह 5 अप्रैल को अपने चिनहट स्थित आवास पर गए थे। इसके बाद 9 अप्रैल की शाम करीब 8 बजे जब वह दोबारा घर पहुंचे तो घर का ताला सही था, लेकिन अंदर का नजारा देख दंग रह गए। चोरों ने किचन की खिड़की का ग्रिल काटकर घर में प्रवेश किया और कीमती बर्तन, कपड़े, ब्रांडेड टोंटी , चांदी के सिक्के समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक से मारपीट, मोबाइल तोड़ा, जान से मारने की धमकी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित धर्मवीर रावत ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उसे रास्ते में रोककर जमकर पीटा, उसका मोबाइल तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धर्मवीर रावत, निवासी कौशल विहार कॉलोनी (सहजपुर मटियारी), चिनहट, मजदूरी का कार्य करते हैं। वह स्थानीय निवासी बबलू यादव के यहां काम करते थे। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने कुछ दिनों तक काम किया, लेकिन एक दिन काम पर नहीं जा सके, इसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी विवाद के चलते बबलू यादव, कारिगर, आकाश यादव और एक अन्य युवक ने मिलकर धर्मवीर को चिनहट तिराहे के पास ईदगाह के नजदीक रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसकी बाइक (फैशन प्रो, काले रंग) को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसका करीब 15 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। साथ ही दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अखिल ज्योत कार्यक्रम की शुरुआत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी ग्रुप के संस्थापक डॉ अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्य तिथि के अवसर पर बीबीडी यूनिर्वसिटी में आयोजित अखिल ज्योत कार्यक्रम की शुरुआत डॉ अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि से हुई। इस अवसर पर बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास एवं देवांशी दास समेत अन्य ने पुष्प अर्पित कर भाव भीनी श्रद्घाजंलि अर्पित की। इसी क्रम में एनसीसी के कैडेट्स द्वारा क्लॉथस डोनेशन बैंक बीबीडी जनर्सिटी जंक्शन द्वारा किया गया, एनएसएस छात्रों द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 100 लोगो ने ब्लड डोनेट किया।

## फरार वारंटी अभियुक्त धराया, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नगराम पुलिस ने वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देश एवं उच्च अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में अंजाम दी गई। गिरफ्तार अभियुक्त प्रदीप उर्फ माइकल, निवासी ग्राम करौरा, थाना नगराम, काफी समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ धारा 380/411 आईपीसी के तहत मामला दर्ज था और न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। इसी क्रम में रविवार को थाना नगराम पुलिस टीम ने अभियुक्त के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शंखनाद और जयघोष के बीच निकली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को फैजुल्लागंज क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया, जब ब्राह्मण समाज बड़ी संख्या में एकत्रित हुआ। बाल महिला सेवा संगठन एवं ब्राह्मण परिवार लखनऊ (भारत) रजि. के संयुक्त तत्वावधान में केशव नगर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से श्री संकट हरण मंदिर से चिरंजीवी परशुराम मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शंखनाद, घंटा-घड़ियाल और 'जय श्री परशुराम' के गगनभेदी जयघोष के बीच सैकड़ों श्रद्घालु, मातृशक्ति और युवा शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरा मार्ग भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा शुक्ला ने किया। उन्होंने ब्राह्मण परिवार की अध्यक्ष (उत्तर विधानसभा) ममता त्रिपाठी और प्रदेश महासचिव राकेश पाण्डेय के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूजा शुक्ला ने कहा कि भगवान परशुराम शौर्य, तप और धर्म-रक्षा के प्रतीक हैं। उनका जीवन समाज को अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है।

# सिक्ख समाज की जनगणना एवं जागरूकता अभियान का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सिक्ख समाज की सटीक जनगणना एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को होटल गुरवीर रॉयल में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया। जिससे पूरे प्रदेश भर में सिक्ख समाज के लोगों की गणना की जाएगी।

इस अवसर पर भारतीय सिक्ख संगठन के अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह ने सिक्ख समाज की वास्तविक जनसंख्या के आंकड़ों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सटीक जनगणना से समाज के विकास, अधिकारों की रक्षा तथा सरकारी योजनाओं के बेहतर लाभ सुनिश्चित किए जा सकते हैं। सिक्खी मेरी पहचान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार लखविंदर पाल सिंह ने जागरूकता अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों के प्रति सजग करने का संदेश दिया गया।

अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह डी पी ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल समाज को एकजुट करने, युवाओं को अपनी विरासत से जोड़ने और भविष्य के लिए एक सशक्त आधार तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संस्था के उपाध्यक्ष सरदार रणबीर सिंह कलसी ने सिक्ख समुदाय के लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में संगठन के कुलवीर सिंह सोढ़ी, कुलवंत सिंह,मनमोहन सिंह मोनी, जसपाल सिंह,मुनमुन सिंह,जसकरन सिंह,सुदीप सिंह,सिमरन सिंह,निरवेर सिंह,ओंकार सिंह पनेसर , सुरिन्दरपाल सिंह, तेजपाल सिंह बगगा,सोनू घई, भूपेन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह राजा, मलकीत सिंह,हरजीत सिंह सोखी, मनप्रीत सिंह , जसपाल सिंह लकी, मान सिंह पनेसर, सरबजीत सिंह वालिया, सरबजीत सिंह लवली, हरजीत सिंह,राजिंदर सिंह बगगा एंव समाज के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने इस अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने का संकल्प लिया।

# गूंजी कर्मचारियों की आवाज नियमितीकरण की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी कर्मचारी संघ द्वारा रविवार को प्रदेश स्तरीय होली मिलन समारोह एवं कर्मचारी सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन चिनहट के एमएलये गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के कई जिलों से कर्मचारियों ने भाग लेकर एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रागिनी सोनकर (मछलीशहर, जौनपुर की विधायक) सहित कई जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया तथा उनके योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम के दौरान संघ पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि पिछले 25 वर्षों से एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यरत कर्मचारियों को अब तक स्थायी सेवा का लाभ नहीं मिल सका है, जबकि वे निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संघ ने सरकार से मांग की कि कर्मचारियों को शीघ्र नियमित किया जाए और उन्हें अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह वेतन व सुविधाएं प्रदान की जाएं। वक्ताओं ने कहा कि अस्थायी व्यवस्था में कार्य कर रहे कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित है, जिस पर जल्द ठोस निर्णय लिया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में संघ पदाधिकारियों ने सरकार से कर्मचारियों के हित में शीघ्र निर्णय लेने की अपील की और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री नरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, मुख्य सलाहकार डॉ. राजेश मिश्रा, प्रदेश प्रभारी विश्वजीत ओझा, उपमहामंत्री अजय साहू, प्रवक्ता अजय सिंह, संगठन मंत्री ममता सिंह, अर्चना उपाध्याय, कार्यक्रम उद्घोषक ज्योत्सना गुप्ता सहित प्रदेश कार्यकारिणी, विभिन्न जनपदों के जिलाध्यक्ष एवं लगभग 1000 कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने एक महिला के घर में घुसकर न सिर्फ मारपीट की, बल्कि उसके साथ छेड़छाड़ तक कर डाली। हैरानी की बात यह है कि घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना जरूरी नहीं समझा है।

पीड़िता के मुताबिक, 7 अप्रैल की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर पर थी। तभी गांव के दिलीप मौर्या, अंकित मौर्या और सोनू मौर्या अपने साथियों के साथ जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए महिला पर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी ननद और नाबालिग बेटे को भी बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया गया। महिला का आरोप है कि मुख्य आरोपी दिलीप मौर्या ने मारपीट के दौरान उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। पीड़िता के अनुसार, आरोपी शराब का आदी है और पिछले कई दिनों से उस पर गलत नजर रखे हुए था तथा आए दिन अशोभनीय टिप्पणियां करता था। घटना के बाद पीड़िता ने तत्काल थाने में तहरीर दी, लेकिन छह दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पीड़िता का कहना है कि वह न्याय के लिए रोज थाने के चक्कर लगा रही है, मगर उसे सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।इस पूरे मामले ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह डीसीपी समेत उच्च अधिकारियों के दरवाजे खटखटाएगी।स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर आक्रोश है और वे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं,पुलिस दो पक्षों में मारपीट का मामला बता रही है पुलिस का कहना है कि दूसरे पक्ष के एक युवक के आंख में गम्भीर चोटे आई है।

# विधायक चौराहे पर जाम के झाम से जनता परेशान, जिम्मेदार अंजान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। चिनहट क्षेत्र में इन दिनों जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। खासकर बाजार के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। रविवार को विधायक चौराहे पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां लोग घंटों जाम में फंसे नजर आए।

जाम के बीच एक हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई। चिनहट थाने की पुलिस गाड़ी भी जाम में फंसी हुई थी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी गाड़ी से उतरकर रास्ता साफ कराने लगा, लोगों को लगा कि अब उन्हें जाम से निजात मिलेगी पर तस्वीर इसकी उल्टी नजर आई द्य जैसे ही पुलिस की गाड़ी को निकलने का रास्ता मिला, वह मौके से आगे बढ़ गई।

तस्वीरों मे देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मी ने आम जनता को जाम से निकालने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया और अपनी गाड़ी निकालने के बाद लोगों को उसी हाल में छोड़ दिया। इससे जाम में फंसे लोगों में नाराजगी देखी गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह जाम को सुचारु रूप से खुलवाए, लेकिन इस तरह का रवैया जनता के बीच असंतोष पैदा कर रहा है।

# रैली निकालकर बाबा साहब को किया याद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती से दो दिन पहले पारख महासंघ के तत्वाधान में एक भव्य कार व बाइक रैली निकाली गई। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और पारख महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर तथा मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल के नेतृत्व में रविवार सुबह सात बजे यह रैली करीब तीन सौ गाड़ियों के काफिले के साथ शुरू हुई।

रैली का शुभारंभ दुबग्गा स्थित जगर्स पार्क से हुआ। इस दौरान मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। यात्रा का पहला स्वागत जेहटा चौराहे पर हुआ, जहां उपस्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर और विधायक जय देवी कौशल ने माल्यार्पण किया।रैली माल, गहदों, ससपन, रहीमाबाद, भतोइया, गौन्दा, खड़ौहा, पहाड़पुर अटौरा, पुरवा बहरु होते हुए काकोरी ब्लॉक के झाखरबाग में समाप्त हुई।इस दौरान पूरी विधानसभा में ग्रामीणों ने 40 स्थानों पर रैली का स्वागत किया गया। साथ ही रुट चार्ट पर स्थापित बाबा साहब की मूर्तियों पर माल्यार्पण भी किया गया। रैली में पारख महासंघ के लाल झंडे और बाबा साहब के चित्र वाले नीले झंडे लहराते दिखे। पूरे मार्ग में समानता, न्याय और बाबा साहब के सिद्धांतों का संदेश दिया गया। रैली में शामिल लोगों ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों समानता, भाईचारा और सामाजिक न्याय को मजबूत करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम बाबा साहब की 135वीं जयंती की तैयारी के रूप में आयोजित किया गया था। इस दौरान कौशल किशोर ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के दो दिन पूर्व इस विशाल रैली में मलिहाबाद विधानसभा के लोग एकत्र हुए हैं। क्योंकि आगामी 14 अप्रैल तक लगातार ऐसे की कार्यक्रमों की तैयारी है।उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने हमें सिखाया कि समानता सिर्फ शब्द नहीं, जीवन का आधार है। उन्होंने कहा था मैं ऐसे समाज का सपना देखता हूं जहां कोई ऊंच-नीच न हो, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान मिले। इस रैली के माध्यम से हम उसी सपने को आगे बढ़ा रहे हैं। पारख महासंघ के लाल और नीले झंडों के साथ हम पूरे मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में यह संदेश दे रहे हैं कि जाति, धर्म या वर्ग से ऊपर उठकर हम सब एक हैं। बाबा साहब ने संविधान बनाकर हमें लोकतंत्र की मजबूत नींव दी। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उस संविधान की भावना को जिंदा रखें शिक्षा लें।

# गोसाईगंज के सीडीपीओ बने संघ के प्रदेश अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश बाल विकास परियोजना अधिकारी संघ के पुनर्गठन के लिए शनिवार को हजरतगंज स्थित उद्यान विभाग के सभागार में प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें अंतरिम कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए उपस्थित तथा अन्य परियोजना अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन मतदान किया गया। अधिवेशन के दौरान राजधानी के गोसाईगंज विकासखंड के परियोजना अधिकारी राकेश कुमार शर्मा को अध्यक्ष चुना गया।

संगठन में रवि श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, सत्य प्रकाश पांडेय महामंत्री, संदीप कुमार कोषाध्यक्ष और मीनाक्षी पांडेय को संगठन मंत्री चुना गया। अधिवेशन में सीतापुर से अजीत वर्मा, बाराबंकी से अनूप कुमार सिंह और आराधना यादव, लखनऊ से रंजन श्रीवास्तव और राकेश कुमार शर्मा, संत कबीर नगर से अनुज कुमार, संत कबीर नगर से रोमा सिंह, प्रयागराज से शिवानी सिंह, गोरखपुर से राहुल राय और अभय सिंह, बस्ती से जय प्रताप, देवेंद्र सिंह और स्वप्निल तथा अयोध्या से ओम प्रकाश सहित अन्य बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश संगठन के चुनाव के साथ अधिवेशन में ग्रेड पे बढ़ोतरी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकतम प्रयासों की जरूरत पर बल दिया गया।

# ग्राम गुलरिया में मिशन शक्ति गोष्ठी आयोजित महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा (सीतापुर) । पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चल रहे मिशन शक्ति अभियान फ़ेजऽ5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज ग्राम गुलरिया, थाना मछरेहटा क्षेत्र में एक विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस कर्मियों एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा आत्मरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। गोष्ठी में बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच की पहचान, अपने



अधिकारों की जानकारी तथा किसी भी प्रकार की छेड़खानी या उत्पीड़न की स्थिति में निडर होकर शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस टीम ने महिलाओं को यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक करते हुए उन्हें अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वीमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 व 108 (एम्बुलेंस सेवा) तथा 1930 (साइबर हेल्पलाइन) प्रमुख हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया। पुलिस टीम ने आश्वस्त किया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बिसवां नगर में रविवार को सेवा भारती के तत्वाधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सेंट जेवियर्स स्कूल, मगरहिया बाजार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में क्षेत्रीय लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, दवा वितरण, शुगर जांच एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) जांच की सुविधा प्रदान की गई। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश तिवारी एवं डॉ. विमल गुप्ता ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया।

कार्यक्रम में सेवा भारती के



कार्यकर्ताओं में राहुल सिंह पवार, सचिन जी, मोहित जसवाल, आशीष, अंशु रस्तोगी, आनंद एवं नवल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में कुल 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिला।

# सिपाही बना समीक्षा अधिकारी: यदुनंदन सिंह यादव ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, गांव में भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला अंतर्गत ग्राम पंचायत नया गांव (थाना रामपुर कलां) निवासी यदुनंदन सिंह यादव ने समीक्षा अधिकारी (ट ग) के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव व आसपास के इलाकों में खुशी और गर्व का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यदुनंदन सिंह वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी (सिपाही) के पद पर नियुक्त हुए थे और वर्तमान में अयोध्या पुलिस लाइन में तैनात हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया, जो युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

शिक्षा की बात करें तो यदुनंदन सिंह ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई महमूदाबाद स्थित सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक, महमूदाबाद से सिविल ट्रेड में डिप्लोमा किया। उनके पिता स्व.



रामेंद्र सिंह सिंचाई विभाग में नलकूप चालक थे, जिनका वर्ष 2019 में निधन हो गया। उनकी माता महेशा देवी गृहिणी हैं। परिवार में बहन अंबेश्वरी, भाई दुर्गेश कुमार (एनसीसी ऑफिसर), युगराज सिंह (लेखपाल की तैयारी में) तथा ललित कुमार (सिंचाई विभाग, सिधौली में क्लर्क) शामिल हैं। समीक्षा अधिकारी बनने के बाद 12 अप्रैल 2026 को जब यदुनंदन सिंह अपने पैतृक गांव नया गांव पहुंचे, तो उनका भव्य स्वागत किया गया। भंडिया चौराहा, कुंवर गड्डी चौराहा और नया गांव चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ उनका अभिनंदन किया। बेहमा स्थित सहयोग छात्र शिक्षा समिति कार्यालय पर संस्था प्रमुख धर्मेंद्र कुमार पासवान ने उन्हें शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त रामपुर भुजंग रोड स्थित यादव मेडिकल स्टोर पर जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी एवं समाजसेवी रंजीत यादव ने उनका खास अंदाज में स्वागत करते हुए लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनकी इस उपलब्धि का जोरदार स्वागत किया।

# मिश्रिख–नैमिषारण्य में डीएम का औचक निरीक्षण, खामियों पर सख्त कार्रवाई, कई कर्मचारियों का वेतन रोका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रिख । जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने आज नगर पालिका परिषद मिश्रिख व नैमिषारण्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से हैंडपंपों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने हैंडपंपों की मरम्मत से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा यह जानकारी ली कि कितने हैंडपंप वर्तमान में क्रियाशील हैं और कितने खराब पड़े हैं। निरीक्षण के दौरान हैंडपंप अभिलेखों में कमी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारी (पटल सहायक) का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से वार्डों की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सफाई, पेयजल एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पानी की टंकी की सफाई से संबंधित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत न



किए जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर नाराजगी व्यक्त की तथा कड़े निर्देश दिए कि सभी अभिलेख/फाइलें अद्यतन एवं पूर्ण रूप से संधारित रखी जाएं। जिलाधिकारी ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में सभी स्ट्रीट लाइट पोलों का क्रमांक (नंबरिंग) अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि निगरानी एवं अनुरक्षण कार्य सुचारु रूप से हो सके। स्ट्रीट लाइट से संबंधित अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने पर जिलाधिकारी ने पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए तथा अधिशासी अधिकारी को व्यवस्था में सक्रियता एवं रुचि के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा कुछ आवेदकों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर सेवाओं की स्थिति के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने की समीक्षा की। शिकायतें रजिस्टर में दर्ज न पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायतें दर्ज न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अधिकारी (ईओ) को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया। सेवा पुस्तिकाओं में अवकाश अंकित न पाए जाने पर उन्होंने संबंधित पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सेवा पुस्तिका के संधारण में रुचि न लेने पर अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों से संबंधित कक्ष में जाकर पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। पत्रावलियों में कमी पाए जाने पर संबंधित पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए तथा अभिलेखों/पत्रावलियों का सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वाहनों के लॉगबुक का भी निरीक्षण किया। लॉगबुक में अधिशासी अधिकारी (ईओ) के हस्ताक्षर न पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा ईओ के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त वंदन योजना के अंतर्गत नगर मिश्रिख स्टेशन से सीताकुंड धर्मशाला तक बनी सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क की गुणवत्ता की जांच की तथा उसकी लंबाई-चौड़ाई का मापन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किए जाए।

## प्राइबेट स्कूलों में कमीशनखोरी के चलते अभिभावकों को मंहगी मिलती है किताबें

अमेठी । प्रदेश सरकार के साथ ही जिलाधिकारी की लाख हिदायतों के बावजूद क्षेत्र के मान्यता प्राप्त प्राइबेट स्कूलों में मंहगाई की मार थमने का नाम नही ले रही है कमीशन बाजी के चलते यहां पर तालीम हासिल करने वाले बच्चों को केजी एवं नर्सरी की किताबों का सेट दो हजार रुपये का खरीदना पड़ रहा है।प्राइबेट स्कूलों द्वारा की जा रही इस लूटखसोट पर जनपद के अधिकारी भी शिकंजा नही कस पा रहे हैं जिसके चलते संचालक मालामाल तो अभिवावक कंगाल हो रहे है।तहसील तिलोई क्षेत्र के कस्बा मोहनगंज, शाहमऊ,सेमरौता, इन्हौना, अहोरवा भवानी सहित अन्य तमाम प्रमुख कस्बों, चौराहों,बाजारों के साथ ही गांव गांव में चाय पान की दुकानों की तरह प्राइबेट स्कूलों का संचालन धडल्ले से जारी है।शासन की गाइड लाइन के अनुपालन से कोसों दूर यह विद्यालय व्यवसाय बन गये है जो कि कम पूंजी में अच्छी रकम तैयार कर रहे हैं।क्षेत्र के विकास खण्ड सिंहपुर,तिलोई व बहादुरपुर में सैकड़ों प्राइबेट स्कूल मानकों को दरकिनार कर डंके की चोट पर संचालित किये जा रहे है।इन स्कूलों में शिक्षा दीक्षा पाने वाले बच्चों को मंहगाई की मार झेलनी पड़ रही है।यहां पर मंहगाई इस कदर हाबी है कि केजी एवं नर्सरी में पढ़ने वाले बच्चों की किताबों का सेट दो हजार रुपये का मिलता है जिसे अभिवावक के लिये खरीद पाना कठिन काम है लेकिन अपने मासूम नौनिहालों को तालीम दिलवाने की खातिर किताब खरीदना अभिवावक की मजबूरी में शुमार है। क्षेत्र के दर्जनों विद्यालय तो ऐसे हैं जो कि अपने विद्यालय प्रांगण से ही किताबों से लेकर ड्रेस तक बेंच रहे हैं। सबसे ताज्जुब की बात तो ये है कि एक विद्यालय के संचालक द्वारा कापियों पर विद्यालय का नाम छपवा दिया गया है अगर अभिभावक ने अलग से कांपी खरीद ली तो विद्यालय द्वारा उसे वापस कर दिया जाता है। यहां पर कांपियां दोगुना दामों में बेची जाती है।एक पुस्तक विक्रेता से जब मंहगी किताबों का जिक्र किया गया तो नाम न छापने की शर्त पर उसने बताया कि प्रिंट रेट से साठ प्रतिशत कमीशन विद्यालय को देना पड़ता है इसलिये यह किताबें मंहगी मिलती है अन्यथा छह सात सौ रुपये में नर्सरी का पूरा सेट तैयार हो जाता है।इन प्राइबेट स्कूलों की कार्यप्रणाली से ब्लाक से लेकर जनपद तक के अधिकारी भी भलीभांति वाकिफ हैं लेकिन वह भी इन पर हाथ डालने का साहस नही जुटा पा रहे हैं।अब देखना यह है कि जिलाधिकारी की सख्ती का कितना असर पड़ता है फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

## नोएडा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन लोगों ने की आत्महत्या

नोएडा । नोएडा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने रविवार को बताया कि थाना फ़ेस-दो क्षेत्र के भंगेल गांव में रहने वाले रामेश्वर शर्मा पुत्र श्री चंद शर्मा उम्र 37 वर्ष ने मानसिक तनाव के चलते रविवार को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर 49 क्षेत्र में रहने वाली रश्मि पत्नी अवनीश निवासी बरौला गांव उम्र 40 वर्ष ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर रविवार को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में रहने वाले कुलदीप पुत्र ब्रह्मजीत उम्र 24 वर्ष ने अपने घर की छत से शनिवार की देर रात को छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 126 क्षेत्र में रहने वाले छोटू प्रसाद पुत्र रामचंद्र 23 वर्ष की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मौत के कारण का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है।

## नहाने के दौरान नदी में डूबकर युवक की मौत

अमेठी, । उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्थिन के पास से गुजरने वाली गोमती नदी में रविवार को नहाते वक्त एक युवक की डूब कर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व देवकली गांव निवासी शाहिद अफरीदी रविवार को सत्थिन घाट स्थित गोमती नदी में नहाने के लिए अपने साथियों के साथ गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने तत्काल इसकी सूचना पीआरवी पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची यूपी डॉयल 112 की पुलिस ने युवक को नदी से बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहिद अफरीदी मोहिद अली का बड़ा बेटा था। अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए मुंबई से गांव आया हुआ था। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महोली विधानसभा में प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में चलाये जा रहे हैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत महोली विधानसभा के सभी मंडलों में क्रमशः महोली, बड़ा गांव ,एलिया, पिसावां में प्रशिक्षण महाभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया इसी के साथ ही जिले की सभी नौ विधानसभाओं में मंडल अनुसार यह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ऐलिया पिसावा में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने प्रशिक्षण संबंधित विषय पर विस्तार से अपने विचार रखें एवं इस सफल अभियान के लिए इसमें लगे सभी पदाधिकारियों का उन्होंने आभार जताया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि संपूर्ण जिले में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है आगे वह 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हो चुके हैं और बूथ स्तर तक



कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षित किया गया है जिससे आने वाले समय में वह पार्टी को विजयश्री दिलाकर भारत माता की सेवा में अडिगता के साथ जुटे। उन्होंने बताया कि संपूर्ण जिले में प्रशिक्षण सत्र बड़ी ही सफलता व अनुशासन के साथ संपन्न हुआ है। जहां कुशल वक्ताओं ने अपने विचार से कार्यकर्ताओं को सुविचारित किया है तो वहीं पर प्रदर्शनियों ने गागर में सागर भरने का काम किया है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों के अनुशासन की तारीफ की उन्होंने बताया महोली बड़ागांव ऐलिया व पिसावा में पदाधिकारी ने दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर अभियान को संपन्न किया है परंतु पार्टी के अभियान निरंतर गतिमान है इसी के तहत बिना रुके पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी को चुनाव तक अपनी भूमिका का निर्वहन करना है इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद पवन सिंह विधायक शशांक त्रिवेदी क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा,मनोज मिश्रा, विश्राम सागर राठौर विपुल प्रताप सिंह,राहुल जायसवाल नैमिष रतन तिवारी सचिन मिश्रा सुनील मिश्रा रजनीश श्रीवास्तव प्रखर जायसवाल मिथिलेश यादव उदित बाजपेई तरुण शुक्ला संजय सिंह सहित पार्टी के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# सैयद अली खामनाई की याद में चेहलुम की मजलिस का आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। मोमनीन अमहट की तरफ से शनिवार को रात 8बजे हुसैनिया नौ तामीर अमहट सुलतानपुर में सैयद अली खामनाई रिजवान उल्लाह अलैहा जो मुस्लिमों के धर्म गुरु और ईरान के सर्वोच्च लीडर थे उनके ऐसाले सवाब आत्मा कीशान्ति के लिए उनके चेहलुम की मजलिस का आयोजन क्रिया गया है जिसको मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी लखनऊ ने पढ़ी। उन्होंने ने कहा सैयद अली खामनाई दुनिया के ऐसे लीडर थे जिन्होंने जान तो दे दी लेकिन दुश्मन के सामने सर नहीं झुकाया। उन्होंने कहा जिस तरीके से इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने कहा था ज़िल्लत की जिन्दगी से इज्जत की मौत बेहतर है उसी तरीके से सैयद अली खामनाई ने भी यही बात दोहराई और अपने जान की कुर्बानी पेश की। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी जंग फौज की कसरत से नहीं बल्कि



हौसले से जीती जाती है और यह हौसला हमें कर्बला के शहीदों से मिलता है और जो कौम जान देने के लिए हर वक्त तैयार हो उसको दुनिया की कोई ताकत हरा नहीं सकती और जो अल्लाह पर भरोसा और यकीन रखता है अल्लाह उसकी मदद करता है। इसके अलावा मौलाना मिर्ज़ा शफीक हुसैन शफक लखनऊ पढ़ी। इसकी जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

# पर्यटन के नक्शे पर चमकेगा गोरखपुर का टेराकोटा गांव, पर्यटन विभाग ने शुरु किया काम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर के भटहट क्षेत्र का गांव औरंगाबाद पर्यटन के नक्शे पर भी खूब चमकेगा। टेराकोटा शिल्प के लिए प्रसिद्ध इस गांव को पर्यटन विभाग स्पेशल टूरिस्ट विलेज (विशेष पर्यटन गांव) के रूप में विकसित कर रहा है। विभाग ने टेराकोटा गांव औरंगाबाद के पर्यटन विकास के लिए एक करोड़ रुपये की कार्ययोजना बनाई है। इस कार्ययोजना को पूर्ण करने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था, सीएंडडीएस (कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज) को दी गई है।

टेराकोटा गांव में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत 96.29 लाख रुपये में से पहली किस्त के रूप में 67 लाख रुपये जारी भी कर दिए गए हैं। पर्यटन विकास की इस परियोजना में गेट कॉम्प्लेक्स, विद्युत कार्य और साइनेज के कार्य कराए जाएंगे। औरंगाबाद गांव के पर्यटन विकास से गोरखपुर के प्रसिद्ध टेराकोटा शिल्प की वैश्विक पटल पर ब्रांडिंग भी मजबूत होगी।

गोरखपुर के टेराकोटा शिल्प से बने उत्पादों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में शामिल कर इसे नई पहचान दिलाई है। सरकार का प्रोत्साहन मिलने से टेराकोटा उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री खुद कई मंचों से इसकी ब्रांडिंग कर चुके हैं। अब सरकार ने टेराकोटा शिल्प को पर्यटन के साथ जोड़कर इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाने की तैयारी की है। इसके दृष्टिगत टेराकोटा शिल्प का मूल माने जाने वाले औरंगाबाद गांव को टूरिस्ट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सरकार की मंशा औरंगाबाद गांव को इस तरह विकसित करने की है जिससे पर्यटक यहां आकर टेराकोटा उत्पादों को अपने सामने बनता देख सकें। कई पर्यटक ओरिजिनल टेराकोटा उत्पादों को खरीदने की चाह रखते हैं, उनकी यह ख्वाहिश भी यहां आकर पूरी होगी। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव का कहना है कि टेराकोटा गांव औरंगाबाद में पर्यटन विकास की परियोजना को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाएगा। पर्यटन विकास होने से टेराकोटा गांव में होमस्टे और स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# शादी समारोह में कार से अवैध पिस्टल बरामद, हिरासत में एक युवक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के विवेकनगर में रविवार को एक शादी समारोह के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब बारात में आई एक कार से अवैध पिस्टल बरामद हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर कार को कब्जे में लिया और एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, विवेकनगर निवासी जमील इदरीस के घर करौंदीकला थाना क्षेत्र से बारात आई थी। बारात में शामिल एक इनोवा क्रिस्टा कार, जिस पर उप राज्य आयुक्त न्यायालय उत्तर प्रदेश शासन लिखा हुआ था, संदेह के घेरे में आ गई। इसी कार की ड्राइविंग सीट के पास एक अवैध पिस्टल रखी मिली, जिस पर एक ग्रामीण की नजर पड़ते



ही पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर और कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार और पिस्टल को जब्त कर लिया है। साथ ही एक युवक को हिरासत में लेकर थाने में गहन पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में लंभुआ कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला अवैध पिस्टल से जुड़ा प्रतीत होता है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है। उन्होंने हर्ष फायरिंग की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि अब तक ऐसा कोई प्रमाण या वीडियो सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस की निगरानी में शादी समारोह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा रहा है।

# चलती कार में लगी आग, महिला की जिंदा जलकर मौत, बचाने में पति झुलसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। दिल दहला देने वाली घटना हुई है। उसहैत थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात चलती कार में आग लगने से महिला की जलकर मौत हो गई, जबकि उसका पति झुलस गया। पति का कहना है कि पत्नी पीछे वाली सीट पर सो रही थी। उसने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह नाकाम रहा। बता दे कि उसहैत थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात हुई एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। लखनऊ से इलाज कराकर लौट रहे दंपती की चलती कार में अचानक आग लग गई, जिससे पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि उसे बचाने के प्रयास में पति गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उसहैत निवासी अर्पित भारद्वाज अपनी पत्नी प्रिया भारद्वाज को लखनऊ के एक निजी अस्पताल से छुट्टी कराकर देर रात घर वापस जा रहे थे। रात करीब 1:30 बजे उनकी कार उसहैत थाना के ग्राम रहौटा के पास पहुंची ही थी। इसी दौरान कार से अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही क्षणों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। स्थिति को भांपते हुए अर्पित ने तुरंत कार को सड़क किनारे रोका और किसी तरह खुद बाहर निकल आए। अर्पित के मुताबिक उन्होंने पीछे की सीट पर सो रही पत्नी प्रिया को बाहर निकालने की भरसक कोशिश की, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग की तेज लपटों और धुएं के कारण वह कार के अंदर तक नहीं पहुंच सके और उनकी आंखों के सामने ही उनकी पत्नी जिंदा जल गई। वहीं पत्नी को बचाने के प्रयास में अर्पित के हाथ और चेहरा बुरी तरह झुलस गए। बताया जाता है कि घटना के बाद वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो अर्पित अचेत अवस्था में पड़े मिले और कार पूरी तरह जल चुकी थी। वहीं सूचना पर उसहैत थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अर्पित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बताया जाता है कि अर्पित और प्रिया की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व हुई थी और उनकी एक वर्ष की मासूम बच्ची है, जो घटना के समय अपने दादा-दादी के पास उसहैत में ही थी। मासूम बच्ची को अभी इस बात का अहसास भी नहीं है कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं रही। इस दर्दनाक हादसे ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। गांव में हर आंख नम है और लोग इस घटना को लेकर स्तब्ध हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# मां नॉमिनी बेटे को नहीं मिलेगी इंश्योरेंस की धनराशि कहना बैंक को पड़ा भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। ग्राम चंदौस चावड़ा निवासी जय वीर सिंह ने अपने जीवन काल में प्रथमा यू पी ग्रामीण बैंक छाबड़ा अपनी बचत खाते पर एक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत?20 जमा कर पॉलिसी क्रय की थी जिसका विधि अनुसार भुगतान करता चला रहा था दिनांक 29/1/2023 को एक दुर्घटना में खेत की रखवाली करते समय आवारा पशुओं के द्वारा टक्कर मारने से वह घायल हो गए थे और दिनांक 30-1-2023 को उनकी मृत्यु हो गई । नियम अनुसार उनका पोस्टमार्टम कराया गया तथा उनकी पत्नी श्रीमती संतोष देवी जो बचत खाते में नॉमिनी थी उनकी ओर से दुर्घटना बीमा योजना के संबंध में बीमा धनराशि की मांग बैंक से की तो बैंक ने बीमा कंपनी को बीमा हेतु भेजा बीमा कंपनी ने उनका नामित न होना बात कर क्लेम देने से इनकार कर दिया और बताया कि खाते में नॉमिनी संतोष कुमारी हैं परंतु बीमा पॉलिसी में नॉमिनी उनका बेटा योगेंद्र सिंह है तब योगेंद्र सिंह की ओर से बीमा दावा प्रस्तुत किया गया तो



बीमा कंपनी ने 1 साल 2 महीने देरी से बीमा दावा प्रस्तुत करने की बात कह कर क्लेम देने से इनकार कर दिया योगेंद्र सिंह ने काफी समझाने का प्रयास किया कि पहले बीमा उनकी मां द्वारा निर्धारित समाधि में दिया गया था क्योंकि आपके द्वारा उनको नॉमिना बताया गया है इस कारण मैं बीमा प्रस्तुत किया है जान पूछ कर कोई भी देरी नहीं की है परंतु बैंक ऑफ बीमा कंपनी द्वारा उसकी किसी भी बात को नहीं सुना तब उपभोक्ता मामलों की विशेषअधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया गया और सारी बातें आयोग के सामने रखी आयोग ने बीमा कंपनी और बैंक को तलब किया तो दोनों पल्ला झाड़ते नजर आए और बीमा कंपनी द्वारा निर्धारित समाधि में बीमा प्रस्तुत न करने के कारण बीमा धनराशि देने से इनकार करने संबंधित कथन किए गए जिसका विरोध अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा किया गया और आयोग को अवगत कराया गया कि बैंक द्वारा गुमराह करके क्लेम को प्रस्तुत कराया गया था इसमें परिवादी की कोई भी कमी नहीं है परिवादी ने निर्धारित समाधि के अंदर ही अपना क्लेम प्रस्तुत किया था आयोग ने दोनों पक्ष को सुना और अपना निर्णय देते हुए कहा कि विपक्षी बीमा कंपनी इंश्योरेंस कंपनी को आदेशित किया जाता है कि वह योगेंद्र सिंह को बीमा धन राशि रु 200000 दो लाख उस पर परिवाद संस्थान की स्थिति से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें इसके अलावा विपक्षी परिवादी को ?25000 मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि की मद में तथा ?5000 बाद व्यय की मद में भी अदा करेगा नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने की दशा में ब्याज 9% वार्षिक की दर से देय होगा।

# मासिक बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सम्भल की मासिक बैठक का आयोजन गुमथल रोड चंदौसी में आयोजित किया गया जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में सपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की रूपरेखा के लिए विस्तृत चर्चा की गई । बैठक में आये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा0 राकेश प्रजापति जी का प्रजापति समाज के साथियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत एवं पी डी ए समाज की आवाज बुलंद करते रहने पर शाल एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया डॉ राकेश प्रजापति जी को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर माननीय अखिलेश यादव जी का प्रजापति समाज की ओर से धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि पी डी ए समाज अब भाजपा के झूठ और जुमले को समझ चुका है जागरूक हो चुका है माननीय अखिलेश यादव जी की पी डी ए रणनीति से 2027 में समाज वादी पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी और इसी रणनीति के अनुसार प्रजापति समाज को राजनैतिक हिस्सेदारी जरूर मिलेगी सभी कार्यकर्ता जनता के बीच समाजवादी पार्टी की नीतियों को समाज में पहुंचाने का काम करें जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति एड0 ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी जिसका भी टिकट घोषित करें पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ उस प्रत्याशी को एकजुटता के साथ जिताने का आवाहन किया बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति एड0 ने एवं संचालन विधानसभा अध्यक्ष सोमवीर प्रजापति एड0 द्वारा किया गया बैठक में जिला सचिव राम मिलन प्रजापति, हरिओम प्रजापति, प्रेम पाल प्रजापति, महेश प्रजापति, नवनीत प्रजापति, कृष्णानंद प्रजापति एड0, शील कुमार प्रजापति, शिवनारायण प्रजापति, उमेश प्रजापति, कपिल प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, नितिन प्रजापति, नेमपाल सिंह प्रजापति, नेमसिहं प्रजापति, राजू प्रजापति, राकेश प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, आदि उपस्थित रहे ।

# तीन गांवों में तेंदुए की दहशत, गोवंश का किया शिकार, पालतू कुत्ते पर भी हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने का दावा किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ तीन गांवों के आसपास चहलकदमी कर रहा है। उसने एक गोवंश को भी मार डाला। पालतू कुत्ते पर भी हमला किया है।



बदायूं के कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के बदायूं-मुरादाबाद रोड स्थित दहेमी, मौजमपुर और शिकारपुर गांवों के आसपास तेंदुआ देखे जाने से दहशत का माहौल है। खेतों में लगातार मिल रहे पगचिह्नों और हमले की घटनाओं के चलते किसान भयभीय हैं, जिसके कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की कटाई तक प्रभावित हो रही है। गांव दहेमी निवासी किसान कैलाश पटेल ने बताया कि बीते कई दिनों से उनके खेत में लगातार किसी जंगली जानवर के पगचिह्न दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि ये निशान तेंदुए के ही हैं, क्योंकि आकार और बनावट उसी से मेल खाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार करीब पांच दिन पहले इसी तेंदुए ने दहेमी-मौजमपुर के जंगल में एक निराश्रित गोवंश का शिकार किया था। घटना की सूचना ग्रामीणों ने शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी, खेड़ा नवादा को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को खेत में खून के निशान मिले थे, जिससे हमले की पुष्टि हुई।

इसके अलावा तेंदुए ने दहेमी स्थित पेट्रोल पंप के पास एक पालतू कुत्ते पर भी हमला किया, जो किसी तरह बच निकला। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग खेतों में जाने से डर रहे हैं, जिससे गेहूं की तैयार फसल की कटाई प्रभावित हो रही है और किसानों को आर्थिक सामना करना पड़ा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि करीब तीन माह पहले सिलहरी और गुरुपुरी क्षेत्र में भी लोगों ने तेंदुए को देखने का दावा किया था, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब ताजा घटनाओं के बाद भी विभाग की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि वन विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। इस संबंध में पुलिस चौकी इंचार्ज योगराज सिंह ने बताया कि संबंधित जंगल क्षेत्र में एक मवेशी का खून जमीन पर पड़ा मिला था, जिससे किसी जंगली जानवर के हमले की आशंका है। फिलहाल ग्रामीणों की सूचना के आधार पर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## राकेश कुमार दीक्षित जिलाध्यक्ष बने

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ का जनपद बदायूं की कार्यकारिणी का गठन किया गया इसमें, राकेश कुमार दीक्षित जिलाध्यक्ष, कुंवर पाल सिंह जिला मंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीपाल सिंह यादव, संगठन मंत्री मोहम्मद नूर, (मुकेश कुमार सैनी कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष फकीर मोहम्मद, उप मंत्री ओमप्रकाश सिंह, सह मंत्री धूम सिंह, शह संगठन मंत्री महावीर सिंह, संरक्षक हरिओम शर्मा, ऑडिटर प्रीतम कुमार, मीडिया प्रभारी महफूज अली, कार्यालय प्रभारी ईशा खान, शह कोषाध्यक्ष रामशरण, प्रचार मंत्री हिरदेश मिश्रा, सांस्कृतिक मंत्री रवि कुमार पाल, सभी कमेटी के पदाधिकारीके लिए सभी तहसीलों के सदस्यों एवं तहसील अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध कार्यकारिणी का गठन किया गया। गठित कार्यकारिणी का जिलाध्यक्ष राकेश कुमार दीक्षित, तथा जिला मंत्री कुंवर पाल सिंह नए सभी का आभार व्यक्त किया द्य

## भारतीय पटेल महासभा ने नवनियुक्त जिला महामंत्री का माल्यार्पण

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी का जिला महामंत्री मनोनीत होने पर पटेल समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर समाज के प्रबुद्ध जनों और पदाधिकारियों ने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नवनियुक्त जिला महामंत्री जोगेंद्र सिंह राठौर उर्फ टीटू का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। ?स्वागत समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह न केवल पार्टी के लिए बल्कि पूरे पटेल समाज के लिए गौरव का क्षण है। पदाधिकारियों ने एकजुट होकर फूल-मालाओं से अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ?स्वागत करने वालों में भारतीय पटेल महासभा के कालीचरन सिंह, प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह, रवीश कुमार उर्फ टिंकू, नरेश चन्द्र सिंह, अनिल कुमार सिंह, देवेन्द्र सिंह, महेश सिंह, आशीष कुमार, यशपाल सिंह,शिवेंद्र पटेल, रुपेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह और सत्येन्द्र सिंह सहित पटेल समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नवनियुक्त जिला महामंत्री ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज द्वारा मिले इस अपार प्रेम और सम्मान के लिए वह सदैव ऋणी रहेंगे।

## बी.एल. वर्मा इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीजेपी मीडिया प्रभारी उपाध्याय ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को गाड़ी संख्या 14316/15 ( नई दिल्लीऽबरेलीऽकासगंजऽनई दिल्ली ) इंटरसिटी एक्सप्रेस के कासगंज तक मार्ग विस्तार के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करें। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वहीं समयः सुबह 11:00 बजे स्थानः बदायूँ रेलवे स्टेशन वहीं यह जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे क्षेत्र के विकास और आवागमन को नई गति मिलेगी। आप सभी से अनुरोध है कि कार्यक्रम में पधारकर इस महत्वपूर्ण पहल को जन-जन तक पहुँचाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## पुलिस ने 11 किलो डोडा छिल्का के साथ दो तस्करों को दबोचा

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 किलो 100 ग्राम डोडा छिल्का के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली पुलिस टीम ने कादरी दरगाह तिराहा से संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 11 किलो 100 ग्राम डोडा छिल्का बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नन्हे पुत्र राम स्वरूप निवासी मैरी बजर थाना मुसाझाग व राजू पुत्र भूपराम निवासी ग्राम जलालनगर थाना विसारतगंज, जनपद बरेली के रूप में हुई है। कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## औरैया में आग से जलकर 24 बीघा गेहूं की फसल राख

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के फफूंद थाना क्षेत्र में ग्राम भूरेपुर व कंचनपुरवा के बीच रविवार दोपहर अचानक गेहूं के खेतों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। धुआं और लपटें उठती देख ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और समर्सिबल पंप व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया ।

# मोदी-योगी सरकार की नीतियों से मजबूत हुआ जनविश्वास : राजीव कुमार गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे ल्लग्राम/बस्ती चलो अभियानङ्क के तहत बिनावर मंडल के ग्राम व्योर तथा खेड़ा नवादा पर संवाद कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता तथा बदायूँ विधानसभा में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने ग्राम उतरना, खुनक तथा कंडेला में सहभागिता करते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों/वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। उन्होंने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु आश्वस्त किया। साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनका कुशलक्षेम जाना गया।इसी क्रम में जनपद के विभिन्न ग्रामों में ल्लग्राम/बस्ती चलो अभियानङ्क के तहत जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं के माध्यम से व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों में सहभागिता की। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने भाजपा सेवा, समर्पण और सुशासन की विचारधारा पर कार्य करने वाला संगठन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। उन्होंने आगे कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास कार्यों को निरंतर गति मिली है। प्रदेश में हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रभावी योजनाएं लागू की जा रही हैं।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा भाजपा की विशेषता यह है, कि यह केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग के बीच निरंतर कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था स्थापित हुई है, जिससे आमजन का विश्वास सरकार के प्रति मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति मिली है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामचरण पाल, धीरेंद्र सिंह, श्रीकृष्ण पाठक जी,श्री आदेश शर्मा, अनोज कुमार सिंह, हरवंश पाल, शीतांसु सिंह, अंकित शाक्य एवं पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार की योजनाएं अब जरूरतमंद तक बिना रुकावट पहुंच रही हैं : राजीव कुमार गुप्ता

बदायूँ। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे ल्लग्राम/बस्ती चलो अभियानङ्क के तहत मंडल सालारपुर के कुंवरगांव तथा सिविल लाइन मंडल के मोहल्ला नेकपुर में संवाद कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने ग्राम के गणमान्य नागरिकों/वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया तथा उन्होंने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु आश्वस्त किया। साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनका कुशलक्षेम जाना। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न ग्रामों में ल्लग्राम/बस्ती चलो अभियानङ्क के तहत जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं के माध्यम से व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों में सहभागिता की। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य केवल लाभ देना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है, प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंदों को पक्का घर देकर उनके जीवन में स्थायित्व ला रही है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों को सीधी आर्थिक सहायता देकर उनकी खेती को मजबूत कर रही है, जनधन योजना गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, तथा स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता को जनआंदोलन बनाकर स्वस्थ समाज की नींव रख रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की योजनाएं भी समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटियों के शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित कर रही है, निःशुल्क राशन वितरण योजना गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहारा दे रही है, तथा मिशन शक्ति अभियान महिलाओं की सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत कर रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नौरंग पाल, गोपाल शर्मा, अरविंद कुमार, रचित साहू, नितिन शर्मा, पंकज गुप्ता, मनोज चंदेल, अवनीश कुमार शर्मा, डॉ वी.पी सिंह सोलंकी, राम बहादुर पांडेय, सुरजीव गुप्ता, रवि बाबू, श्याम पाल दिवाकर, के.एल गुप्ता, महिपाल सिंह, विकास तिवारी, अनिल सिंह, अजय सक्सेना तथा पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## इनामी अभय की तलाश में भटक रही पुलिस

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट में 12 मार्च को हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में भागे चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी अभय प्रताप सिंह की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। लगातार प्रयासों के बावजूद पुलिस उसे पकड़ने में सफल नहीं हो सकी है, जिससे मामले की जांच में भी देरी हो रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी की तलाश में विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं, जो बदायूं सहित आसपास के करीब एक दर्जन जिलों में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। इसके अलावा उसके रिश्तेदारों, परिचितों और पुराने संपर्कों पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि उसके छिपने के ठिकानों का पता लगाया जा सके। बता दें कि अभय प्रताप सिंह इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह का तहेरा भाई है। जो घटना के बाद से ही भागा चल रहा है। जांच में सामने आया है कि वारदात में उसकी भी भूमिका रही है, जिसके चलते पुलिस ने उसके खिलाफ 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस की टीमें तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस के माध्यम से भी आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर बना हुआ है। पुलिस की चार टीमों के स्तर से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। - रजनीश उपाध्याय, सीओ सिटी

# श्री ब्राह्मण सभा के पंकज शर्मा अध्यक्ष व विकास उपाध्याय महामंत्री चुने गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सभा के संरक्षकों ने मौजूदा कार्यकारिणी को भंग करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की**

**अध्यक्ष व महामंत्री को नई कमेटी को जल्द तैयार कर कार्य करने का आदेश दिया गया**



चन्दौसी। श्री ब्राह्मण सभा चन्दौसी की आवश्यक बैठक का आयोजन सीता रोड स्थित केवी रायल सोसायटी के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें संरक्षक मंडल ने मौजूदा कार्यकारणाी को भंग करते हुए सर्वसम्मति से पंकज शर्मा को अध्यक्ष व विकास उपाध्याय को महामंत्री चुना। साथ ही 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोगों के पहुंचने की अपील की।

रविवार को आयोजित बैठक में सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर बैठक का आरंभ किया गया। सभा के संस्थापक सदस्य व संरक्षक रामाशंकर गौड़ ने कहा कि श्री ब्राह्मण सभा पिछले करीब 50 वर्षों से समाज के बीच अपना दायित्व निभा रही है। समाज के लोगों ने सभा में शामिल होकर समाज को नई दिशा दिखायी थी। लेकिन कुछ वर्षों से मौजूदा कमेटी ने श्री ब्राह्मण सभा को कमजोर करने का कार्य किया है। पिछले दो वर्षों से उनके द्वारा भगवान परशुराम की शोभायात्रा भी नहीं निकाली जा रही है। जबकि हमारी सभा का मुख्य कार्य भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकालना रहा है। डा. राजीव लोचन शर्मा ने कहा कि आज के समय में युवाओं को आगे आकर संगठन को अपने हाथों में लेना चाहिए। जिससे समाज को मजबूती मिले। साथ ही शोभायात्रा के साथ-साथ अनेक समाज सुधार के कार्य हो सके। पूर्व प्रधानाचार्य अवध किशोर शर्मा ने कहा कि मौजूदा कार्यकारिणी ने संगठन को कमजोर करने का कार्य किया है। जिस कारण संगठन में बदलाव जरुरी है। नई कार्यकारिणी में युवाओं का होने से सभा को बल मिलेगा। संरक्षकगण नई कार्यकारिणी के साथ खड़े है। जहां भी जरुरत होगी हम साथ मिलेंगे। राजेन्द्र कुमार शर्मा राजा ने कहा कि आज का समय युवाओं का है। संगठन पिछले 50 वर्षो में कभी इतना कमजोर नहीं था। जितना मौजूदा समय में चल रही कार्यकारिणी के द्वारा हुआ है। पूर्व में संगठन की धमक थी। चन्दौसी में निकलने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा को देखकर आज पास के ब्राह्मण सभाओं ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में शोभायात्रा निकालना शुरु कर दिया। अब संगठन कार्य युवाओं के हाथों में देने का कार्य किया जा रहा है। भविष्य में संगठन समाज के लिए अपना दायित्व निभायेगा। संरक्षक बिजेन्द्र मिश्रा एड. ने कहा कि नई कार्यकारिणाी का गठन होना मौजूदा समय की मांग है। नवदायित्व के बाद पदाधिकारियों को समाज के कार्य करने के लिए आगे रहना होगा। शोभायात्रा के साथ-साथ अन्य कार्य में जुटना होगा। जिससे समाज को नई दिशा मिल सके। मेरा पूर्ण समर्थन और साथ नई कार्यकारिणी के साथ है। संरक्षक रामकुमार शर्मा ने भी ने अपने विचार रखे। इसके बाद संरक्षक मंडल ने मौजूदा कमेटी को भंग करते हुए पंकज शर्मा को अध्यक्ष, विकास उपाध्याय को महामंत्री चुना। इसके साथ ही सभासद निशांत शर्मा, अवनेश शर्मा, विकास मिश्रा एड., अंकुश गौड़ को उपाध्यक्ष, शुभम शर्मा, सचिन शर्मा को नगर मंत्री, प्रभाकर शर्मा नगर कोषाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षकों ने कार्य कारिणी को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द कार्यकार्यकारिणी का विस्तार करे। जिसके बाद शोभायात्रा के साथ अन्य कार्यों को गति मिल सके। नई कार्यकारिणी ने संरक्षक मंडल का आभार जताते हुए आर्शीवाद प्राप्त किया। सभा की अध्यक्षता अवध किशोर शर्मा व संचालन कवि माधव मिश्र ने किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार शर्मा, जय शंकर शर्मा, संजीव शर्मा, श्याम सुंदर दुबे, सतीश शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, ब्रहमस्वरुप शर्मा, डा. जयशंकर दुबे, देवेन्द्र कुमार शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, सुधीर मिश्रा, विनोद कुमार शर्मा, डा. एसएन शर्मा, उमेश चन्द्र शर्मा, सतीश शर्मा, राजीव पाठक, अभिनव शर्मा, दीपक शर्मा, पंकज शर्मा, शिवराम वत्स, जयशंकर शर्मा, अश्विनी शर्मा, रमाकांत शर्मा, ब्रजेश शर्मा, शुभम शर्मा, आदित्य शर्मा, मुनीश शर्मा, निशांत शर्मा, वेदप्रकाश मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, ओमहरि शर्मा, आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा, शक्ति शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सुरेश चन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा, कौशल पाठक, उमाकांत शर्मा, सौरभ दीक्षित, कौशल उपाध्याय सुधांशु उपाध्याय, यश शर्मा, राधे शर्मा, उमेश शर्मा आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# धर्मेंई, छजवा, दुर्जनपुर, डुढाव,पूरे सिधारी में बेपटरी दौड़ रही मनरेगा, अधिकारियों ने बंद की आंखें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । गांव के गरीब मजदूरों को रोजगार देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्री य ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की थी।सरकार इसे जन हित में ईमानदारी से चलाने के लिए लगातार प्रया सरत है,लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और कहानी बयां कर रही है।मुजेहना ब्लॉक क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है,इन दिनों मोबाइल के ज़रिए श्रमिकों की फ़ेस हाजिरी दर्ज कराने

## मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा कराने के मास्टर माइंड बताये जाते एपीओ : सूत्र

का चलन आ म हो गया है।ग्राम पंचायतों में आय दिन ऐसे हथ कंडे अपनाए जा रहे हैं,जिनमें कागज़ पर काम हो ता है,लेकिन धरातल पर कुछ नहीं ताजा मामला मुजेहना ब्लॉक की ग्राम सभा धर्मेंई,छजवा,दुर्जन पुर,डुढाव और पूरे सिधारी में फर्जी मस्टररोल अप लोड की जा रही है।ग्राम पंचायत धर्मेंई में तालाब में काम तो पूरा हो गया है लेकिन फ़ेस की फोटो में 46 श्रमिकों की फोटो अपलोड की जा रही है और कागज में कार्य चल रहा इसी तरह छजवा में 33 दुर्जनपुर में 55 डुढाव में 59 और पूरे सिधारी में 42 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है लेकिन धरातल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं है।

### धरातल से मजदूर गायब, पोर्टल पर मजदूर

मुजेहना ब्लॉक के स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कोई नई बात नहीं है।यहां तो रोज़ ही कागज़ों पर काम होता है,असल में कुछ नहीं।जब भी शिकायत की जाती है,तो ब्लॉक स्तर से जांच होगी कह कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर से नीचे तक सब सेटिंग गेटिंग का खेल चल रहा है,जिसमें जिम्मे दारों की मिलीभगत से गरीबों के नाम पर पैसा उड़ा या जा रहा है।ब्लॉक के ग्रामपंचायत में भी ऐसी ही तस्वीर सामने आई है।गांव में तालाब खुदाई और सड़क पटाई कार्य के लिए मजदूरों को ल गाया गया है लेकिन धरात ल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं रहते है सिर्फ फोटो में घर बैठे मजदूरों की फ़ेस का खेल जारी करके मनरेगा के साइड पर अपलोड किया जा रहा है।विश्वस्त सूत्रों की माने तो कुछ इसी तरह का खेल मनरेगा में चल रहा हैं।मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो सब से मनरेगा योजना के जिम्मे दार एपीओ और कई जिम्मेदार प्रतिनिधि और कर्मचारी कटघरे में होंगे।खैर देखना यह होगा की दूसरे मामलों की तरह जांच ठंडी रहेगी या भ्रष्टाचा रियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी।

### क्या कहती हैं जिलाधिकारी नेहा शर्मा

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन का स्पष्ट कहना है कि मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना में लापरवा ही अथवा वित्तीय अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि कार्यों की गुण वत्ता,पारदर्शिता एवं ग्रामीण जन विश्वास बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शा मिल है।ऐसे में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमित ता अस्वीकार है।दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवा ई की जाएगी।

# बाबागंज में पांच दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा 21 अप्रैल से

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। अखिल विश्व गायत्री परिवार (शांतिकुंज, हरिद्वार) के तत्वावधान में देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज, रामपुर (रुपईडीहा) में पांच दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का भव्य आयोजन 21 अप्रैल से प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक गरिमा सम्मान शिविर, महिला सशक्तिकरण अभियान तथा विद्या आरंभ संस्कार भी आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय गायत्री परिजनों द्वारा घर-घर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ 21 अप्रैल की प्रातः कलश शोभा यात्रा के साथ होगा, जबकि सायंकाल शांतिकुंज, हरिद्वार की टीम द्वारा संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 22 अप्रैल को देव आवाहन के साथ यज्ञ एवं विद्या आरंभ संस्कार, 23 अप्रैल को प्रातः यज्ञ एवं संस्कार तथा मध्याह्न में जिला स्तरीय शिक्षक गरिमा सम्मान शिविर आयोजित होगा। इसी दिन सायंकाल संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। 24 अप्रैल को प्रातः यज्ञ एवं संस्कार के साथ दीप यज्ञ एवं कथा का समापन होगा, जबकि 25 अप्रैल को यज्ञ एवं संस्कार के उपरांत विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा। कॉलेज के प्रबंधक संजीव श्रीवास्तव (एडवोकेट) ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर बनारस गिरी, कौशल किशोर वर्मा, राजीव श्रीवास्तव, पाटन दीन वर्मा, जगत राम वर्मा एवं कौशल किशोर श्रीवास्तव द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

शिक्षक गरिमा सम्मान शिविर में प्राथमिक से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा, जहां वरिष्ठ शिक्षाविद एवं समाजविद नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाएंगे। कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल, शिक्षा एवं विकास से जुड़े अधिकारी, पर्यावरणविद, शिक्षाविद, कानूनविद, किसान एवं व्यापारी बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। साथ ही उपनिदेशक कृषि एवं जिला उद्यान अधिकारी के मार्गदर्शन में उन्नत एवं विषमुक्त खेती के विषय में विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

# फर्जी शादी के नाम पर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, 7 आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । थाना चिलुआताल पुलिस ने शादी का झांसा देकर अंतरराज्यीय लोगों को बुलाकर फर्जी विवाह कराने और खुद को पुलिस अधिकारी बताकर बंधक बनाकर रंगदारी वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 अभियुक्तों व 1 अभियुक्ता सहित कुल 7 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1,66,600 रुपये नकद, 2 कूटरचित पुलिस परिचय पत्र तथा 2 आधार कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में अंकुर सिंह, राजू शर्मा, धीरेन्द्र यादव उर्फ टुनटुन, रवि चौधरी, मुन्ना जायसवाल, नवमी शर्मा तथा अभियुक्ता शैला देवी शामिल हैं। सभी के खिलाफ थाना चिलुआताल में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ऐसे करते थे ठगी का खेल

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य पहले अन्य राज्यों के लोगों को लड़की की फोटो भेजकर शादी का झांसा देते थे। इसके बाद उन्हें गोरखपुर बुलाकर एक तय स्थान पर फर्जी शादी कराई जाती थी। इसी दौरान गिरोह के कुछ सदस्य खुद को पुलिस अधिकारी या कर्मचारी बताकर मौके पर पहुंचते थे और पीड़ितों को बंधक बना लेते थे।

आरोपी पीड़ितों को झूठे मामलों में फंसाने और जान से मारने की धमकी देकर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। इसी तरह एक मामले में राजस्थान के कोटा सिटी निवासी पीड़ित से 3,11,600 रुपये की रंगदारी वसूली गई थी। इस संबंध में थाना अनन्तपुरा (कोटा) में जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला गोरखपुर स्थानांतरित हुआ, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

मुख्य सरगना पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज

गिरफ्तार अभियुक्त अंकुर सिंह पर हत्या के प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में पहले से मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपियों का भी आपराधिक इतिहास सामने आया है, जिससे स्पष्ट होता है कि यह गिरोह संगठित तरीके से लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था।

पुलिस टीम की सराहनीय कार्रवाई

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सूरज सिंह के साथ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, चंदन नारायण, विनय कुमार सिंह, राकी जायसवाल, विकास यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे गिरोहों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि विवाह जैसे मामलों में किसी अनजान व्यक्ति या एजेंट के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# मानक के विपरीत बनी इंटरलॉकिंग से बनी सड़क टूटने लगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की विकासखंड मुजेहना ग्राम पंचायत रयगांव के अलादीन पुरवा में तीन माह पूर्व मानक के विपरीत बन रही सड़क की खबर को कैनविज टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था और खं ड विकास अधिकारी से मानक के विपरीत बन र ही सड़क की जानकारी भी ली थी,उस समय खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सड़क का काम रोक दिया गया है और जांच की जा रही है,लेकिन ग्राम प्रधान ने मुंबई में बैठकर सचिव से मिलकर भ्रष्टाचार की इबारत लिख दी है,मानक के विपरीत इंटरलॉकिंग से बनी सड़क तीन माह बीतने के बाद भुगतान से पहले ही धंसने लगी है,कई समाजसेवी अधिकारियों से इस विकास कार्य को श्रमदान घो षित करने की मांग कर रहे है।अलादीन पुरवा में हामिद अली के घर से बसीर के घर तक करीब दो सौ मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण करीब छः लाख रुपये से हुआ है।यह काम मनरेगा मद से हो ना था लेकिन मुंबई



## 6 लाख से बनी इंटरलॉकिंग सड़क दो महीने में ही होने लगी धराशाही.. जिम्मेदार बने मूक दर्शक

में बैठकर ग्राम प्रधान ने सिर्फ दो तीन दिन के लिए नाम मात्र मनरेगा के मजदूरों से काम करवाया गया था। सूत्रों के अनुसार ग्राम प्रधान व सचिव ने मार्ग का निर्माण खुद न कराकर इसे ठेके पर देकर ठेकेदारों से निर्माण करवाया है। निर्माण के दौरान पहले से लगे खड़ंजे को खोदवा कर उस पर मिट्टी पटान कर पीले ईंट बजड़ी और बालू डाल कर ही इंटरलॉकिंग लगवा दी गई। सूत्र बता रहे है कि मार्ग के दोनों ओर बालू में नाम मात्र सीमेंट मिलकर ईंटों से एजिंग का निर्माण कराया गया।इसके कुछ दिन बाद मार्ग की एमबी करवाक र फाइल को भुगतान की प्रक्रिया में लगा दिया ग या है,मार्ग जगह-जगह से टूटकर धंस गया,ग्रामीणों ने मानक विहीन मार्ग का भुगतान रोकने व इस कार्य को श्रमदान घोषित करने की मांग की है,तीन माह पहले मानक के विपरीत बन रही सड़क को वीडियो ने बताया कि मानक विहीन निर्माण की शिकायत मिली है।जांच कर कार्रवाई की जाएगी।लेकिन वीडियो के ढुलमुल रवैया के कारण सड़क मानक के विपरीत बनकर तैयार हो गई और अब भुगतान की प्रक्रिया में फाइल लगा दी गई है।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः मंडलायुक्त

मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में ज ब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दा श्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# 027 ही नहीं, 2047 तक विपक्ष की सत्ता में वापसी की संभावना नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

आगरा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को आगरा में कहा कि सत्ता में वापसी न होने के कारण समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बौखलाहट में है, लेकिन उत्तर प्रदेश में 2047 तक भाजपा के सामने कोई नहीं टिक पायेगा और भाजपा की डबल इंजन सरकार देश व प्रदेश की सेवा करती रहेगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को आगरा में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। वे आज विशेष वायुयान से आगरा पहुंचे और कई स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि विपक्ष 2027 ही नहीं 2047 तक सत्ता से दूर रहेगा। सपा या कांग्रेस किसी भी दल के सत्ता वापसी की कोई उम्मीद नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव बौखलाये हुए हैं। आगरा प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री ने फतेहाबाद रोड स्थित होटल में भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारियों के एक कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम के बाद मौर्या राजदेवम् आडीटोरियम, फतेहाबाद रोड आगरा पहुँचकर शिक्षक संगठन (यूटा) के प्रान्तीय अधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया। प्रवास के दौरान कस्बा फतेहाबाद अन्तर्गत फिरोजाबाद मोड़ में राजेश सम्राट अशोक की लॉट लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया।

आगरा दौरे के कार्यक्रमों के अंत में एत्मादौला थाने के पीछे नुनिहाई रोड पर महाराज निषाद महर्षि कश्यप की जयंती के जनसभा कार्यक्रम में अपना संबोधन दिया।

# अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत के जनपद सम्भल स्थानांतरण के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन, के सभागार कक्ष में एक भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत सौहार्द पूर्ण एवं सम्मानजनक वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी गण,अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, क्षेत्राधिकारी गण,थाना प्रभारीगण सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे,समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मनोज कुमार रावत को प्रतीक चिन्ह भेंट कर तथा पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित अ न्य अधिकारीगण द्वारा भी उन्हें पुष्पगुच्छ अर्पित कर उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की, तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल आगामी दायि त्वों हेतु हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की गईं,पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मनोज कुमार रावत एक कर्मठ,अनुशा सित एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं, जि न्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने,अपराध नियंत्रण में प्रभावी कार्यवाही करने तथा आमजन के साथ बेह तर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व एवं अनु भव का लाभ विभाग को सदैव प्राप्त होता रहेगा तथा उनके द्वारा स्थापित कार्यशैली अन्य अधिका रियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।समारोह के दौ रान विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मनोज कुमार रावत के सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व की प्रशं सा की गई।उनके कार्यकाल में टीम भावना, पारद शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की सं स्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने में उनके योग दान को विशेष रूप से सराहा गया।इस अवसर पर श्री मनोज कुमार रावत ने भी अपने उद्गार व्य क्त करते हुए जनपद में बिताए गए समय को अप ने सेवा जीवन का महत्वपूर्ण एवं यादगार अध्याय बताया तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।उन्होंने कहा कि यहां का अनुभव उनके आगामी दायित्वों के नि र्वहन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। जनपद में अपने कार्यकाल के दौरान मनोज कुमार रावत के द्वारा कजरी तीज,होली, दीपावली,ईद,मोहर्रम,विज यदशमी तथा लोकसभा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण अवसरों एवं आयोजनों को सकुशल,शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया।इन सभी अवसरों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने में उनके कुशल नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया। उनके इस सराहनीय कार्य की जनपद स्तर पर व्यापक प्रशंसा की गई।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारीगण, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन भावनात्मक एवं आत्मी य वातावरण में हुआ,सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने मनोज कुमार रावत को विदाई देते हुए उन के स्वस्थ सुखद एवं सफल भविष्य की कामना की ।

# इक्कीस हजार ननिहालों की जान खतरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जनपद में दो सौ परिषदीय विद्यालयों के भव नों के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइनें गुजर रही हैं कई विद्यालय में विद्युत ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं और इन विद्यालयों में तारों का मकड़जाल भी फैला हु आ है तारों को सुरक्षित भी नहीं किया गया है।जि ससे इन विद्यालयों में पढ़ रहे इक्कीस हजार से अ धिक छात्र-छात्राएं की जान को हर समय खतरा ब ना रहता है।कुछ ऐसी ही तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है।जहां प्राथमिक विद्यालय बखर वा में 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन गुजर रही है,जिससे बच्चों को लगातार खतरा बना रहता है। विद्यालय परिसर के अंदर ट्रांसफार्मर और खुले ता र भी मौजूद हैं।सहायक अध्यापक सुधीर कुमार मिश्रा ने इस संबंध में कई बार विभाग को पत्र लि खा है,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।इसी तरह उ च्च प्राथमिक विद्यालय मेहनौन परिसर से तैतीस

हजार केवीए की विद्युत लाइन गुजर रही है यहां पर चार खंभों पर बड़ा विद्युत ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ है।प्राथमिक




विद्यालय अयाह द्वितीय इटिया थोक में भी विद्यालय परिसर से भी हाई टेंशन ला इन के तार गए हुए हैं।जिससे बच्चों को गेट पर क रने में काफी डर लगता है कि कहीं तार टूट करके गिर ना जाए। प्राथमिक विद्यालय सरकण्डा प्रसाद से भी हो करके 11हजार केवीए विद्युत लाइन गई हुई है इसे भी हटाने के लिए विभाग द्वारा भी कोई ठोस कदर नहीं उठाया जा रहा है।यहां पर ठीक विद्यालय के पास विद्युत ट्रांसफार्मर भी लगा दिया गया है और काफी तार भी फैले हुए हैं।प्राथमिक विद्यालय छतौनी के पास एकदम विद्युत ट्रांसफा र्मर लगा हुआ है इसके परिसर से भी हाई टेंशन लाइन के तार गए हुए है।इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, वर्ष 2022 में तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी थी, जिसमें इन तारों को हटवाने की मांग की गई थी।इस रिपोर्ट के आधार पर, शासन ने वर्ष 2025 में लाइन शिफ्टिंग के लिए 1.55 करोड़ रुपये का बजट जारी किया था और संबंधित वि भागों को निर्देश दिए थे।हालांकि,बजट जारी होने और निर्देश मिलने के बावजूद,अभी तक इन दो सौ परिषदीय विद्यालयों के भवनों के ऊपर से गुज र रही हाईटेंशन लाइनों को हटाया नहीं गया है। बि जली विभाग द्वारा इस बजट को लेकर कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है।चार सालों से विभाग द्वारा लगातार बिजली विभाग को पत्र लिखा जा रहा है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है एक साल पह ले बजट भी मिल गया है।लेकिन बजट मिलने के बावजूद भी बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लिखे जा रहे पत्र पर बिजली विभाग कोई अमल करने को तैयार नहीं है।16 मार्च को बेसिक शिक्षा निदेशक ने भी सभी जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिका रियों को भी पत्र जारी करके तत्काल प्रभाव से ला ने हटाने को लेकर निर्देश दिया था

लेकिन उसे पत्र पर भी अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।डर के साए में इन दो सौ परिषदीय विद्यालयों के कमरों में बैठ कर के बच्चे किसी तरीके से पढ़ाई करते हैं बाहर जब पानी लेने जाते हैं तो उनको डर लगता है।एक बार फिर से दस अप्रैल को बीएसए अमित कुमार सिंह ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को पत्र लि खकर सूचना मांगी है। गोंडा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि परिष दीय विद्यालय के ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइ न को हटाने के लिए विभाग द्वारा कई बार पत्र भी भेजा गया है लाइन शिफ्टिंग को लेकर के कई बार मेरे द्वारा कहा भी गया लेकिन अभी तक कोई का र्रवाई नहीं हुई है।मेरे द्वारा अभी जल्द में ही बिज ली विभाग को पत्र भेजा गया है कि हमारे जितने भी परिषदीय विद्यालय के ऊपर से हाई टेंशन लाइ न के तार गए हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जा ए,बिजली विभाग ने आश्वासन दिया है कि हटाया जाएगा हम लोग भी चाहते हैं कि हमारे बच्चे सुर क्षित पढ़ें और बच्चों को कोई दिक्कत ना हो।पथ वलिया स्थित कंपोजिट विद्यालय भी इसी सूची में शामिल था। बताया जा रहा है कि दस अप्रैल को हादसे वाले दिन जिस दिन रंजीत तिवारी की मौत हुई है उस दिन भी विद्यालय के ऊपर से गुजर रही लाइन में स्पार्किंग हो रही थी। यह देखकर रंजीत तिवारी वहां खेल रहे बच्चों को हटाने पहुंचे थे उन की चेतावनी पर बच्चे तो सुरक्षित स्थान पर चले गए,लेकिन इसी दौरान तार टूटकर रंजीत पर गिर पड़ा और वह उसकी चपेट में आ गए जिससे उन की मौत हो गई थी।

### ग्रन्थ ईश्वर और धर्म का लोकार्पण

गोरखपुर । गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब, गोरखपुर में पूर्वांचल हिन्दी मंच के तत्त्वावधान में डॉ. उषा द्विवेदी की सद्यः प्रकाशित आलोचनात्मक शोधकृति 'छायावादोत्तर हिन्दी कविता में ईश्वर और धर्म' नामक ग्रन्थ का लोकार्पण विद्वान साहित्यकारों द्वारा किया गया। प्रथमतः ग्रन्थ- लेखिका डॉ. ऊषा द्विवेदी द्वारा आत्मवक्तव्य दिया गया। मुख्य अतिथि प्रो. अनंत मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परिवेश कभी भी ईश्वर और धर्म की चिन्ता से विमुक्त नहीं हुआ। मनुष्यता मात्र चाहे वह आस्तिक हो किं वा नास्तिक, धर्म और ईश्वर से टकराने से वंचित कभी नहीं हुई। मुख्य वक्ता प्रो. रामदरश राय ने कहा कि आत्मा-परमात्मा के अद्वैत और अस्तित्व को 'नैशां तर्केण...' या कि 'नेति-नेति' कहकर ईश्वरीय खोज की यात्रा को विराम-विश्राम दिया जाता रहा है। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. उमाकान्त राय ने ग्रन्थ-लेखिका के ईश्वर और धर्म विषयक विमर्श को आज के वैज्ञानिक युग में प्रासंगिक ठहराया। डॉ. फूलचन्दप्रसाद गुप्त, डॉ. आर. के. राय, डॉ. शाकिर अली खां, आज के सम्पादक श्री अखिलेख चन्द, डॉ. विनयमोहन त्रिपाठी, डॉ. अजय अनजान, डॉ. अभिताभ पाण्डेय, डॉ. अंगदकुमार सिंह ने कृति और कृतिकार को शुभकामना और बधाई दी । डॉ. संजयन त्रिपाठी और डॉ. अजय अनजान ने स्वागत वक्तव्य दिया। डॉ. अंगदकुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया। संचालन का गम्भीर दायित्व निभाया डॉ. अमिताभ पाण्डेय ने। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रन्थ के अक्षर संयोजक महेशनारायण त्रिगुणायत, प्रकाशक सौरभ सिंह एवं लेखिका की सासू मां श्रीमती पुष्पा देवी को सम्मानित किया गया।

### बीएचयू में नियमितीकरण की मांग, रातभर धरने पर बैठी रही संविदा महिला कर्मचारी

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में 199 जूनियर क्लर्क पदों की भर्ती परीक्षा को लेकर शुरू हुआ विवाद अब गहराने लगा है। विश्वविद्यालय के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पिछले 6 दिनों से विश्वविद्यालय परिसर स्थित मधुबन में धरने पर बैठे हैं। धरने में शामिल कर्मचारी विश्वविद्यालय प्रशासन के रवैये को लेकर बेहद नाराज है। उनका दो टूक कहना है कि जब तक उनके नियमितीकरण का मामला सुलझ नहीं जाता, तब तक नई भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ के राम किशोर जिलाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष बने राहुल कन्नौजिया

**चुनाव अधिकारी संजय तोमर और सह चुनाव अधिकारी अवनीश कुमार की देखरेख में हुआ चयन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद में ग्राम विकास अधिकारी संघ की जिला शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार को होटल ग्रांड शारदा में आयोजित चुनाव प्रक्रिया के दौरान किया गया। जिला कार्यकारिणी का गठन ग्राम विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय तोमर एवं चुनाव अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष अवनीश कुमार सह चुनाव प्रभारी की देखरेख में संपन्न हुआ।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हुए चुनाव में सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें संघ से जुड़े तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।चयनित पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष पद पर रामकिशोर ग्राम विकास अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में आर्येन्द्र कुमार, जिला मंत्री के रूप में सौरभ गंगवार, उपाध्यक्ष पद पर राकेश



कुमार तथा कोषाध्यक्ष के रूप में राहुल कन्नौजिया निर्वाचित हुए।इसके अलावा ऑडिटर के रूप में मेवालाल, संगठन मंत्री के पद पर नागेंद्र कुमार, संयुक्त मंत्री के रूप में ललित मोहन गंगवार तथा क्षेत्रीय प्रतिनिधि के तौर पर सुधीर कुमार को जिम्मेदारी दी गई।कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र पाल और प्रवीण मौर्य को शामिल किया गया।कार्यक्रम के अंत में चुनाव अधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। संगठन की ओर से अतिथियों एवं निर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रामकिशोर ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पवन पटेल, राहुल भारती, राजेश गौतम, अतुल कुमार,राहु आदि।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान की बनी रणनीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान' की रूपरेखा तय करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन द्वारा 12 से 20 अप्रैल के बीच जनपद में अभियान चलाया जाएगा इसके लिए विधानसभा स्तर तक संयोजकों की नियुक्ति कर दी गई है, ताकि कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने और अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए महिला सम्मेलन, नारी शक्ति पदयात्रा, स्कूटी रैली, महिला दौड़ और सांस्कृतिक



कार्यक्रमों के जरिए जनजागरण किया जाएगा अभियान के सफल संचालन हेतु महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा को जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है बैठक में जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, रेखा सिंह परिहार, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और अभियान की सफलता के लिए रणनीति साझा की वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है।

# प्रथम बार गजरौला पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने जब से जिले में भारतीय जनता पार्टी की कमान संभाली है। उनका पूरे जनपद में जगह-जगह भव्य स्वागत समारोह लगातार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो द्वारा किया जा रहा है। विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत गजरौला कला में भी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का प्रथम आगमन पर मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के नेतृत्व में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन मॉडर्न इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में किया गया हैं। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,जिला मंत्री मंगली प्रसाद,जिला



मंत्री सतपाल वर्मा, जगदीश मौर्य, राधेश्याम मौर्य,प्रेमपाल मौर्य, गोविंद पासवान, गिरजा शंकर मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

# आजाद समाज सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट गेट के बगल स्थापित कराया वाटर कूलर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आजाद समाज सेवा समिति द्वारा कलेक्ट्रेगेट के निकट जरूरतमंदों को निशुल्क पानी पीने के उद्देश्य से वाटर कूलर स्थापित कराया गया। जिसका शुभारंभ अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व देश भक्ति के जोरदार नारों के बीच संस्था के संस्थापक व राज्यसभा सांसद संजय सिंह द्वारा किया गया। वाटर कूलर के शुभारंभ के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सिंह ने कहा कि सन 1994 में आजाद समाज सेवा समिति का गठन जरूरतमंदों की सेवा व रचनात्मक कार्यों के उद्देश्य से किया गया था। तब से लेकर आज तक यह संस्था कलेक्ट्रेट गेट के बगल ही जरूरतमंदों को स्वच्छ व ठंडा पानी पीने के उद्देश्य से निशुल्क प्याऊ व्यवस्था




अनवरत करती रही है। इसके अतिरिक्त रक्त के अभाव से जिंदगी मौत से जूझ रहे मरीज की जान बचाने हेतु रक्तदान जिला अस्पताल में लावारिस मरीजों की देखरेख अमर शहीदों की जयंती वी पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न आयोजन करना से बचने के लिए ठंड के महीने में लोगों को ठंड से बचने के लिए हजारों लोगों को कंबल वितरण गरीब बच्ची सैकड़ो बच्चियों को पढ़ाई के लिए उद्देश्य से साइकिल वितरण, सैकड़ो महिलाओं के जीव कोपार्जन हेतु सिलाई मशीन का वितरण जैसे रचनात्मक कार्य संस्था द्वारा अनवरत 32 वर्षों से किया जाता रहा है जिसके लिए संस्था के समस्त पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं सांसद संजय सिंह ने यह भी कहा कि संस्था कभी भी सरकारी आर्थिक सहयोग नहीं लेती बल्कि सुल्तानपुर की संभ्रांत जनता के सहयोग से संस्था निरंतर कार्य करती रही है। इसके लिए जनपद के समस्त सहयोगियों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार कमलनाथ पांडे, केएनआई के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर राधेश्याम सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत तिवारी, सपा नेता शकील अहमद, शशि प्रकाश सिंह, दिल्ली के पूर्व विधायक विधानसभा सचेतक दिलीप पांडे, सरदार बलदेव सिंह आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने आए हुए संस्था के सभी अतिथियों का अभिनंदन व स्वागत किया।

# भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी नगर पालिका नैनीताल स्वच्छ भारत मिशन अभियान की जमकर उड़ रही हैं धज्जिया

**नगर पालिका खुद है बीमार तो कैसे होगा नगर का विकास नहीं दे रहे नगर विकास मंत्री ध्यान**

**नगर पालिका की भ्रष्टाचार नीतियों को उजागर कर रही समाजसेवी संध्या शर्मा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत मचा हड़कंप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल में स्थित नगर पालिका में फैले भ्रष्टाचार को लगातार समाजसेवी संध्या शर्मा उजागर कर रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत में लिखा है। कि नगर पालिका के कार्यालय की भयावह धूल,जर्जर फर्नीचर,वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैठने एवं पानी व्यवस्था की कोई व्यवस्था नहीं है। शिकायत में उन्होंने कहा कि पालिका नैनीताल जहाँ से पूरे नगर की साफ सफाई,नागरिक सुविधाएँ और जनसेवा संचालित होती हैं।खुद ही अत्यंत दयनीय,जर्जर और बदहाल स्थिति में पहुँच चुकी है। नगर की प्रशासनिक रीढ़ माने जाने वाले इस संस्थान के अंदरूनी कमरों और कार्यालयों का हाल देखकर स्पष्ट हो जाता है। कि यहाँ बुनियादी रखरखाव ठीक से नहीं हो पा रहा है।नगर पालिका कार्यालय के कमरों में भारी मात्रा में धूल जमी हुई है।जिससे कर्मचारियों और आगंतुकों के स्वास्थ्य को गंभीर उत्पन्न हो सकता है। कर्मचारियों की कुर्सियाँ टूटी,हिलती हुई और जर्जर अवस्था में हैं,जो कामकाज को असुरक्षित और असुविधाजनक बनाता है। कार्यालय की अलमारियाँ फर्नीचर टूटे हुए हैं, दराजें खराब हैं,कार्यालय के कई कमरों में दीवारों का पेंट पूरी तरह उखड़ चुका है।जिससे वातावरण गंदा और अस्वास्थ्यकर दिखता है। शीशे,खिड़कियाँ और दरवाजे टूटे हुए हैं।जो सुरक्षा और सफाई दोनों के लिए हानिकारक है।नगर पालिका में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए न बैठने की व्यवस्था है और ना ही कार्यालय में स्वच्छ जल पीने के लिए आरओ सिस्टम लगा है। नगर के बीचो-बीच स्थित इस नगर पालिका में आने वाले उच्च अधिकारियों का भी ध्यान नगरपालिका में फैले इस भ्रष्टाचार की ओर नहीं जाता है।

# नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर भाजपा सक्रिय, 12 से 20 तक होंगे कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक जनपद में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 14 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें नारी शक्ति सम्मेलन, पदयात्रा, महिला बाइक रैली, नारी शक्ति मार्च, विजय दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जनजागरूकता अभियान



प्रमुख हैं। जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि अभियान के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों और सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, डॉ प्रीति प्रकाश, विजय रघुवंशी, रेखा निषाद, पूजा कसौधन, रागिनी मिश्रा, रेनू सिंह, रचना अग्रवाल, मनोज श्रीवास्तव, अरुण दूबे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गेंहू की फसल काटने से रोका पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में गिरवी रखी कृषि भूमि पर बोई गई गेहूं की फसल को लेकर विवाद सामने आया है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव जहूरगंज निवासी काशीराम पुत्र तेजराम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उन्होंने बंजरिया निवासी मनदीप कौर से साढ़े सात बीघा कृषि भूमि 1 लाख 70 हजार रुपये में गिरवी ली थी। काशीराम के अनुसार उन्होंने खेत में गेहूं की फसल बोई थी और 11 अप्रैल को करीब तीन बजे वह कम्पाइन से फसल कटवाने पहुंचे, लेकिन मनदीप कौर ने फसल काटने से रोक दिया। पीड़ित का आरोप है कि फसल काटने नहीं दी जा रही है और झूठे आरोप लगाकर रुपये हड़पने की कोशिश की जा रही है। काशीराम ने रविवार दोपहर एक बजे पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## गुरुद्वारे के पास दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी जातून बेगम 55 पत्नी जहूर अपने पुत्र जीशान के साथ बाइक से शादी समारोह में जा रही थीं। उनके साथ बाइक पर उनकी देवरानी साजदा 50 पत्नी सलारी भी सवार थीं। जैसे ही वे कजरी चौराहा स्थित गुरुद्वारा के पास पहुंचीं, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों महिलाएं सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि बाइक चला रहे जीशान को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को पूरनपुर सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। जबकि दुसरी बाइक चालक मौके से फरार हो गया हैं।

## पूरनपुर में विकास बनाम जिला राजनीति:जनप्रतिनिधियों पर उठे सवाल,पलिया प्रस्ताव पर भी घमासान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों की भूमिका एक बार फिर सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरनपुर लंबे समय से अपेक्षा का शिकार बना हुआ है यदि सांसद और विधायक गंभीरता से प्रयास करते, तो अब तक क्षेत्र का व्यापक विकास हो चुका होता इसी बीच पलिया को जिला बनाने की मांग ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। विधायक रोमी साहनी के बयान का खंडन करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने स्पष्ट कहा कि पूरनपुर स्वयं जिला बनने की पूरी क्षमता रखता है, ऐसे में उसे पलिया में जोड़ने की बात पूरी तरह अनुचित है उन्होंने तर्क दिया कि पूरनपुर भौगोलिक, प्रशासनिक और जनसंख्या के आधार पर सभी आवश्यक मानकों को पूरा करता है यहां पहले से कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय, पर्याप्त आबादी और विस्तृत क्षेत्र मौजूद है, जो इसे स्वतंत्र जिला बनाने के लिए सक्षम बनाते हैं उन्होंने यह भी कहा कि यदि नए जिले के गठन पर विचार होता है, तो पूरनपुर को प्राथमिकता मिलनी चाहिए वहीं, स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर अपेक्षित कार्य नहीं हुआ कई योजनाएं कागजों तक सीमित रह गईं, जिससे आम जनता को पूरा लाभ नहीं मिल सका लोगों का मानना है कि जिला बनने की क्षमता के बावजूद पूरनपुर को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है हालांकि, कुछ लोग हाल के वर्षों में विकास कार्यों में आई तेजी को सकारात्मक मानते हैं, लेकिन उनका कहना है कि अभी भी काफी कुछ किया जाना बाकी है ऐसे में अब क्षेत्रवासियों की नजरें जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं कि वे कब तक पूरनपुर के समग्र विकास और जिला गठन जैसे मुद्दों पर ठोस पहल करते हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर अधेड़ की हुई मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमरौली क्षेत्र के गांव मोती दुबे का पुरवा के पास रेलवे क्रासिंग पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित मोती दुबे का पुरवा गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग पर बीती रात करीब डेढ़ बजे के लगभग एक युवक की ट्रेन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है। रेलवे से प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान किया तो पता चला कि मृतक जय प्रकाश गिरी पुत्र कन्हैयालाल गिरी उम्र पचपन वर्ष निवासी ग्राम पूरे गोसाई थाना कमरौली का रहने वाला है। घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दे दिया है यह खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रो रोकर बुरा हाल रहा। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है।

# सुरक्षित भूमि पर मूर्ति स्थापित और राजस्व एवं पुलिस टीम पर पथराव करने वाले नौ लोग गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना रामगंज पुलिस ने क्षेत्र के गांव नरहरपुर में सरकार की सुरक्षित भूमि पर डा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित करने और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुये राजस्व एवं पुलिस टीम पर पथराव करने वाले तीन प्रकाश में आये व छह नामजद सहित कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के गांव नरहरपुर में ग्रामीणों द्वारा सरकार की सुरक्षित भूमि पर डा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित की गई थी जिसकी खबर स्थानीय तहसील एवं पुलिस प्रशासन तक पहुंची तो प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचकर सुरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया था। प्रशासन की कार्यप्रणाली से खफा होकर ग्रामीण उग्र हो गये और राजस्व एवं पुलिस टीम पर पथराव शुरु कर दिया था जिसके बाद पुलिस ने सार्वजानिक सम्पत्ति निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं




के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।थाना रामगंज पुलिस ने प्रकाश में आये कुल रमेश यादव पुत्र शोभनाथ यादव,ब्रजेश यादव, विजय शंकर पुत्रगण दयाराम निवासीगण ग्राम नरहरपुर थाना रामगंज एवं वांछित विजय कुमार उर्फ मुन्ना पुत्र राजाराम, अखिलेश कुमार कोरी पुत्र सुरेश कुमार,सूरज कुमार पुत्र कल्लूराम,जगन्नाथ पुत्र रामनाथ,उमेश कुमार पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम नरहरपुर थाना रामगंज के साथ ही सूरज कुमार पुत्र कमलेश निवासी ग्राम अधारपुर थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवकों द्वारा ग्यारह अप्रैल को थाना क्षेत्र रामगंज के ग्राम नरहरपुर में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के उददेश्य से मूर्ति स्थापित करने की कोशिश की जा रही थी।उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में नियमानुसार अतिक्रमण हटाया जा रहा था उसी दौरान गिरफ्तार युवकों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालते हुये पुलिस व राजस्व टीम पर पत्थरबाजी करने की घटना कारित की गई थी। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## गोमती नदी में डूबने से युवक की मौत

शुकुल बाजार अमेठी, थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव सत्थिन स्थित गोमती नदी में नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे जहां उसे नदी से निकाल कर अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बताते चलें कि थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव पूरब देवकली निवासी शाहिद अफरीदी पुत्र मोईद अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने मुंबई से गांव आया था और अपने साथियों के साथ नदी में नहाने गया था जहां वह गहरे पानी में चला गया। इसकी खबर मिलते ही स्थानीय लोग नदी की तरफ दौड़ पड़े और स्थानीय पुलिस को घटना के क्रम से अवगत कराया पुलिस ने युवक को नदी से बाहर निकलवाया और आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। बताया जाता है कि मृतक अपने घर का बड़ा बेटा था और वह परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी उठा रहा था।

## सम्पादकीय

# हार-जीत नहीं है संघर्ष विराम

खुद को विश्व शांति और स्थिरता का ठेकेदार समझने वालों को संघर्षविराम की जरूरत समझने में 40 दिन लग गए। इस अवधि में दिखाई पड़े तबाही के मंजरों के मद्देनजर कोई भी समझदार व्यक्ति संघर्ष विराम का स्वागत ही करेगा लेकिन फिर भी यह सवाल अनुत्तरित है कि आखिर इस युद्ध से हासिल क्या हुआ? 15 दिनों के लिए घोषित संघर्ष विराम के बीच अमरीका और ईरान के प्रतिनिधि पाकिस्तान में उन शर्तों पर बातचीत करेंगे, जिन पर सहमति के बाद इस युद्ध का अंत हो जाएगा। पहले भी 26 फरवरी को जेनेवा में हुई बातचीत में कई मुद्दों पर सहमति बन गई थी लेकिन वार्ता के अगले दौर से पहले ही ईरान पर हमले शुरू हो गए। जाहिर है, ईरान की ओर से भी जवाबी हमले होने ही थे। परिणामस्वरूप न सिर्फ ये 3 देश, बल्कि खाड़ी के सभी देश जंग के बीच तबाही झेलते रहे, जिसकी मार ऊर्जा संकट और महंगाई के रूप में शेष विश्व को भी झेलनी पड़ी। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अगर संबंधित पक्षों ने पहले ही संघर्ष की बजाय संवाद के जरिए समाधान खोजा होता तो इस तबाही से बचा जा सकता था। युद्ध के बीच अपनी-अपनी जीत के दावे करते हुए भी ईरान और अमरीका का अचानक संघर्ष विराम पर सहमत हो जाना बताता है कि जमीनी हकीकत क्या रही होगी। अपने दूसरे राष्ट्रपति काल के पहले ही साल में 8 संघर्षविराम करवाने का दावा करते हुए शांति का नोबेल मांगने वाले अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इन 40 दिनों में 'बर्बादी के बादशाह' ज्यादा नजर आए। सत्ता परिवर्तन के घोषित उद्देश्य के साथ किसी दूसरे देश पर हमले कम-से-कम लोकतांत्रिक सोच तो नहीं मानी जा सकती लेकिन विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र माने जाने वाले अमरीका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऐसा कर दिखाया। तर्क दिया जा सकता है कि जो व्यक्ति सेना भेज कर वेनेजुएला से उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा चुका हो, उसके लोकतांत्रिक होने की गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए। तर्क निराधार नहीं है, पर सच यह भी है कि अगर वेनेजुएला प्रकरण में अन्य देशों ने अपनी वैश्विक जिम्मेदारी का अहसास करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया की होती तो शायद पश्चिम एशिया को 40 दिन की यह युद्ध विभीषिका नहीं झेलनी पड़ती, जिसकी तपिश दूरदराज के देशों ने भी महसूस की। दरअसल दूसरे राष्ट्रपति काल की शुरुआत से ही ट्रम्प प्रवासियों और टैरिफ जैसे मुद्दों पर वैश्विक व्यवस्था को ही चुनौती देते नजर आ रहे हैं लेकिन ज्यादातर देश अपने-अपने हितों से संचालित होकर खेलते रहे। लंबे खिंचते युद्ध से तबाही और उसकी तपिश महसूस कर इस बार अमरीका के उन परंपरागत मित्र देशों ने भी उसका साथ देने से इंकार कर दिया, जिन्हें ट्रम्प अपने साथ ही मान कर चलते रहे। अमरीका के साम्राज्यवादी और भोगवादी चरित्र के बावजूद वहां के नागरिकों ने भी सड़कों पर उतर कर ट्रम्प के इस युद्धोन्माद का विरोध करने का साहस दिखाया। इसी साल होने वाले मध्यावधि चुनावों के मद्देनजर विरोधी डैमोक्रेट्स को कारगर मुद्दा मिल गया, तो रिपब्लिकन्स भी अपने राष्ट्रपति की हरकतों के राजनीतिक खतरे महसूस करने लगे। कहना नहीं होगा कि इन चौतरफा दबावों के बीच संघर्ष की राह तलाशते हुए भी ट्रम्प अपने अहंकारी कारोबारी चरित्र से बाज नहीं आए। सप्ताहांत में युद्ध समाप्ति की भविष्यवाणी से बाजार में गिरावट तथा फिर सप्ताह के शुरू में युद्धोन्माद और भड़का कर ट्रम्प द्वारा अपने करीबियों को शेयर बाजार से मुनाफा कमाने के किस्से अमरीकी मीडिया में आम हैं। कभी ट्रम्प स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से अमरीका को बेपरवाह बता कर अन्य देशों पर उसे खुलवाने के लिए दबाव बनाते दिखे, तो कभी 48 घंटे में उसे न खोलने पर ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की धमकी देते। कभी चार दिन का अल्टीमेटम देकर उसे 10 दिन तक बढ़ा दिया, तो फिर ईरानी सभ्यता की ही समाप्ति के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दे दिया। जाहिर है, किसी जिम्मेदार लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति से ऐसा आचरण अपेक्षित नहीं लेकिन यही हमारे समय का सच है। अनेक बार हमले के लक्ष्य हासिल कर लेने और ईरान का सैन्य ही नहीं, शासकीय ढांचा भी नष्ट करने के दावे करने वाले ट्रम्प अगर अब 40 दिनों बाद 15 दिनों के संघर्ष विराम पर सहमत हो गए तो उसकी सफलता को ले कर आश्वस्त होना आसान नहीं। ध्यान रहे कि पिछले साल भी ऐसा संघर्षविराम हुआ था और इस साल भी संवाद के जरिए समाधान की कोशिशों के बीच ईरान पर हमला बोला गया।

# हिंदी यात्रा साहित्य के जनक महापंडित राहुल सांकृत्यायन

महापंडित राहुल सांकृत्यायन...एक ऐसा व्यक्तित्व जिन्होंने 20वीं सदी में भारतीय ज्ञान परंपरा को विश्व पटल पर पुनर्जीवित किया। महापंडित राहुल सांकृत्यायन (1896-1963) न केवल एक अथक यात्री थे, बल्कि एक विपुल लेखक भी थे जिन्होने 13 साल की उम्र में पहली बार घर छोड़कर अपनी यात्रा शुरु की। उन्होंने यात्रा वृतांत को 'साहित्यिक रूप' दिया इसलिए राहुल सांकृत्यायन को हिंदी यात्रा साहित्य का जनक कहा जाता है। उन्होंने अपने जीवन के 45 वर्ष अपने घर से दूर अन्वेषण में बिताए। अपने जीवन के विभिन्न चरणों में राहुल सांकृत्यायन एक वैष्णव मठ के महंत, किसान आंदोलन कारी, बौद्ध भिक्षु, स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी थे। हालांकि उनका सबसे बड़ा योगदान अपनी यात्राओं के माध्यम से भारत और तिब्बत के बीच प्राचीन संबंधों को फिर से उजागर करना और प्रचुर सामग्री भारत वापस लाना था। मिन्हाजू सिराज ने अपनी पुस्तक 'तबकात -ए-नासरी' में 12वीं शताब्दी के अंत में नालंदा, विक्रमशिला और उदवंतपुरी के प्राचीन विश्वविद्यालयों के विध्वंस का वर्णन किया है। मुख्य रूप से बौद्ध शाक्य सम्प्रदाय के मठों में संग्रहित कई अमूल्य पांडुलिपियों को तिब्बत से वापस लाए। इन ग्रन्थों को पलायनकारी भिक्क्षु अपने साथ तिब्बत ले गए थे। तिब्बत के मौसम ने यह सुनिश्चित किया कि ये प्रकृति की अनिश्चितताओं से नष्ट न हो।महापंडित ने संस्कृत, पाली और अन्य भाषाओं में दुर्लभ पांडुलिपियों को प्राप्त करने के लिए तिब्बत में लगातार चार अभियानों का नेतृत्व किया और उनके प्रयासों ने बुद्ध की शिक्षाओं को पुनर्जीवित किया जो विलुप्तता के कगार पर थीं। अपने प्रयासों से वह न केवल इन दुर्लभ हिंदू और बौद्ध ग्रंथो की प्रतियां वापस लाए बल्कि उपमहाद्वीप की भूली हुई विरासत और इतिहास पर भी प्रकाश डाला। राहुल सांकृत्यायन ने स्वयं पाली सीखी और बौद्ध ग्रंथ मध्यम निकाय का अध्ययन किया जिसमें बौद्ध प्रवचनों का वर्णन है। राहुल सांकृत्यायन के अनुसार, तिब्बत की उनकी यात्राएं अच्छे और बुरे दोनों अनुभवों से पूर्ण थी। जहां उन्होंने भारी कठिनाइयों का सामना किया, वहीं कुछ अनुभव बहुत अच्छे थे। उन्हें प्राचीन ताड़ के पत्तों की पांडुलिपियों के साथ-साथ भारतीय शैली की अमूल्य स्क्रॉल पेंटिंग भी मिली। 1926 में राहुल जी ने अपनी पहली तिब्बत यात्रा ज्यादातर पैदल तय की। उस यात्रा में उनका साथी केवल एक कुत्ता था। तिब्बत की उनकी बाद की यात्राओं में घोड़े तथा खच्चर यात्रा के साधन थे। उन्होंने लिखा है कि उनके पास जो पैसे थे उनमें से ज्यादातर यात्रा खर्च के लिए भी पर्याप्त नहीं थे। वह आगे लिखते हैं कि उन्हें कभी दूसरों से पैसा उधार लेना पसंद नहीं था, लेकिन तिब्बत में उन्हें इस व्यक्तिगत प्रवृत्ति को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। 1933-34 में अपनी दूसरी यात्रा के दौरान उन्होंने अपने उल्लेखनीय साथी, मित्र, दार्शनिक, कलाकार और भिक्षु 'गेदुन चोफ़ेल' से मुलाकात की। राहुलजी के अनुसार तिब्बत एक सुनहरा पुल था जिस पर वे एक-दूसरे से मिले थे। उनकी दोस्ती पारस्परिक सम्मान पर आधारित थी और दोनों ने एक-दूसरे की सोच और दृष्टिकोण को प्रभावित किया। वह गेदुन चोफ़ेल को लेकर भारत वापिस लौटे जिसे तिब्बती विद्वान ने अपने सपने का साकार होना बताया।भारत और तिब्बत के बीच के प्रगाढ़ संबंधों को उजागर करना है। उनकी तिब्बत से 22 खच्चर भर लाई गई पांडुलिपियां अनमोल हैं।महापंडित ने अपने गांव के स्कूल में केवल उर्दू का अध्ययन किया था, लेकिन 30 से अधिक भाषाओं में स्व-शिक्षित थे और 12 से अधिक में पारंगत थे। उन्होंने यात्रा वृतांत से लेकर उपन्यास तक 140 से अधिक ग्रंथ लिखे। उनका सबसे बड़ा योगदान आम जनता के लिए प्राचीन बौद्ध ग्रंथों का सरल हिंदी में अनुवाद करना रहा, जिससे यह सर्वसुलभ हो गया। उन्होंने तिब्बती-हिन्दी शब्दकोश भी लिखा। मूल बौद्ध सिद्धांतों को पढ़ने के लिए उन्होंने स्वयं पाली सीखी। बाद में वे श्रीलंका गये जहां उन्होंने संस्कृत पढ़ाई। राहुल सांकृत्यायन द्वारा लाई गईं अधिकांश पांडुलिपियां काशी प्रसाद जायसवाल संस्थान, पटना में संरक्षित हैं। श्री जयसवाल स्वयं एक प्रसिद्ध इतिहासकार और वकील थे जिन्होंने महापंडित को उनकी यात्राओं के वित्तपोषण और पांडुलिपियों के अनुवाद में सहायता की।राहुल सांकृत्यायन को साहित्य अकादमी और पद्म भूषण सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया । उन्होंने त्रिपटक ग्रंथ का गहन अध्ययन किया और उन्हें' त्रिपटकाचार्य' की उपाधि दी गई । उनकी रचनाएं मुख्य रूप से हिंदी में हैं, जिसके कारण अंग्रेजी भाषी अभिजात वर्ग द्वारा इसे नजरअंदाज कर दिया गया है। उनके समकालीन ज्ञानी उन्हें विलक्षण प्रतिभा का धनी मानते थे। पं. जवाहर लाल नेहरू ने कहा था, 'मैं केवल एक ही राहुल को जानता हूं जो विलक्षण हैं।'हमारा देश वर्तमान में 'सांस्कृतिक पुनरुद्धार' पर की ओर अग्रसर है। हमें महापंडित जैसे लोगों का अध्ययन करने और उनके योगदान से सीखने की जरूरत है। राहुल सांकृत्यायन ने जनमानस की चेतना से मिटाए गए ग्रंथों को फिर से खोजा। उनका लेखन भारत और तिब्बत के बौद्ध संबंधों और विरासत को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। महापंडित का जीवन 'चरैवेति -चरैवेति' वाक्यांश में समाहित है, जिसका अर्थ है निरंतर चलते रहो। 'बदलाव' भी उनके जीवन का उपयुक्त वर्णन होगा। राहुल सांकृत्यायन भारतीय ज्ञान तथा परंपरा के प्रतीक हैं जिसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। उन्होंने अपना समय एवं ऊर्जा, हमारे प्राचीन ग्रंथों और संस्कृति के अध्ययन की पुनः खोज और उनके माध्यम से भारत और तिब्बत के बीच के संबंधों को और भी प्रगाढ़ करने में समर्पित किया जिसके लिये वह साधुवाद के भागी हैं।करीब 100 साल पहले राहुल सांकृत्यायन द्वारा तिब्बत से लाई गई विश्व प्रसिद्ध पांडुलिपियां आज भी अपने पूर्ण संरक्षण और अनुवाद की प्रतीक्षा कर रही हैं। यह धरोहर न केवल धार्मिक है, बल्कि प्राचीन भारत-चीन और तिब्बत संबंधों का सबसे बड़ा ऐतिहासिक प्रमाण भी है।राहुल सांकृत्यायन ने वर्ष 1929 से 1938 के बीच चार बार तिब्बत की दुर्गम यात्राएं की थीं। उन यात्राओं के दौरान उन्होंने मठों और गांवों का सघन सर्वेक्षण कर करीब 10 हजार ग्रंथ एकत्र किए थे। इस विशाल संग्रह का मुख्य हिस्सा उन्होंने बिहार एंड ओडिशा रिसर्च सोसाइटी, पटना को सौंपा था, जबकि दुर्लभ पांडुलिपियों का एक विशेष हिस्सा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण दिल्ली को दिया गया। दिल्ली के धरोहर भवन में रखी इन पांडुलिपियों में सबसे अद्भुत 'सेरडे' संस्करण है, जिसमें 108 पोथियां शामिल हैं। ये पांडुलिपियां हस्तनिर्मित कागज पर शुद्ध सोने की स्याही से लिखी गई हैं, जिन्हें 'कंजूर' यानी बुद्ध के प्रत्यक्ष वचन कहा जाता है। 'भोट' लिपि में लिखे गए इन 845 ग्रंथों को 20वीं शताब्दी की सबसे महत्वपूर्ण विश्व धरोहरों में गिना जाता है।ये ग्रंथ मात्र धार्मिक दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि 7वीं से 11वीं शताब्दी (अर्ली मेडिवल पीरियड) के उस दौर का इतिहास हैं जब लगभग 400 वर्षों तक नालंदा, विक्रमशिला और ओदंतपुरी के विद्वान निरंतर तिब्बत और चीन की यात्रा करते थे। इन ग्रंथों में आचार्य पद्मसंभव, शान्तरक्षित और दीपांकर श्रीज्ञान जैसे विद्वानों के वृत्तांत दर्ज हैं। महापंडित राहुल सांकृत्यायन का बिहार के भागलपुर के सुल्तानगंज से गहरा संबंध था। उन्होंने 1932 में सुल्तानगंज से प्रकाशित होने वाली प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका ''गंगा'' के संपादक पंडित रामगोविन्द त्रिवेदी को बहुमूल्य परामर्श दिए थे। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ''मेरी जीवन यात्रा'' में सुल्तानगंज की 'गंगा' पत्रिका के लिए अनेक ऐतिहासिक व पुरातात्विक लेख लिखने का जिक्र किया है। सुल्तानगंज (भागलपुर, बिहार) से प्रकाशित ''गंगा'' पत्रिका में राहुल जी के लेख छपते थे, जिनमें 'महायान की उत्पत्ति' और 'चौरासी सिद्धि' का जिक्र मिलता है।सुल्तानगंज के इसी समय के दौरान, उन्होंने तिब्बत से लाए गए बौद्ध चित्रों को बेचकर प्राप्त धन से नालन्दा महाविहार के पुनरुद्धार का विचार किया था। महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने 1932 में सुल्तानगंज (बिहार) से निकलने वाली गंगा पत्रिका के सम्पादक पंडित रामगोविन्द त्रिवेदी को परामर्श दिया कि गंगा पत्रिका पुरातत्व विशेषांक प्रकाशित करे। 'गंगा' के स्वामी बनैली राज्य नरेश कुमार कृष्णानन्द सिह थे। उन्होने पुरातत्व विशेषांक के लिये प्रचुर धन प्रदान किया, लेकिन उनकी शर्त थी कि राहुलजी इस विशेषांक के अतिथि सम्पादक के दायित्व का निर्वहन करेंगे। 'गंगा' के पुरातत्व विशेषांक के सम्पादन के लिए राहुलजी को कुछ सप्ताह सुल्तानगंज मे रहना पड़ा। कुमार साहब के राजदरबार में सनातन धर्मावलम्बियों का प्रभुत्व था। सनातनियों को ज्ञात था कि राहुल सांकृत्यायन श्रीलंका के बौद्ध महाविहार में प्रवजित होकर अनीश्वरवादी हो गये। सनातन धर्म के इस तिरस्कार से वे क्षुब्ध थे। उन्होंने कहा, दुनिया के सभी प्रमुख धर्म किसी न किसी रूप में ईश्वर की सत्ता को स्वीकार करते हैं। गुरु नानक, संत कबीर, रामकृष्ण परमहंस, महात्मा गाधी आदि विश्ववंद्य महात्माओं ने भी ईश्वर के अस्तित्व मे आस्था व्यक्त की है, फिर राहुलजी क्यों अनीश्वरवादी हैं? राहुलजी ईश्वर की सत्ता को इसलिए नहीं मानते होंगे क्योंकि बौद्ध धर्म प्रतीत्यसमुत्पाद के नियम, अर्थात कारण-कार्य की श्रृंखला को मानता है। बौद्धधर्म कहता है कि सृष्टि का न तो कोई संचालन करने वाला है, न ही कोई सृजन करने वाला है। बौद्धधर्म की धारणा कि ब्रह्माण्ड का न आरंभ है और न अंत, पूर्णतः मिथ्या है, निराधार है। एक दिन कुमार साहब के दरबार में पण्डितों ने गंगा सम्पादक त्रिवेदीजी से कहा कि ''राहुलजी को कल यहाँ बुला लाइये। इस विषय पर शास्त्रार्थ होगा और हम लोग राहुलजी को ईश्वर मनवाकर दम लेंगे। त्रिवेदीजी लिखते है- ''मैने राहुलजी से सारी कथा कह सुनायी। किन्तु उन्होंने दरबार में जाने की आनाकानी की। राहुल जी राजनैतिक नेताओं और धनपतियों से उदासीन रहते थे। एक बार देशबन्धु चितरंजन दास से आप मिलने गये। थोड़ी देर बैठकर (बुलावा नहीं आने के कारण) बिना मिले ही लौट गये। तिब्बत जाकर दुर्लभ सामग्री आपने पटना-म्यू?जियम को दी। इससे बिहार का तत्कालीन गवर्नर बड़ा प्रसन्न हुआ। उसने प्रसिद्ध इतिहास-वेत्ता श्री काशीप्रसाद जायसवाल के द्वारा राहुलजी को धन्यवाद दिया और मिलने के लिये राहुलजी को बुलाया। किन्तु राहुलजी नहीं मिले। परन्तु मेरे अत्यधिक आग्रह करने पर कुमार साहब को साहित्यानुरागी जानकर दरबार में चलने और विचार विनिमय करने को राजी हो गये। प्रातःकाल से ही योद्धा तीरकमान चढाने लगे और धनुर्वाण मांजने लगे। शाम होते-होते सभी मल्लराज अखाड़े में उतर पड़े। राहुलजी भी मुझे लेकर दरबार में पहुँचे। शिष्ट-विधि के अनन्तर तर्क-वितर्क प्रारम्भ हुये। पंडित लोग आस्तिक दर्शनों के प्रमाण, तर्क और उक्तियाँ उपस्थित करते और राहुल जी खण्डन करते। पूर्व पक्ष से न्याय, वेदान्त, उपनिषद और इनके भाष्यों की गहन-गम्भीर युक्तियां दी जाती और राहुलजी बौद्धदर्शन और विज्ञान के तर्को से उनका खण्डन करते। यह क्रम एक घंटे तक चलने के पश्चात सात्विक विवाद ने तामस रूप ले लिया। हार-जीत के फैसले के लिये बेताब कुछ श्रोता भी शुष्क दार्शनिक तर्क-प्रमाण सुनते-सुनते ऊब चले। वायुमण्डल गम्भीर हो गया। पंडित क्रोधावेश में आकर उबल पडे - यह कुछ नहीं समझता, पूर्वाग्रह-ग्रस्त है, महामूर्ख है।'' दूसरे गरजे, ''यह कुछ नहीं जानता, पल्लव-ग्राही है। मैं तुम्हें जीवन भर विद्यार्थी बनाकर पढ़ा सकता हूँ। राहुल जी नितान्त शान्त बैठे मुस्कराते हुए बोले- ''आप लोगों ने जो कहा वह ठीक हो सकता है। किन्तु मेरे जैसे महामूर्ख से आप ईश्वर नहीं मनवा सकते, मैं विद्यार्थी तो हूं ही, जीवन भर विद्या का अर्थी रहना चाहता हूँ।'' राहुलजी की तर्क-युक्तियों का तो किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। परन्तु उनकी असीम सहनशीलता का लोगों पर जबर्दस्त प्रभाव पड़ा। लोग स्तब्ध और विस्मित हो उठे। इन लोगों को क्या मालूम था कि राहुलजी जेल भी गये तो हंसते रहे। उस दिन मेरे घर पर आकर राहुलजी ने मुझसे ईषद्हास्य के साथ पूछा ''यहां के संस्कृत-महाविद्यालय में कितने अगस्त्य-दुर्वासा है?'' मैंने कहा- अस्मिन अगस्त्य-प्रमुखा प्रदेशे, भूयांस उद्गीथविदो वसन्ति। राहुलजी ने झटपट टिप्पणी की ''उद्गीथविद (वेद-विज्ञाता) होकर भी पाशुपतास्त्र, आग्नेयास्त्र और ब्रह्मास्त्र चलाने में वे बड़े निपुण हैं।'' मैंने कहा- ''वशिष्ठ और द्रोणाचार्य की सन्तान जो है।'' इस पर एक करारा ठहाका लगा।'' **-कुमार कृष्णन**

# मुजफ्फरनगर-दादरी रैली से योगी-अखिलेश साधेंगे वेस्ट यूपी

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब साल भर से कम समय बचा है। चुनाव की आहट ने नेताओं के चेहरों पर बेसब्री और भाषा में तीखापन दिखने लगा है। दादरी में सपा की रैली हो चुकी है और अब बीजेपी 13 को रैली करने जा रही है। मुजफ्फरनगर और दादरी दोनों जगह 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सीधी जीत दर्ज की, लेकिन समाजवादी पार्टी भी आगे की लड़ाई जीतने का दावा कर रही है। मुजफ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कपिल देव अग्रवाल ने 49.6 फीसदी वोट के साथ रालोद के सौरभ से लगभग 18 हजार वोटों के अंतर से जीत दर्ज की, जबकि सपा इस चुनाव में तीसरे स्थान पर थी। इसके बावजूद 2024 लोकसभा चुनाव में सपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर करीब 25 हजार वोट से भाजपा को हरा दिया, जो दिखाता है कि क्षेत्र में जाट-किसान वोट भाजपा से थोड़ा फिसलकर सपा की ओर बढ़ रहा है। दादरी विधानसभा क्षेत्र में 2022 में भाजपा के तेजपाल सिंह नगर ने सपा के राज कुमार को 1.38 लाख वोट के विशाल अंतर से हरा दिया, जो यहां भाजपा की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। हालांकि अखिलेश यादव की हालिया जनसभा और गुर्जर-दलित एकता के नारे यहां सपा के प्रयास को दर्शाते हैं कि वह गुर्जर वोट को भाजपा से अलग करने की कोशिश कर रही है। इसके बावजूद दादरी में भाजपा की मजबूत जड़ें और बड़ा जीत का अंतर दिखाता है कि यहां पार्टी की राजनैतिक स्थिति अभी आक्रामक और अधिक दृढ़ बनी हुई है, जबकि सपा जनसभाओं और आंदोलन के जरिये मतदान

> **पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान, जाट और दलित बहुल 18 जिलों में 2022 विधानसभा चुनावों ने राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दिया था। यहां समाजवादी पार्टी ने अप्रत्याशित उछाल के साथ सबसे अधिक सीटें हासिल कीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी को भारी नुकसान झेलना पड़ा।**

समीकरण बदलने की कोशिश में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान, जाट और दलित बहुल 18 जिलों में 2022 विधानसभा चुनावों ने राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दिया था। यहां समाजवादी पार्टी ने अप्रत्याशित उछाल के साथ सबसे अधिक सीटें हासिल कीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी को भारी नुकसान झेलना पड़ा। दादरी में अखिलेश यादव की हालिया जनसभा और मुजफ्फरनगर में 13 अप्रैल को होने वाली भाजपा की बड़ी रैली इसी क्षेत्रीय गोलबंदी का हिस्सा बन रही है। मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड़, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा और कासगंज जैसे इन जिलों में कुल 84 विधानसभा सीटें हैं। 2022 में सपा ने 35 सीटें जीतीं, जो 2017 के मुकाबले करीब दोगुनी हैं। भाजपा को मात्र 22 सीटें मिलीं, जबकि उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल को सात और अपना दल को तीन सीटें हाथ लगीं। बहुजन समाज पार्टी चार सीटों तक सिमट गई। जाट बहुल जिलों जैसे मुजफ्फरनगर में सपा ने छह में से चार सीटें जीत लीं, जबकि भाजपा को महज एक मिली। बागपत में भी सपा ने तीन सीटें हथिया लीं। किसान आंदोलन का असर साफ दिखा, जहां जाट वोट सपा की ओर खिसके। दलित बाहुल्य क्षेत्रों में भी सपा ने 10 से अधिक सीटें ले लीं, खासकर मेरठ और बुलंदशहर में। भाजपा को गौतमबुद्धनगर और आगरा जैसे शहरी इलाकों में कुछ राहत मिली, लेकिन ग्रामीण इलाकों में हार का सामना करना पड़ा। यह प्रदर्शन पश्चिमी यूपी को सपा का गढ़ बनाने का संकेत देता है। भाजपा अब मुजफ्फरनगर रैली से जाट, किसान और दलित वोटों को फिर से एकजुट करने की कोशिश कर रही है। 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले यह गोलबंदी निर्णायक साबित हो सकती है।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए दूध काफी लाभदायक


दूध को संपूर्ण आहार माना जाता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व बेहतर स्वास्थ्य के लिए काफी आवश्यक माने जाते हैं। आमतौर पर, बच्चों से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक को इसे पीने की सलाह दी जाती है। वैसे हर व्यक्ति दूध को अपनी पसंद के अनुसार सेवन करते हैं। जहां कुछ लोगों को गरम दूध पीना पसंद है, वहीं कुछ लोग ठंडे दूध का सेवन करते हैं। गर्म दूध का एक लाभ यह है कि यह आसानी से पच जाता है। साथ ही दस्त और सूजन सहित अनकंफर्टेबल डाइजेस्टिव लक्षणों को रोकता है। इसके अलावा अच्छी नींद के लिए भी गर्म दूध पीने की सलाह दी जाती है। अगर रात में गर्म दूध का सेवन किया जाए तो वह नर्वस सिस्टम को रिलैक्स करता है, जिससे काफी अच्छी नींद आती है। साथ ही इसमें ट्रिप्टोफ़ेन नामक एमिनो एसिड होता है जो नींद पैदा करने वाले रसायन सेरोटोनिन और मेलाटोनिन का उत्पादन करता है जो आपको बेहतर नींद में मदद कर सकता है। ठंडे दूध को भी सेहत के लिए काफी लाभदायक माना जाता है। यह जलन होने पर एसिडिटी को कम करके आपको राहत पहुंचाता है। इसके अलावा, कैल्शियम की उच्च मात्रा एसिड निर्माण को रोक सकती है और अतिरिक्त एसिड को अवशोषित कर सकती है। इतना ही नहीं, यह इलेक्ट्रोलाइट्स के साथ पैक किया जाता है जो आपके शरीर को निर्जलीकरण से लड़ने में मदद कर सकता है। सुबह?सुबह ठंडा दूध पीने से आप दिन भर हाइड्रेट रह सकते हैं। हालांकि, सोने के समय के दौरान इससे बचें क्योंकि यह पाचन संबंधी मुद्दों को बढ़ावा दे सकता है। ठंडे दूध को एक प्राकृतिक फ़ेस क्लींजर के रूप में भी जाना जाता है। दूध स्वयं में ही एक संपूर्ण आहार है और इसका सेवन एक से अधिक तरीकों से किया जा सकता है। हालांकि आपके लिए कौन सा दूध बेहतर है, यह समय और आपकी स्वास्थ्य स्थिति पर निर्भर करता है। मसलन, सुबह के समय ठंडे दूध का सेवन अच्छा है, जबकि रात में गर्म दूध का सेवन किया जाना चाहिए। इसी तरह, एसिड रिफलक्स होने की स्थिति में ठंडा दूध पीना आपके लिए काफी अच्छा है। वहीं, डायरिया व अपच जैसी स्थिति में गर्म दूध सेहत को लाभ पहुंचाता है।

## धर्म मंत्र

# बैसाखी पर ही गुरु गोविंद सिंहजी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी

सिखों का सबसे बड़ा त्योहार बैसाखी पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जाता है हालांकि इस बार लॉकडाउन के चलते लोगों को इसे घर पर ही मनाना होगा लेकिन सोशल मीडिया से लेकर घरों के अंदर के माहौल पर कोई असर नहीं पड़ा है, चहुँ ओर उल्लास का वातावरण दिख रहा है। उल्लास क्यों ना दिखे, बैसाखी का पर्व खरीफ की फसल के पकने की खुशी का प्रतीक भी है। मान्यता है कि इसी दिन, 13 अप्रैल 1699 को दसवें गुरु गोविंद सिंहजी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। सिख इस त्योहार को सामूहिक जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। बैसाखी नाम वैशाख से बना है। इस दिन लोग सुबह-सुबह सरोवरों और नदियों में स्नान कर मंदिरों और गुरुद्वारों में जाते हैं। गांव हों या शहर सभी जगह लंगर लगाये जाते हैं। पंजाब और हरियाणा के किसान गेहूँ की फसल काट लेने के बाद नए साल की खुशियाँ मनाते हैं। गेहूँ को पंजाबी किसान 'कनक' यानि सोना मानते हैं। इसीलिए बैसाखी पंजाब और आसपास के प्रदेशों का सबसे बड़ा त्योहार है। वैशाखी पर्व 'बंगाल में पैला (पीला) बैसाख' नाम से, दक्षिण में 'बिशु' नाम से और 'केरल, तमिलनाडु, असम में बिहू' के नाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि प्रकृति का यह नियम है कि जब भी किसी जुल्म, अन्याय, अत्याचार की पराकाष्ठा होती है, तो उसे हल करने अथवा उसके उपाय के लिए कोई कारण भी बन जाता है। जब मुगल शासक औरंगजेब द्वारा जुल्म, अन्याय व अत्याचार की हर सीमा लाँघ, श्री गुरु तेग बहादुरजी को दिल्ली में चाँदनी चौक पर शहीद कर दिया गया, तभी गुरु गोविंदसिंहजी ने अपने अनुयायियों को संगठित कर खालसा पंथ की स्थापना की जिसका लक्ष्य था धर्म व नेकी (भलाई) के आदर्श के लिए सदैव तत्पर रहना।

## पर्यटन



# दुनिया के पहले शाकाहारी शहर की करनी है यात्रा तो घूमें गुजरात के पालीताना में

पिछले कुछ समय में दुनिया में शाकाहार की ओर लोग आकर्षित हुए हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने मांसाहार छोड़कर शाकाहार का रास्ता अपनाया है। आजकल तो कई रेस्टोरेंट आदि में भी पूरी तरह से वेज होने का दावा किया जाता है। लेकिन अगर आप दुनिया के पहले शाकाहारी शहर को देखना चाहते हैं तो आपको गुजरात जाना होगा। जी हां, गुजरात में मौजूद पालीताना सिर्फ भारत ही नहीं, पूरे विश्व का पहला पूरी तरह से शाकाहारी शहर है। यह छोटा सा शहर, भारत में गुजरात के भावनगर जिले में स्थित है, यह जैन धर्म का पालन करने वालों के लिए सबसे शुद्ध और सबसे पूजनीय गंतव्य में गिना जाता है। वास्तव में, यहां खाने के उद्देश्यों के लिए जानवरों को मारना बिल्कुल गैरकानूनी है, और अंडे या मांस बेचने पर सख्त मनाही है। पालीताना के पूरी तरह शाकाहारी शहर बनने के पीछे एक रोचक कहानी है। दरअसल, वर्ष 2014 में, सरकार ने इस क्षेत्र में पशु वध पर प्रतिबंध लगा दिया और तब से, यहां एक भी जानवर नहीं मारा गया है। यह प्रतिबंध तब लागू किया गया था जब सरकार को यह दिखाने के लिए लगभग 200 जैन भिक्षुओं ने भूख हड़ताल पर जाकर विरोध किया कि वे क्षेत्र में पशु वध और उपभोग की अनुमति देने की तुलना में मरना पसंद करेंगे। उस दौरान भिक्षुओं ने सभी 250 कसाई की दुकानों को बंद करने की मांग की और राज्य सरकार को ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस प्रकार, शहर को मांस मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया था। हालांकि, डेयरी उत्पादों को अभी भी अनुमति है और शहर में लोग दूध, घी, मक्खन आदि का सेवन करते हैं। पालीताना कई कारणों से महत्वपूर्ण है। यहां पर सैकड़ों मंदिरों का घर है, और जैनियों का एक प्रमुख तीर्थस्थल भी है। ऐसा कहा जाता है कि जैन तीर्थंकर आदिनाथ, एक बार इसकी पहाड़ियों पर चले गए थे और तब से अनुयायियों के लिए यह स्थान महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि यहां पर पशु वध के विरोध में बड़ी संख्या में लोगों ने आपत्ति जताई।

# संगठन की मजबूती से ही 2027 की जीत का रास्ता : सिद्धार्थ सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। समाजवादी पार्टी कार्यालय बाराबंकी में आयोजित समीक्षा बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का जोरदार संदेश दिया गया। बैठक में प्रभारी व पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस संगठन ने हमें मान-सम्मान, स्वाभिमान और पहचान दी है, उसे मजबूत करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।ह्लमजबूत बूथ ही जीत की गारंटी है,ङ्क कहते हुए उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए हर कार्यकर्ता से पूरी निष्ठा के साथ काम करने का आह्वान किया।

सिद्धार्थ सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि सौंपे गए हर दायित्व का शत-प्रतिशत निर्वहन ही सफलता की कुंजी है। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिन ब्लॉक और बूथ कमेटियों का सत्यापन अधूरा है, वे तत्काल पूरा करें। साथ ही 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को हर विधानसभा, सेक्टर और बूथ स्तर पर पूरे उत्साह से मनाने के निर्देश दिए।

बैठक में विधायकों, पूर्व विधायकों और विभिन्न पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण से ही परिवर्तन संभव है और यही मेहनत 2027 में जीत की आधारशिला बनेगी।

बैठक से पूर्व प्रभारी सिद्धार्थ सिंह का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिद्धौर में प्रतिभाओं का सम्मान छात्रों को मिला प्रेरणा संदेश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिद्धौर बाराबंकी। कस्बा सिद्धौर स्थित भारत माता इंटर कॉलेज में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्रों को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## विकासखंड बंकी, विकास कार्य ठप, पंचायत सचिव का टोटा, दाल में काला आम चर्चा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के विकासखंड बंकी अंतर्गत छह ग्राम पंचायतों—बहादुरपुर, दरहरा, महुआ मऊ, पाराखंदौली, फतेहसराय और अकबराबाद—में पिछले तीन महीनों से ग्राम पंचायत सचिव का पद खाली पड़ा है। 6 जनवरी 2026 को तत्कालीन सचिव मधुलिका वर्मा के निलंबन के बाद अब तक किसी नई नियुक्ति न होने से प्रशासनिक और विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सचिव के अभाव में जहां पंचायतों के जरूरी कार्य ठप पड़े हैं, वहीं पंचायत सहायकों, केयरटेकरों और ग्राम प्रधानों को भी मानदेय नहीं मिल पा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है, ऐसे में ऑडिट और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल जैसे बुनियादी कार्यों के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि छोटे-छोटे कामों के लिए भी उन्हें कई बार ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उधर, ग्राम प्रधानों ने कई बार बीडीओ, डीपीआरओ, सीडीओ, डीएम, विधायक, सांसद समेत संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सचिव की तैनाती की मांग की, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। इससे जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार यदि जल्द ही सचिव की नियुक्ति नहीं की गई तो ग्राम पंचायतों के लोग और जनप्रतिनिधि मिलकर ब्लॉक मुख्यालय पर ताला बंदी कर धरना-प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं।

स्थिति गंभीर, समाधान की दरकार

लगातार तीन माह से प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो रही इन पंचायतों में अब हालात गंभीर होते जा रहे हैं। ऐसे में जल्द से जल्द सचिव की नियुक्ति कर व्यवस्था को पटरी पर लाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

## सरकारी भूमि पर सख्ती: अवैध कब्जे के खिलाफ नगर पंचायत अध्यक्ष का बड़ा एक्शन

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा क्षेत्र के ब्रह्नान वार्ड में नहर पटरी पर स्थित नगर पंचायत के नाम दर्ज खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कड़ा रुख अपनाया है। अध्यक्ष द्वारा तत्काल पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर अवैध कब्जा रोकने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर की सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन को सतर्क करते हुए उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा बनी रहे। नगर पंचायत की इस पहल को क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# राजेपुर में 10.23 लाख की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामसनेहीघाट बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र के राजेपुर में नवनिर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा और भाजपा नेता जवाहर वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। करीब 10.23 लाख रुपए की लागत से बनी इस सड़क से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से सवांद करते हुए जवाहर वर्मा ने कहा कि 2017 के पहले क्या होता था ये आपको बताने की जरूरत नही है हमारी आपकी मेहनत का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था विकास के पैसों की बंदरबाट कर अपनी तिजोरियों को भरा जाता था अपराध चरम पर था,लेकिन आज योगी जी के कुशल मार्गदर्शन में अपराध और अपराधियों को ठिकाने लगाने का काम किया जा रहा है।अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आये इस संकल्प के साथ योजनाओं को प्रभावी तरीके से जमीन पर उतारा जा रहा । इस अवसर पर रमेश चंद्र वर्मा,प्रदीप रावत, राजेश वर्मा,चंद्र मौल वर्मा,ब्रजेश विश्वकर्मा,बरसाती लाल विश्वकर्मा,अम्बर प्रसाद वर्मा,विनोद कुमार,पंकज वर्मा, प्रशांत वर्मा,सत्यनाम रावत सहित सम्मानित ग्रामवासी गण उपस्थित रहे।

## फांसी लगा अधेड़ की आत्महत्या

बाराबंकी। रविवार की दोपहर बेटी की ससुराल से वापस आया एक 50 वर्षीय अधेड ने फंासी लगाकर आत्महत्या की।सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस शव को 100 को कब्जे में ले लिया। सफदरगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला वाल्मीकि नगर निवासी 50 वर्षीय पीरजान पुत्र बेचू शनिवार की शाम को अपनी पत्नी एव बच्चों के साथ कस्बा मसौली अपनी पुत्री की ससुराल एक कार्यक्रम मे गया था। पत्नी व बच्चे मसौली मे ही रुक गये। दोपहर घर लौटा पीरजान ने घर के सामने लगे शहतूत के पेड़ मे अपने ही गमछे से फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# रेलवे स्टेशन पर जल सेवा और निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फतेहपुर बाराबंकी। रेलवे स्टेशन पर रेलमेध यज्ञ के अंतर्गत जल सेवा, मिष्ठान वितरण और दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दासगणु वेलफ़ेयर फाउंडेशन एवं द्वारिका माई डेंटल हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित शिविर में डॉक्टरों ने ग्रामीणों का निशुल्क उपचार किया। भीषण गर्मी में यात्रियों को पानी और मिष्ठान वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया गया, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# ग्राम हथोईया में उमड़ा जनसैलाब, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने किया सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी बाराबंकी की तहसील रामनगर के ग्राम पंचायत हथोईया, में रविवार को उस समय गौरवपूर्ण माहौल देखने को मिला, जब पीसीएस में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयनित गांव के होनहार सपूत कौटिल्य निशांत शुक्ला के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।

कौटिल्य निशांत शुक्ला, जो कि डॉ. कौशल किशोर शुक्ला के सुपुत्र हैं, अपने गांव पहुंचने से पूर्व विभिन्न स्थानों पर स्वागत के बीच पहुंचे। गांव आगमन पर उन्होंने सती माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की तथा लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन कंपोजिट विद्यालय हथोइया में किया गया, जिसका शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। मंच संचालन दिनेश पांडेय एवं डॉ. देवेंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। समारोह में बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा गांव उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शरद कुमार अवस्थी रहे। विशिष्ट अतिथियों में एमएलसी अंगद कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख सूरतगंज प्रतिनिधि शेखर हरायन, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, अजीत सिंह, जिला अध्यक्ष महिला रामेश्वरी त्रिवेदी, चेयरमैन रामनगर रामशरण पाठक, जिला पंचायत सदस्य प्रवेश शुक्ला, प्रोफ़ेसर के.के. शुक्ला, कृष्ण कुमार शुक्ला, प्रवक्ता राजेश पवन, अतुल मिश्रा, सतीश शुक्ला, अशोक शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील तिवारी, आशीष त्रिवेदी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सिरौलीगौसपुर अध्यक्ष दिलीप तिवारी, अंकित जायसवाल, संतोष मिश्रा, शशांक शुक्ला, सिद्धू, मनोज यादव, पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी, कमलेश पांडेय, सर्वेश अवस्थी, आनंद शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहा कि ह्लग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं आज अपने परिश्रम और लगन से नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। कौटिल्य निशांत शुक्ला की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।ङ्क उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने कौटिल्य निशांत शुक्ला को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे क्षेत्र में हर्ष, गर्व और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

## तेज रफ्तार जेसीबी की टक्कर से युवक की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया। भेडहापुर निवासी 25 वर्षीय युवक शोभित को लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर तेज रफ्तार जेसीबी ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आश्रम में चोरी, नगदी व जरूरी दस्तावेज ले उड़े चोर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना घुंघटेर क्षेत्र के खुज्झी गांव स्थित धन्नाग तीर्थ के लखाई आश्रम में चोरी की घटना सामने आई। महंत बब्लू दास के अनुसार अज्ञात चोर आश्रम से करीब 20 हजार रुपए नगद, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्वास्थ्य स्वावलंबन कार्यशाला में बताया औषधीय पौधों का महत्व

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। साईं ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में ह्लप्राचीन चिकित्सा पद्धति से स्वास्थ्य स्वावलंबन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में डॉ. रत्नेश व योगाचार्य डॉ. शशी कुमार ने ब्राह्मी, तुलसी, घृतकुमारी, गिलोय जैसे औषधीय पौधों के लाभ बताते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर्बल औषधि व योग के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर कई बीमारियों से बचाव संभव है, जबकि आपात स्थिति में ही पाश्चात्य चिकित्सा का प्रयोग करना चाहिए। उप प्रबंधक विक्रांत राठौर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रबंधक विपिन राठौर, प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला सहित शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## देवरिया में यूजीसी फैसलों के विरोध में जन आक्रोश रैली

देवरिया। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के बैतालपुर स्थित थापर इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को यूजीसी संघर्ष समिति के तत्वावधान में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली में विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं और लोगों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल ही में लिये गये फैसलों का कड़ा विरोध करते हुए उन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की।

# गणमान्य व ग्रामीणों ने किया कौटिल्य का भव्य स्वागत





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के हथोइया ग्राम में रविवार को पीसीएस परीक्षा में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयनित कौटिल्य निशांत शुक्ला के प्रथम गृह निवास आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने कौटिल्य का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया।उन्होंने अपने पैतृक गांव पहुंचकर सती माता मंदिर व लोधेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की।कंपोजिट विद्यालय हथोइया में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी अंगद सिंह भाजपा नेता शरद कुमार अवस्थी हरगोविंद सिंह चेयरमैन रामशरण पाठक प्रवेश शुक्ला दिलीप तिवारी व आनंद शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।बड़े बुजुर्गों ने उनकी सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। गांव का वातावरण आनंद मय हुआ।

# विजय रथ पर सवार रॉयल्स की भिड़ंत सनराइजर्स से

**एजेंसी**

हैदराबाद। बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी तो उसकी नजरें शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर टिकी होंगी। रॉयल्स ने मौजूदा सत्र में लगभग हर विभाग में अपना दबदबा दिखाया है। चार मैच में चार जीत टीम के दबदबे को दिखाती है। टीम के पास खतरनाक शीर्षक्रम और बेहद संतुलित गेंदबाजी आक्रमण है। टीम की सफलता में यशस्वी जायसवाल और किशोर स्टार वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार सलामी जोड़ी की अहम भूमिका रही है जिन्होंने पावरप्ले में लगातार विरोधी टीम के आक्रमण को ध्वस्त किया है। जायसवाल और सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे खतरनाक जोड़ियों में से एक बना दिया है। तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने स्थिरता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि टीम लय नहीं खोए। कप्तान रियान पराग की अगुआई वाले मध्य क्रम की अब तक अधिक परीक्षा नहीं हुई है। हालांकि मध्य क्रम के बल्लेबाज अब तक मिले सीमित मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाए हैं और शायद यह टीम के दमदार अभियान में एकमात्र चिंता की बात है। रॉयल्स की गेंदबाजी में हालांकि मौजूदा सत्र में काफी सुधार दिख रहा है। पिछले सत्र में गेंदबाजों की नाकामी के कारण नौवें स्थान पर रहने के बाद वे कहीं अधिक अनुशासित और खतरनाक आक्रमण के रूप में लौटे हैं। जोफ्रा आर्चर ने तेजी और सटीकता के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने कोण और उछाल का इस्तेमाल करके विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने उनका अच्छा साथ दिया है। बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। वह नौ विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में सबसे ऊपर हैं जबकि रविंद्र जडेजा के टीम से जुड़ने से स्पिन विभाग को और मजबूती मिली है। इसके उलट सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है। टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही है। अपने चार में से तीन मैच हारने के बाद पूर्व चैंपियन टीम छठे स्थान पर हैं। टीम अपनी पुरानी रणनीति पर चल रही है। वे तेज शुरुआत के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी जोड़ी पर निर्भर हैं लेकिन दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कार्यवाहक कप्तान इशान किशन भी अपनी शुरुआती पारी के बाद खराब फॉर्म में हैं। रन बनाने की जिम्मेदारी अधिकतर समय हेनरिक क्लासेन ने निभाई है जिन्होंने चार पारियों में 184 रन बनाए हैं और सनराइजर्स को कछ मौकों पर वापसी दिलाने में सफल रहे हैं। गेंदबाजी हालांकि टीम का कमजोर पक्ष है और नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी ने टीम की परेशानियों को बढ़ा दिया है। गेंदबाजी आक्रमण विरोधी बल्लेबाजों को रोकने में जूझ रहा है विशेषकर बल्लेबाजी के अनुकूल हालात में जिससे बल्लेबाजों पर और दबाव पड़ रहा है। सनराइजर्स को अगर रॉयल्स की लय बिगाड़नी है तो शुरुआती विकेट और चटकाने होंगे तथा गेंदबाजी में एकजुट प्रदर्शन करना होगा।



# बायर्न म्यूनिख ने एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी**



बर्लिन। बायर्न म्यूनिख ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा में एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का अपना ही 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। लियोन गोरेत्ज़का का गोल बायर्न का लीग में इस सत्र का का 102वां गोल था जिससे उसने नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले का रिकॉड (101 गोल) भी बायर्न के नाम पर ही दर्ज था जो उसने 1971-72 में बनाया था। बायर्न ने इस मैच में सेंट पाउली को उसके घरेलू मैदान पर 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से बायर्न ने रियाल मैड्रिड के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग मैच के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत भी पेश किया और बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 12 अंकों की बढ़त बनाकर बुंडेसलिगा में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। प्रतियोगिता में अभी पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। जमाल मुसियाला ने नौवें मिनट में हेडर से गोल करके फ्रेंज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर की मौजूदगी वाली बायर्न की 1971-72 की टीम के 101 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की। गोरेत्ज़का ने 53वें मिनट में वॉली से गोल करके रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके ठीक एक मिनट बाद माइकल ओलिस ने गोल संख्या को 103 तक पहुंचाया। निकोलस जैक्सन ने बायर्न के लिए चौथा गोल दागा और राफ़ेल गुएरेइरो ने इस सत्र में उसकी गोल संख्या 105 कर दी। बायर्न 29 मैच में 76 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। डॉर्टमुंड 29 मैच में 64 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# रॉयल्स के मैनेजर भिंडर ने डगआउट में फोन का उपयोग करके नियमों का उल्लंघन किया

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रहे रोमी भिंडर विवादों में घिर गए हैं, क्योंकि टीवी कैमरों ने उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान टीम के डगआउट में मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए पकड़ा है। इस घटना को सबसे पहले एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने इंस्टाग्राम पर साझा किया था, लेकिन यह पुष्टि हो गई है कि शुक्रवार को गुवाहाटी में रॉयल्स की छह विकेट से जीत के दौरान भिंडर मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे थे। तब युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी उनके बगल में बैठे हुए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने भी इसकी पुष्टि की कि भिंडर ने नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा,''जी हां, भिंडर ने वास्तव में खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) के प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है क्योंकि मैच के दौरान डगआउट में मोबाइल फोन प्रतिबंधित हैं। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर पीएमओए प्रोटोकॉल 2026 से संबंधित नियम के अनुसार, ''टीम मैनेजर ड्रेसिंग रूम में फोन का उपयोग कर सकता है, लेकिन डगआउट में नहीं। भिंडर फ्रेंचाइजी की शुरुआत से ही इससे जुड़े हुए हैं और जानकारों का मानना है कि उन्हें भ्रष्टाचाररोधी प्रोटोकॉल के बारे में अच्छी तरह से पता होना चाहिए।



# सीएसके के गेंदबाजी कोच सिमंस ने कहा, लड़के हारते-हारते थक गए थे

**एजेंसी**

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा कि लगातार तीन हार से टीम का मनोबल नहीं गिरा था, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि खिलाड़ी 'हारते-हारते थक चुके थे। पांच बार के चैंपियन सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर हार का सिलसिला तोड़ा और इस तरह से वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सिमंस ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''हमारे खिलाड़ी इस मैच को जीतने के लिए वास्तव में बेताब थे। मुझे लगता है कि लगातार तीन मैच हारने के बाद हम हारते-हारते थक गए थे। उन्होंने कहा, ''आज ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत अच्छा है, लेकिन यह कभी खराब भी नहीं था। मुझे लगता है कि लोगों ने आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) के खिलाफ मैच देखा और सोचा कि ओह, हम बहुत पीछे हैं लेकिन हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि हम बहुत पीछे हैं। सिमंस ने कहा, ''इस टूर्नामेंट में लय हासिल करना और सकारात्मक बने रहना बेहद महत्वपूर्ण है। इस जीत के बाद टीम का माहौल सकारात्मक है। लेकिन इससे पहले अभ्यास सत्र के दौरान भी खिलाड़ियों का रवैया अच्छा रहा। दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले सिमंस से जब पूछा गया कि क्या पिछले मैचों में कुछ कमी रह गई थी, उन्होंने कहा, ''नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। मेरे कहने का मतलब है कि थोड़ा आत्मविश्वास की कमी थी। यह अजीब बात है लेकिन अक्सर फील्डिंग ही टीम का मिजाज तय करती है और सरफराज ने जब हवा में लहराते हुए कैच लिया तो इससे पूरी टीम का मनोबल बढ़ जाता है। ये छोटी-छोटी चीजें काफी मायने रखती हैं। संजू सैमसन ने 56 गेंद में 115 रन बनाए जबकि आयुष म्हात्रे ने भी 59 रन की तूफानी पारी खेली जिससे सीएसके ने दो विकेट पर 212 रन बनाए। इसके बाद जेमी ओवरटन के 18 रन देकर चार विकेट की मदद से सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 189 रन पर आउट कर दिया। सैमसन की तारीफ करते हुए सिमंस ने कहा, ''मुझे एमएस धोनी के साथ कई साल काम करने का सौभाग्य मिला है। वह उन सबसे शांत क्रिकेटरों में से एक हैं जिनसे मैं मिला हूं। संजू सैमसन भी उन्हीं की तरह हैं। वह खेल को उसी नजरिए से देखते हैं। मैंने उन्हें कभी बेचैन नहीं देखा।



# एफपीआई ने अप्रैल के पहले 10 दिन में भारतीय शेयर बाजार से 48,213 करोड़ रुपये निकाले

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अप्रैल महीने में भी अपनी बिकवाली जारी रखी है। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने अप्रैल के पहले 10 दिन में ही 48,213 करोड़ (करीब 5.14 अरब डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ की निकासी की थी, जो अब तक का निकासी का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ का निवेश किया था, जो पिछले 17 माह का उच्चस्तर है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशकों की कुल निकासी बढ़कर 1.8 लाख करोड़ से अधिक हो चुकी है। केवल अप्रैल में ही 10 तारीख तक उन्होंने 48,213 करोड़ निकाले हैं। विश्लेषकों के अनुसार, यह लगातार बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबाव और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं। वहीं, जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार का मानना है कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न ऊर्जा संकट, रुपये में कमजोरी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित असर की वजह से एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे बाजार फिलहाल विदेशी निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बने हुए हैं, क्योंकि वहां प्रतिफल की संभावनाएं भारत की तुलना में बेहतर मानी जा रही हैं। हाल ही में अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बावजूद बिकवाली पर कोई खास असर नहीं पड़ा। एंजल वन के वरिष्ठ विश्लेषक वकार जावेद खान के अनुसार, निवेशकों ने शेयर बाजार में तेजी का इस्तेमाल अपनी हिस्सेदारी घटाने के अवसर के रूप में किया है।

# कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए कोल इंडिया खुद उठा रही है लागत का बोझ

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) उपभोक्ताओं को कोयले की ऊंची कीमतों से बचाने के लिए बढ़ती कच्चे माल की लागत खुद वहन कर रही है। विस्फोटक और औद्योगिक डीजल जैसे प्रमुख कच्चे माल के खर्च में पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद तेज बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने कहा कि इस अतिरिक्त लागत को उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा रहा है, क्योंकि ऐसा करने से कोयले पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ सकता है। कंपनी अपनी खदानों में काम कर रहे ठेकेदारों को बढ़ी हुई डीजल कीमतों का मुआवजा भी दे रही है। खुले खनन में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के प्रमुख घटक अमोनियम नाइट्रेट की कीमत एक अप्रैल तक 44 प्रतिशत बढ़कर 72,750 रुपये प्रति टन हो गई है। इसके कारण विस्फोटकों की औसत लागत मार्च के अंत तक लगभग 26 प्रतिशत बढ़कर करीब 49,800 रुपये प्रति टन हो गई। कंपनी की अनुषंगी इकाइयां हर साल करीब नौ लाख टन विस्फोटकों का उपयोग करती हैं और इस पूरी अतिरिक्त लागत को कोल इंडिया खुद वहन कर रही है। डीजल की कीमत भी करीब 54 प्रतिशत बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो मार्च के मध्य में लगभग 92 रुपये प्रति लीटर थी। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने करीब 4.19 लाख किलोलीटर डीजल का उपयोग किया। लागत में बढ़ोतरी के बावजूद कोयले को किफायती बनाए रखने के लिए कंपनी ने कई कदम उठाए हैं। इनमें कुछ ई-नीलामी में आरक्षित मूल्य कम करना, नीलामी की संख्या बढ़ाना और बाजार में अधिक मात्रा उपलब्ध कराना शामिल है। इन उपायों का उद्देश्य उद्योगों और उपभोक्ताओं को बढ़ती ऊर्जा लागत के प्रभाव से बचाना है, ताकि कोयले की कीमतें स्थिर बनी रहें। अधिकारियों के अनुसार, यदि बढ़ती लागत को सीधे उपभोक्ताओं पर डाला गया, तो इसका व्यापक और क्रमिक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट से पहले अगस्त, 2025 से जनवरी, 2026 तक अमोनियम नाइट्रेट की कीमतें स्थिर थीं, लेकिन इसके बाद इनमें तेजी आई, जिससे विस्फोटकों की लागत बढ़ गई।




# लक्जरी कार कंपनियों को उम्मीद, पश्चिम एशिया में 'युद्धविराम' से ग्राहकों की शोरूम में होगी वापसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में 'युद्धविराम' के बाद भारत में बाजार धारणा में सुधार होने और लक्जरी कारों के खरीदारों के एक बार फिर शोरूम में वापस लौटने की उम्मीद बढ़ी है। देश में मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू ग्रुप और ऑडी के शीर्ष अधिकारियों ने यह राय जाहिर की है। देश में लक्जरी कार कंपनियों ने युद्ध के चलते कलपुर्जों ओर किट का स्टॉक किया है और अब उन्हें उम्मीद है कि आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम होगा और वे स्थिति के जल्द सामान्य होने की उम्मीद कर रही हैं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बराड़ ने कहा, ''युद्धविराम सही समय पर हुआ है। यह हमारे खरीदारों की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। वे अपनी खरीद को लेकर इस बात पर निर्भर थे कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीजें क्या रूप लेती हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि इस मुद्दे को सुलझा लिया जाए। उन्होंने कहा, ''अगर यह मुद्दा खत्म हो जाता है, तो हमें उम्मीद है कि बहुत से ग्राहक जिन्होंने पहली तिमाही में अपनी खरीदारी रोकी हुई थी, वे वापस आएंगे और महंगी कार खरीदेंगे। इसी तरह की राय जताते हुए मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, ''मार्च में हमें अब तक के सबसे अच्छे ऑर्डर मिले। हालांकि, ये ऑर्डर आगे लिए टाल दिए गए हैं, लेकिन इन्हें रद्द नहीं किया गया है। ज्यादातर ग्राहक अप्रैल या भविष्य में डिलिवरी लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पूंजी बाजार में बदलते हालात की वजह से धारणा कुछ सुस्त थी, लेकिन हमें लगता है कि अप्रैल और उसके बाद के महीने अच्छे होने चाहिए, क्योंकि कुछ इलाकों में त्योहार भी हैं। इसी तरह की राय रखते हुए ऑडी इंडिया के ब्रांड निदेशक बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, ''युद्धविराम स्वागत योग्य है, क्योंकि यह अगले चरण के लिए ज्यादा निश्चितता प्रदान करता है। हमारे काफी ग्राहक खुद कारोबार करते हैं और इसका असर खुद महसूस कर रहे हैं।

# वृहत आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

## शेयर समीक्षा

**एजेंसी**

मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्ध विराम पर सहमति से घरेलू शेयर बाजारों बीते सप्ताह रही जबरदस्त तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों को नजर वृहत आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। आने वाले सप्ताह में अमेरिका और ईरान के बीच स्थायी शांति वार्ता की प्रगति बाजार को सबसे अधिक प्रभावित करेगी। साथ ही घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई, थोक महंगाई और आयात-निर्यात के आंकड़े भी जारी होने हैं जिनका बाजार पर बड़ा प्रभाव देखा जायेगा। निवेशकों की नजर कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी रहेगी। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 4.230.70 अंक (5.77 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में एक महीने के उच्चतम स्तर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। बाजार में गुरुवार को छोड़कर सभी चार दिन लिवाली का जोर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान 1,337.50 अंक यानी 5.89 फीसदी चढ़कर 24,050.60 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी एक महीने का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 7.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 7.60 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गयी। बीते सप्ताह सेसेक्स की 30 में से 26 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य चार के लाल निशान में रहे। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 12.79 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 11.86 फीसदी, ट्रेंट का 10.28, बजाज फिनसर्व का 10.24, टाइटन का 9.87, एलएंडटी का 9.58 और अल्ट्राटेक सीमेंट का 9.06 प्रतिशत चढ़ गया। एशियन पेंट्स में 8.76 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 8.71, इंडिगो में 8.62, मारुति सुजुकी में 8.54, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 8.31, एचडीएफसी बैंक में 7.90, अडानी पोर्ट्स में 7.10 और टाटा स्टील में 6.47 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गयी। एनटीपीसी का शेयर 5.64, बीईएल का 4.93, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक दोनों का 4.63, भारती एयरटेल का 4.50, पावरग्रिड का 4.40 औऱ हिंदुस्तान यूनीलिवर का 4.39 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटीसी का शेयर 3.88 प्रतिशत, इटरनल का 3.71, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 3.50 और टीसीएस का 2.97 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा का शेयर सबसे अधिक 2.36 प्रतिशत गिर गया। इंफोसिस में भी गिरावट दर्ज की गयी।




# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 4.13 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 4,13,003.23 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,230.7 अंक या 5.77 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 1,337.5 अंक या 5.88 प्रतिशत के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, '' ''अमेरिका-ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम को लेकर बाजार की धारणा मजबूत बनी रही। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और इन्फोसिस की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 91,282.67 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,478.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 76,036.36 करोड़ रुपये बढ़कर 9,46,741.85 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 60,980.35 करोड़ रुपये बढ़कर 5,75,206.47 करोड़ रुपये हो गई। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 47,624.97 करोड़ रुपये बढ़कर 5,44,736.59 करोड़ रुपये रहा, जबकि भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 45,873.43 करोड़ रुपये बढ़कर 10,66,293.69 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 43,614.67 करोड़ रुपये बढ़कर 9,84,629.98 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का मूल्यांकन 26,303.49 करोड़ रुपये बढ़कर 9,13,331.92 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 21,287.29 करोड़ रुपये बढ़कर 5,06,477.89 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 3,285.03 करोड़ रुपये घटकर 5,24,124.40 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 947.28 करोड़ रुपये घटकर 18,27,086.79 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# जनजातीय जीवन में बदलाव के लिये विज्ञान-तकनीक जरूरी : राधाकृष्णन

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जनतजातीय जीवन में बदलाव के लिये विज्ञान और तकनीक को जरूरी बताया है।

श्री राधाकृष्णन ने रविवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित ''विज्ञान और प्रौद्योगिकी उपायों के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तन'' विषयक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि आधुनिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। सम्मेलन का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने नेक्टर और आईटीआईटीआई दून संस्कृति स्कूल के सहयोग से किया गया। श्री राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समुदाय भारत की संस्कृति, परंपरा और जैव विविधता के सच्चे संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 1.4 लाख जनजातीय गांव हैं, जहां करीब नौ प्रतिशत आबादी निवास करती है। इन समुदायों के पास पारंपरिक ज्ञान का समृद्ध भंडार है, जो प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग में सहायक है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि जब आधुनिक विज्ञान और तकनीक, भाषा, आस्था और संस्कृति के साथ समन्वय में काम करते हैं, तो यह सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनता है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में हरित आर्थिक विकास की अपार संभावनाओं पर भी जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से जनजातीय जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उनकी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण भी संभव है। श्री राधाकृष्णन ने 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना का जिक्र करते हुए कहा कि इसका मूल मंत्र 'विकास भी, विरासत भी' है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक विकास को आगे बढ़ाना ही देश की प्राथमिकता है। उन्होंने जनजातीय उत्थान के लिए सरकार की विभिन्न पहलों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नयन कार्यक्रम के तहत हजारों किलोमीटर सड़क और सैकड़ों पुलों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा ''धरती आभाऽजनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के माध्यम से हजारों गांवों में स्वच्छ जल, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। श्री राधाकृष्णन ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना को एक ऐतिहासिक कदम बताया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने के प्रयासों की सराहना की। सम्मेलन में दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू, अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित कई, पूर्व सांसद तरूण विजय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का अनावरण

एजेंसी



न्यूयॉर्क। अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का सिएटल में अनावरण किया गया।

यह प्रतिमा प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता स्वामी विवेकानंद के सम्मान में स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिएटल शहर में 'वेस्टलेक स्क्वायर' पर स्थापित आदमकद कांस्य प्रतिमा अमेरिका में किसी नगर प्रशासन की ओर से लगाई गई अपनी तरह की पहली प्रतिमा है। भारतीय कलाकार नरेश कुमार कुमावत द्वारा बनाई गई इस प्रतिमा का सिएटल की महापौर केटी विल्सन और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से अनावरण किया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''शिकागो 1893 से सिएटल 2026 तक! ३सिएटल का प्रशासन शहर के मध्य क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद स्मारक स्थापित करने वाला पहला नगर प्रशासन बन गया है। विल्सन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्मारक सिएटल की समावेशी भावना को दर्शाता है और भारत एवं अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के इस विविधतापूर्ण महानगरीय प्रौद्योगिकी केंद्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है। सिएटल में भारतीय मिशन ने एक बयान में कहा कि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने सिएटल की ''समृद्ध बहुसांस्कृतिक पहचान और समावेशी भावना'' के सम्मान में उसे यह प्रतिमा भेंट की। महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि प्रतिमा का अनावरण आईसीसीआर दिवस के अवसर पर किया गया और यह भारत की व्यापक सांस्कृतिक कूटनीतिक पहलों का हिस्सा है जिसका उद्देश्य भारत और अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के बीच लोगों के आपसी संबंधों को मजबूत करना है। स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में ऐतिहासिक भाषण दिया था जिसके जरिए उन्होंने वैश्विक श्रोताओं को हिंदू दर्शन से परिचित कराया था।

# सरकार राजनीतिक लाभ के लिए महिला आरक्षण कानून के कार्यान्वयन में जल्दबाजी कर रही : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा है कि राज्यों में चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना इस धारणा को बल देता है कि सरकार ''राजनीतिक लाभ'' के लिए महिला आरक्षण कानून को लागू करने में जल्दबाजी कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में खरगे ने इस मांग को दोहराया कि परिसीमन मुद्दे पर चर्चा करने के लिए 29 अप्रैल के बाद एक सर्वदलीय बैठक बुलायी जाए। इस परिसीमन को नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 में संशोधनों से जोड़ा जा रहा है।

खरगे का यह पत्र प्रधानमंत्री के उस पत्र के जवाब में आया है जिसमें उन्होंने 16 अप्रैल से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए संसद के विशेष सत्र का उल्लेख किया था। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने मोदी को शनिवार को लिखे पत्र में कहा, ''मुझे अभी-अभी 16 अप्रैल से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए संसद के विशेष सत्र के संबंध में आपका पत्र प्राप्त हुआ है। खरगे ने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को संसद ने सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया था। उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से मैंने मांग की थी कि यह महत्वपूर्ण कानून तत्काल प्रभाव से लागू होना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इसके तत्काल कार्यान्वयन के लिए व्यापक सहमति थी, लेकिन फिर भी उन्होंने इसे लागू नहीं किया। उन्होंने कहा, ''तब से 30 महीने बीत चुके हैं और अब हमें विश्वास में लिए बिना यह विशेष बैठक बुलाई गई है और आपकी सरकार परिसीमन के बारे में कोई जानकारी दिए बिना हमसे फिर से सहयोग मांग रही है।

# संविधान मिटाना चाहती है भाजपा-आरआरएस : राहुल

एजेंसी




नई दिल्ली। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंडी हाउस, नई दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा आयोजित रन फॉर अंबेडकर रन फॉर कांस्टीट्यूशन मैराथन की तिरंगा दिखाकर शुरुआत की।यह दौड़ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के विचारों और भारत के संविधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है।

आज जब संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार हो रहे हैं, हमें हर अन्याय और भेदभाव के खिलाफ बाबासाहेब जैसा संकल्प लेकर मिलकर लड़ना होगा।'संविधान' बाबा साहेब अंबेडकर जी का संदेश है। अगर संविधान नहीं होता, तो भारत का ये स्वरूप हमें देखने को नहीं मिलता आज आरआरएस-भारतीय जनता पार्टी के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं, क्योंकि ये नहीं चाहते देश में सभी को एक समान माना जाए। चाहे भारतीय जनता पार्टी के लोग बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़ते भी नजर आएं, लेकिन दिल से इनका लक्ष्य और सोच संविधान को मिटाना है।वहीं, कंग्रेस का लक्ष्य संविधान को बचाना है। हम चाहते हैं देश के कोने-कोने में संविधान का संदेश जाए। अखिल भारतीय काग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा रन फॉर अंबेडकर रन फॉर कांस्टीट्यूशन मैराथन दौड़ पूरे देश में संविधान और बाबा साहब नया संदेश जायेगा, भारतीय जनता पार्टी आज के समय संविधान मिटाना चाहती है, हम सब मिलकर भारतीय संविधान और बाबा साहब विचारों को बचाना है राष्ट्रीय एकता और अखंडता हमारे देश की समृद्धि और विकास की निशानी है। जब एक देश के सभी नागरिक एकजुट होकर अपने देश के लिए काम करते हैं, तभी वह देश मजबूत और सफल होता है। राष्ट्रीय एकता का अर्थ है देश के सभी लोगों का एक-दूसरे के प्रति सम्मान और एकता की भावना रखना। अखंडता का मतलब है कि हमारा देश भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से एकजुट रहे, और किसी भी प्रकार के विभाजन से बचे रहे।

# ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद पहले कमांडर सम्मेलन में तैयारियों की समीक्षा करेगी नौसेना

एजेंसी

नई दिल्ली। साल में दो बार होने वाले नौसेना के कमांडर सम्मेलन का पहला हिस्सा 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक नई दिल्ली में होगा। नौसेना भवन में होने वाले इस शीर्ष सम्मेलन में राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा, क्षमता विकास और सुरक्षा लक्ष्यों के साथ सामरिक तालमेल के लिए नौसेना के ऑपरेशनल रुख की पूरी समीक्षा की जाएगी। कॉन्फ्रेंस के दौरान होने वाली बातचीत का मकसद भारतीय नौसेना को हिंद महासागर क्षेत्र और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' के तौर पर प्रचारित करना है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और हिंद महासागर क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय ताकतों के मिलने के बीच भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुरक्षित रखने के लिए तेजी से नौसेना की तैनाती को देखते हुए इस कमांडर सम्मेलन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस सम्मेलन का ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद नौसेना के ऑपरेशनल सिद्धांत, इंटर-सर्विसेज कोऑर्डिनेशन और तकनीक से चलने वाले प्रतिक्रिया तंत्र को फिर से मजबूत करने में भी खास महत्व है। कॉन्फ्रेंस में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, गृह सचिव और नौसेना के वरिष्ठ शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे। इसका मकसद इंटर ऑपरेबिलिटी और तालमेल को बढ़ाना, राष्ट्रीय स्थिरता, सुरक्षा वास्तुकला और भविष्य की समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने के तरीके पर एक बड़ा नजरिया बनाना है। यह फोरम राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ करीबी बातचीत के लिए एक प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करता है, जो नौसेना योजना के लिए सामरिक दिशा तय करता है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ऑपरेशनल कमांडरों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौजूदा भू-रणनीतिक माहौल में बहु-आयामी चुनौतियों से निपटने की समीक्षा और आकलन करेंगे।

# पेज एक का शेष

## बेनतीजा रही...

आग्रहों से परहेज करने तथा ईरान के वैध अधिकारों एवं हितों को स्वीकार करने पर निर्भर करती है। बकाई ने वार्ता की मेजबानी करने और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में किए गए सद्भावनापूर्ण प्रयासों के लिए ''पाकिस्तान इस्लामी गणराज्य की सरकार और गर्मजोशी से भरे उसके नेक लोगों'' के प्रति भी आभार व्यक्त किया। अमेरिका और ईरान के बीच लंबी वार्ता बिना किसी ठोस परिणाम के समाप्त होने के बाद मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इसहाक डार ने कहा कि पाकिस्तान ने पिछले 24 घंटों में कई दौर की ''गहन और सार्थक'' बातचीत में मध्यस्थता की। उन्होंने कहा, ''मैंने रक्षा बलों के चीफ फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर के साथ मिलकर दोनों पक्षों के बीच कई दौर की गहन और रचनात्मक वार्ताओं में मध्यस्थता की, जो 24 घंटों तक चलीं और आज सुबह समाप्त हुईं। वार्ता में प्रगति की उम्मीद जताते हुए डार ने कहा कि स्थायी शांति और क्षेत्रीय स्थिरता हासिल करने के लिए दोनों पक्षों को सकारात्मक रुख बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह जरूरी है कि दोनों पक्ष युद्धविराम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखें। डार ने कहा कि पाकिस्तान आने वाले दिनों में भी ईरान और अमेरिका के बीच संवाद और वार्ता को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान इस्लामी गणराज्य ईरान और अमेरिका के बीच संवाद को सुगम बनाने में अपनी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी निभाता रहेगा। डार ने दोनों पक्षों द्वारा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार करने और पाकिस्तान की मध्यस्थता की भूमिका को मान्यता देने के लिए आभार भी जताया। पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई ये वार्ताएं 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद दोनों देशों के बीच पहली उच्च-स्तरीय प्रत्यक्ष बातचीत थी जिस पर दुनियाभर की निगाहें थी। ईरानी प्रतिनिधिमंडल संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ के नेतृत्व में शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह पहुंचा, जिसका नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कर रहे थे। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जैरेड कुशनर और पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ भी शामिल हैं, जबकि ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराघची सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने हालांकि जोर देते हुए कहा कि ''कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती।' अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि वार्ता शांति समझौते तक नहीं पहुंच सकी। उन्होंने इसका एक प्रमुख कारण यह बताया कि तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुआ। वेंस ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने अपना ''अंतिम और सर्वश्रेष्ठ प्रस्ताव'' ईरान को दिया था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। वहीं, बकाई ने कहा कि कुछ मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी, लेकिन ''दो-तीन महत्वपूर्ण मामलों'' पर मतभेद बने रहे। सरकारी 'प्रेस टीवी' ने बकाई के हवाले से कहा, ''अंततः वार्ता किसी समझौते तक नहीं पहुंच सकी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह पाकिस्तान की मध्यस्थता में शुरू हुई गहन वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच कई संदेश और दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ। बकाई ने पहले 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, ''पिछले 24 घंटों में वार्ता के मुख्य विषयों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई, जिनमें होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु मुद्दा, युद्ध क्षतिपूर्ति, प्रतिबंधों को हटाना और ईरान तथा क्षेत्र के खिलाफ युद्ध का पूर्ण अंत शामिल था। उन्होंने कहा, ''इस कूटनीतिक प्रक्रिया की सफलता विरोधी पक्ष की गंभीरता और सद्भावना पर निर्भर करती है, जिसमें अत्यधिक मांगों और अवैध आग्रहों से परहेज तथा ईरान के वैध अधिकारों और हितों को स्वीकार करना शामिल है। बकाई ने कहा कि ये वार्ताएं ''थोपे गए युद्ध'' के 40 दिन बाद और ''अविश्वास एवं संदेह'' के माहौल में हुईं। ईरान की अर्ध सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने बकाई के हवाले से कहा, ''यह स्वाभाविक है कि हम शुरुआत से ही एक बैठक में समझौते की उम्मीद न करें। किसी ने भी ऐसी उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, ''हम अमेरिका द्वारा वादाखिलाफी और दुर्भावनापूर्ण कार्यों के अनुभवों को भूले नहीं हैं और न ही भूलेंगे। उन्होंने वार्ता की मेजबानी और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए पाकिस्तान का धन्यवाद किया। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इसहाक डार ने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि उनके देश ने पिछले 24 घंटों में ''गहन और रचनात्मक'' वार्ताओं के कई दौर कराने में मदद की। डार ने उम्मीद जतायी कि दोनों पक्ष स्थायी शांति और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सकारात्मक रुख बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आने वाले दिनों में ईरान और अमेरिका के बीच संवाद को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा। ईरानी प्रतिनिधिमंडल संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ के नेतृत्व में शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह पहुंचा, जिसका नेतृत्व उपराष्ट्रपति जे डी वेंस कर रहे थे।

## महिला आरक्षण...

इस संशोधन को पारित करने के लिए एकजुट हों। यह अच्छा होगा कि अधिक से अधिक सांसद इस विषय पर संसद में अपने विचार व्यक्त करें। यह क्षण किसी एक दल या व्यक्ति से ऊपर है। यह महिलाओं और हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी दिखाने का समय है। चूँकि सभी राजनीतिक दल लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते रहे हैं, इसलिए अब उस आकांक्षा को वास्तविकता में बदलने का यह सही समय है। यह देश की नारी शक्ति और 140 करोड़ भारतीयों के लिए एक महान उपलब्धि होगी। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सभी एक साथ आकर संसद में इस ऐतिहासिक कार्य को पूरा करेंगे। उन्होंने समाज की प्रगति के लिए महिलाओं की प्रगति और उन्हें निर्णय लेने में भागीदार बनाने पर बल देते हुए कहा है ,'' कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाओं को प्रगति करने, निर्णय लेने और सबसे महत्वपूर्ण, नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि महिलाएँ इस यात्रा में अधिक और सक्रिय भूमिका निभाएँ। आज हम सभी सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देख रहे हैं। अंतरिक्ष से लेकर खेल तक, सशस्त्र बलों से लेकर स्टार्ट-अप तक, भारत की बेटियाँ हर क्षेत्र में अपना प्रभाव छोड़ रही हैं। अपने परिश्रम और संकल्प के बल पर वे अपनी क्षमताओं को सिद्ध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विषय दशकों से चर्चा में रहा है और अब इसे पूरा करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा ,'' संसद और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण का विषय दशकों से चर्चा में रहा है। वर्ष 2023 में विभिन्न दलों के सांसद नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में संसद में एकजुट हुए। वह एक यादगार क्षण था जिसने हमारी एकता को दर्शाया। पूरी दुनिया ने देखा कि देश की महिलाओं के प्रति एक प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए किस प्रकार एक महत्वपूर्ण निर्णय सामूहिक रूप से लिया गया। महिलाएँ हमारी जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा हैं और यह राजनीतिक क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम था। मैं उस दिन को भारत की संसदीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक मील का पत्थर मानता हूँ। श्री मोदी ने कहा कि कई सांसदों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा में योगदान दिया। उन विचार-विमर्शों के दौरान इसके कार्यान्वयन के समय पर भी चर्चा हुई। इस बात पर व्यापक सहमति थी कि इस ऐतिहासिक कानून के प्रावधानों को यथाशीघ्र लागू किया जाना चाहिए। कई दलों के नेताओं की यही राय थी। हाल के समय में हमने इस विषय पर विशेषज्ञों के साथ परामर्श किया है। हमने संवैधानिक मामलों के जानकार व्यक्तियों से सुझाव और मार्गदर्शन प्राप्त किया है। हमने राजनीतिक दलों के साथ भी संवाद किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विस्तृत विचार-विमर्श के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि अब समय आ गया है कि पूरे देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को उसकी वास्तविक भावना के अनुरूप लागू किया जाए। यह आवश्यक है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ आयोजित किए जाएँ। इससे भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और जनता का विश्वास मजबूत होगा। यह शासन में अधिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित करेगा। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार ने इस विधेयक के मामले में उसे विश्वास में नहीं लिया और इसके लिए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त होने का इंतजार भी नहीं किया। विपक्ष का कहना है कि सरकार विधानसभा चुनावों के बाद एक बैठक बुलाकर पहले सर्वसम्मति बनानी चाहिए थी। सरकार ने परंपरा से हटकर इस बार बजट सत्र के दूसरे चरण के दो अप्रैल को संपन्न होने के बाद संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित नहीं की थी। सरकार की ओर से कहा गया है कि 16, 17 और 18 अप्रैल को होने वाली विशेष बैठकों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के बाद इसमें संशोधन किया जायेगा जिससे कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सके।

## अमरनाथ यात्रा तीन ...

बीमा मिलेगा। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के माध्यम से खच्चरों की आकस्मिक और प्राकृतिक दोनों तरह की मृत्यु के लिए पचास हजार रुपये प्रति पशु का कवरेज प्रदान किया जाएगा। उप राज्यपाल ने कहा, ''बालटाल एक्सिस के साथ पवित्र गुफा तक और पवित्र गुफा से पंजतरणी तक ग्रिड बिजली की आपूर्ति उपलब्ध होगी। यात्रा मार्गों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न ई-सेवाएं और खच्चरों, पिठुओं, पालकियों आदि को किराए पर लेने के लिए प्रीपेड प्रणाली उपलब्ध होगी। बालटाल, पंथा चौक (श्रीनगर), नुनवान और चंदरकोट में यात्री निवास की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## पार्श्वगायिका आशा...

के तौर पर उन्होंने भारत में संगीत के एक पूरे दौर को परिभाषित किया है। उनके साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने की मेरी बहुत प्यारी यादें हैं। उन्होंने कहा, ''एक कलाकार और एक इंसान के तौर पर, उन्होंने अपनी ज़िंदगी अपनी शर्तों पर जी। उन्होंने अपनी सुरीली और सदाबहार आवाज़ से दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया। उनका गायन हमेशा अमर रहेगा। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि आशा भोसले की बहुमुखी आवाज ने उन्हें विभिन्न संगीत शैलियों में सहज रूप से पारंगत बनाया, जिसमें ग़ज़ल और भजन जैसी विधाएं भी शामिल हैं। उन्होंने भारतीय संगीत पर एक अमिट छाप छोड़ी है। श्री मोदी ने स्वर सम्राज्ञी भोसले को याद करते हुए शोक संदेश में कहा, ''देश की एक अद्वितीय और बहुमुखी आवाजों में से एक, आशा भोसले जी के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। दशकों तक उनके असाधारण संगीत यात्रा ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ। चाहे उनकी भावपूर्ण धुनें हों या जीवंत रचनाएं, उनकी कालातीत आवाज हमेशा याद की जाएगी। उनके साथ हुई अपनी मुलाकातों को मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि आशा भोसले के निधन के साथ पार्श्व गायन का एक युग समाप्त हो गया। उन्होंने उन्हें बहुमुखी प्रतिभा और गरिमा की प्रतीक बताते हुए कहा कि उनकी गायकी को दुनियाभर में सराहा गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''उनकी आवाज़ के माध्यम से उनकी कला सदा हमारे बीच अमर रहेगी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके शोकाकुल प्रियजनों और प्रशंसकों के साथ है। इस बीच, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ''आशा ताई ने न सिर्फ अपनी मधुर आवाज और अद्वितीय प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई, बल्कि अपने सुरों से भारतीय संगीत को भी और अधिक समृद्ध किया। आशा ताई की आवाज में जितनी कोमलता थी, उनके व्यवहार में भी उतनी ही सादगी और आत्मीयता थी। उनसे जब भी मुलाकात होती थी, संगीत और कला जैसे अनेक विषयों पर लंबी बातें होती थीं। आज वे भले ही हमारे बीच नहीं हैं, पर अपनी आवाज से वे सदैव हमारे दिलों में रहेंगी। सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, ''आशा भोसले का जाना भारत के संगीत क्षेत्र की अपरिमित क्षति है। अपनी विलक्षण प्रतिभा से आशा जी ने संगीत के क्षितिज पर अपनी एक अलग पहचान बनायी। नया दौर, तीसरी मंज़िल, हरे रामा हरे कृष्णा, उमराव जान के साथ साथ इजाज़त और रंगीला जैसे वक़्त और पीढ़ियों के साथ बदलती कई मशहूर फिल्में और गीत आशा जी ने अपने स्वर से अमर किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आशा भोसले को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ''उनके गाए हुए गीतों को भारत की कई पीढ़ियों ने सुना और गुनगुनाया है। उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी। आशा भोसले जी का निधन संगीत और जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। इस बीच, कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी श्रीमती भोसले के निधन पर शोक व्यक्त किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह पूरे भारत के लिए और विश्व के संगीत प्रेमियों के लिए बहुत ही दुख की घड़ी है। उन्हें सबसे बहुमुखी कलाकार के तौर पर जाना गया। भारत के इतिहास में उन्होंने और पूरे मंगेशकर परिवार ने संगीत की जो सेवा की है, वह अमूल्य है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय संस्कृति के एक प्रतीक के रूप में याद रखेंगी, जिनकी सुरीली आवाज में लोगों को मंत्रमुग्ध करने की अद्वितीय क्षमता थी। उनका जाना भारतीय संगीत के एक युग का अंत है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''आशा भोसले जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उनके मधुर स्वर सदैव देश वासियों के मन में गूंजते रहेंगे।

## मंत्रिमंडल-संगठन...

प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन से मिले। फिर उन्होंने बारी-बारी से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व मंत्री डा. महेंद्र सिंह, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी से मुलाकात की। इसके अलावा वे तीन पूर्व प्रदेश अध्यक्षों भूपेंद्र चौधरी, सूर्यप्रताप शाही और रमापति राम त्रिपाठी से भी मिले। बंद कमरे में पार्टी के इन वरिष्ठ नेताओं से संगठन, मंत्रिमंडल विस्तार, आयोगों के खाली पदों के साथ ही प्रदेश की सियासी स्थिति के जमीनी फीडबैक को लेकर चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगरा में होने के कारण उनकी देर शाम विनोद तावड़े से मुलाकात हुई। तावड़े ने लिया सूबे का जमीनी फीडबैकपार्टी सूत्रों की मानें तो जिन लोगों ने मुलाकात की उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधे जाने पर जोर दिया। अवध क्षेत्र में पासी और कुर्मियों की नाराजगी के कारण पार्टी को नुकसान हुआ। इसी तरह ब्राह्मणों की नाराजगी का विषय भी लगातार उठता है। सुझाव दिया गया कि पार्टी को बैकवर्ड राजनीति करनी है तो अगड़ों को भी साधना होगा। वहीं आयोग, निगम, बोर्डों के खाली पदों को भी जल्द भरे जाने की बात कही गई क्योंकि पहले ही काफी विलंब हो चुका है। इसके अलावा 2014 की तर्ज पर पार्टी के सामाजिक समीकरणों को फिर दुरुस्त करने का फीडबैक भी दिया गया है। कहा गया कि यह ताना-बाना बिखरा है। कुर्मी, पासी सहित कई जातियों का बिखराव देखने को मिला है। तावड़े सोमवार को सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे। सरकार, संगठन, आयोगों के साथ ही अन्य फीडबैक के आधार पर वे अपनी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेंगे।

## तुष्टीकरण नहीं, विकास और...

बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर राज्य सरकार की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाषा और संस्कृति के नाम पर कठोर राजनीति नहीं चलने दी जाएगी और देशद्रोही ताकतों के मंसूबों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि बंगाल की जनता अब चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और अराजकता का केंद्र बन गया है, लेकिन अब जनता परिवर्तन के लिए तैयार है और आने वाले चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा।

# पटना मुख्यमंत्री आवास में बैठकों का दौर जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ ललन सिंह पहुंच रहे पटना,अगले दो दिन अहम**

पटना। पिछले दो महीने से बिहार की राजनीति में मची हलचल अब अपने अंतिम मोड पर पहुंचने वाली है,क्योंकि मुख्यमंत्री आवास पर बैठकों का दौर लगातार जारी है। रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर एक और बड़ी बैठक होने वाली है। बैठक में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह शामिल होंगे। साथ ही जदयू-भाजपा के सभी विधायकों को पटना बुलाया गया है। आज की बैठक में जदयू के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी पटना पहुंच रहे है। शनिवार को दिल्ली में भी भाजपा के वरीय नेताओं की मीटिंग हुई। बीते दिन भी मुख्यमंत्रीआवास में जदयू नेताओं के साथ नीतीश कुमार ने बैठक की।बैठक के दूसरे दिन ही नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग खाली कर दिया और 7 सर्कुलर रोड में शिफ्ट हो गये। इसके बाद से ही नये मुख्यमंत्री और उनकी इस्तीफ़े की चर्चा ने जोर पकड लिया। रविवार सुबह सुबह 12 घंटे के अंतराल में दूसरी बार सम्राट चौधरी सीएम आवास पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच नई सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर अहम बातचीत हो रही है। दिल्ली में शनिवार को अमित शाह, विनोद तावड़े और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मंथन किया था। दिल्ली में हुई इस बैठक के बाद सम्राट चौधरी और नीतीश कुमार की यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है, जिससे बिहार में नई सरकार के स्वरूप और नेतृत्व को लेकर तस्वीर जल्द साफ हो सकती है। इन बैठकों और मुलाकातों के लगातार दौर से स्पष्ट होता जा रहा है कि आने वाले 2 से 3 दिनों में सियासी स्थिति साफ हो जाएगी। शनिवार शाम बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। उनके साथ मंत्री लखेंद्र पासवान भी



मौजूद थे। करीब 30 मिनट चली बैठक के बाद नेताओं ने संकेत दिया कि जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और आगे की सरकार भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बनेगी। वहींउपमुख्यमंत्रीविजय सिन्हा भी मुलाकात के बाद लोकभवन पहुंचे, जहां उन्होंने करीब आधे घंटे तक अधिकारियों से चर्चा की। इसके अलावा जदयूके कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री विजय चौधरी ने भीमुख्यमंत्रीसे मुलाकात कर नए मंत्रिमंडल के स्वरूप और युवा चेहरों को शामिल करने पर चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री आवास में आज होने वाली अहम बैठक में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार, मंत्रियों की संख्या और विभागों के बंटवारे पर चर्चा हो सकती और अगले दो दिनों में इन मुद्दों पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। यही नहीं जदयू और भाजपा दोनों दलों के विधायकों को पटना में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। जो विधायक अब तक नहीं पहुंचे हैं, उन्हें जल्द राजधानी पहुंचने को कहा गया है। आज सुबह से ही विधायकों के पटना आने का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि 13 अप्रैल को वर्तमान सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक हो सकती है। इसके ठीक अगले दिन यानी 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। इस्तीफ़े के तुरंत बाद एनडीए विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नए नेता का औपचारिक चुनाव और सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। नीतीश कुमार ने 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई। इसके साथ ही नीतीश कुमार उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जो लोकसभा, राज्यसभा, बिहार विधानसभा और विधान परिषद चारों सदनों के सदस्य रह चुके हैं।

## बिहार में सरकार गठन की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू, कुछ ही दिनों में सब कुछ तय हो जाएगा: विजय चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच लगातार दो दिनों तक हुई अहम बैठकों के बाद सरकार के भविष्य को लेकर अटकलें और तेज हो गई हैं। इस बीच राज्य सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने संकेत दिए हैं कि राज्य में जल्द ही नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। पटना में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में विजय चौधरी ने कहा कि आगामी कुछ दिनों में सरकार गठन को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरी टाइमलाइन जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी, जिससे राजनीतिक अनिश्चितता खत्म हो सके। जब उनसे अगले मुख्यमंत्री के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने साफ कहा कि यह निर्णय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हाथ में है। उन्होंने बताया कि भाजपा की एक तय प्रक्रिया होती है, जिसके तहत मुख्यमंत्री पद के लिए नाम का चयन किया जाता है। इसके बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी विधायक मिलकर विधायक दल की बैठक में अपने नेता का चुनाव करते हैं। वही नेता राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनता है। विजय चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा की भूमिका इस पूरे घटनाक्रम में बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन अंतिम औपचारिक निर्णय गठबंधन के सभी घटक दलों की सहमति से ही लिया जाएगा। कैबिनेट गठन को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इसकी संभावना तो है, लेकिन फिलहाल इसकी तारीख तय नहीं की गई है। इससे साफ है कि सरकार गठन के साथ-साथ मंत्रिमंडल विस्तार पर भी अभी मंथन जारी है।

## साइबर ठगी का बड़ा नेटवर्क बेनकाब, पांच आरोपित गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले की साइबर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपित नरेला निवासी हैं, जिनकी पहचान राहुल (22), बंटी (22), अंकित (19), सलीम उर्फ धनचा (22) और नूर आलम (19) के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह देशभर में करीब 2.31 करोड़ रुपये की साइबर ठगी से जुड़े 43 मामलों में संलिप्त रहा है।

बाहरी उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने रविवार को बताया कि मामला 4 अप्रैल को साइबर थाना बाहरी उत्तरी जिले में दर्ज एफआईआर संख्या 14/26 से संबंधित है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर मिली शिकायतों और ल्लऑपरेशन साइबर हॉक 4.0ङ्क के तहत विकसित तकनीकी इनपुट के आधार पर की गई। जांच में पता चला कि आरोपित म्यूल बैंक खातों का नेटवर्क चलाते थे। वे अपने या अन्य लोगों के नाम पर कई बैंक खाते खुलवाकर उन्हें साइबर अपराधियों को कमीशन पर उपलब्ध कराते थे। साथ ही इन खातों से जुड़े सिम कार्ड भी उपलब्ध कराए जाते थे। इसके बदले उन्हें प्रति खाता 2500 से 5000 रुपये तक कमीशन मिलता था। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से सिम कार्ड, बैंक खातों से जुड़े मोबाइल नंबर और डिजिटल साक्ष्य जैसे चैट रिकॉर्ड, ट्रांजेक्शन लॉग और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। जांच में अब तक 28 बैंक खातों की पहचान की गई है, जो महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, असम, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में दर्ज मामलों से जुड़े पाए गए हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपित ठगी की रकम को पहले विभिन्न खातों में घुमाकर छिपाते थे और फिर उसे क्रिप्टोकरेंसी (यूएसडीटी) में बदल देते थे। इसके बाद यह रकम टेलीग्राम के जरिए विदेश में बैठे हैंडलर्स को भेज दी जाती थी, जिससे पैसे का ट्रेल छिपाया जा सके। तकनीकी जांच में एक विदेशी हैंडलर की लोकेशन कंबोडिया में पाई गई है, जिससे इस गिरोह के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन भी सामने आए हैं।

पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम करता था और देशभर के लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाता था। फिलहाल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल या संदेश पर भरोसा न करें, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या वेबसाइट पर दें।

## दिल्ली–बिहार ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, छह तस्कर गिरफ्तार

**⏩ बिहार से लाकर दिल्ली-एनसीआर में खपाते थे नशा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड (एएनएस) ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से कुल 58.7 किलोग्राम गांजा (व्यावसायिक मात्रा) और 5.31 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी गई है।

पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने रविवार को बताया कि इस मामले में पहले दो आरोपित नदीम और मोनू उर्फ अभिषेक को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से 45 किलो 760 ग्राम गांजा, 2.65 लाख रुपये नकद, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और पैकिंग सामग्री बरामद हुई थी। इसके बाद आगे की जांच में चार अन्य




आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान 9 अप्रैल को नदीम की निशानदेही पर लोनी (गाजियाबाद) निवासी शेर खान को पकड़ा गया, जो इस नेटवर्क का मुख्य सप्लायर था। इसके बाद 11 अप्रैल को कल्याणपुरी निवासी पिंकी कौर उर्फ डॉन (43) को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 2 किलो 636 ग्राम गांजा और 2.66 लाख रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए बिहार से गांजा सप्लाई करने वाले स्रोत तक पहुंच बनाई। 11 अप्रैल को ही संजय झील के पास जाल बिछाकर बिहार के वैशाली जिले के बिद्दीपुर निवासी दीपक पटेल (31) और विकास (32) को गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से करीब 10 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह बिहार से बड़ी मात्रा में गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करता था। आरोपित किराए के मकानों या घरों में गांजा छिपाकर रखते थे और बाद में छोटे-छोटे पैकेट बनाकर स्थानीय स्तर पर बेचते थे। इसके लिए वे प्लास्टिक पाउच, स्टेपलर और टेप का इस्तेमाल करते थे, ताकि आसानी से वितरण किया जा सके। पुलिस के अनुसार, गिरोह भीड़भाड़ वाले रिहायशी इलाकों को अपना ठिकाना बनाता था, जिससे किसी को शक न हो। उनका मुख्य उद्देश्य तेजी से मुनाफा कमाना था और इसके लिए उन्होंने एक संगठित नेटवर्क तैयार कर रखा था। फिलहाल सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और आगे-पीछे के लिंक की जांच कर रही है।

## सीवरेज कार्य के चलते खोदी सड़कों पर सख्ती, चारधाम यात्रा से पहले मरम्मत तेज

हरिद्वार। हरिद्वार में सीवरेज निर्माण कार्य के चलते खोदी गई सड़कों से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर अब सड़क मरम्मत और निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सभी खुदी हुई सड़कों की मरम्मत हर हाल में पूरी की जाए, ताकि यात्रियों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परियोजना प्रबंधक मीनाक्षी मित्तल (निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई, गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम) ने बताया कि केएफडब्ल्यू वित्त पोषित हरिद्वार जलोत्सारण योजना के तहत कार्य तेजी से चल रहा है। 11 अप्रैल को दोनों पैकेजों के अंतर्गत कुल 710 मीटर सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया।

## चारधाम यात्रा के दौरान गैस आपूर्ति, ट्रैफिक प्रबंधन व स्वच्छता पर विशेष फोकस करेगा जिला प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ डीएम ने होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

देहरादून। केदारनाथ धाम यात्रा को सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने सीतापुर में होटल एसोसिएशन के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने गैस, डीजल की आपूर्ति का आश्वासन दिया है, लेकिन साथ में वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बैठक में होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन व्यवस्था, एलपीजी गैस, डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के चलते एलपीजी गैस की आपूर्ति में आंशिक व्यवधान की स्थिति के बावजूद शासन स्तर पर यात्रा संचालन के लिए आवश्यक गैस उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने होटल और ढाबा संचालकों से अपील की कि आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक ईंधन स्रोत जैसे कोयला, लकड़ी व इलेक्ट्रिक इंडक्शन का भी उपयोग किया जा सकता है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी होटल संचालक एवं व्यवसायी श्रद्धालुओं को निर्धारित दरों पर ही सेवाएं एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएं और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, जिससे यात्रा की सकारात्मक छवि बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव देना है। साथ ही स्थानीय हितधारकों की समस्याओं का भी प्रभावी समाधान किया जाए। इसी उद्देश्य से स्थानीय व्यापारियों के साथ यह आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान होटल व्यवसायियों ने गैस, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति, ट्रैफिक व्यवस्था एवं पार्किंग की समस्या के संबंध में अपने सुझाव एवं समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। इसके अतिरिक्त यात्रा मार्ग पर शौचालयों की व्यवस्था, अवैध शराब एवं मांस बिक्री पर रोक लगाने संबंधी विषय भी उठाए गए।

## सुरक्षा और सुविधा बढ़ाने के लिए डीएमआरसी का बड़ा कदम, 2027 तक 70 ट्रेनों का होगा नवीनीकरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ब्लू लाइन की पुरानी ट्रेनों के मिड-लाइफ रिफर्बिशमेंट (नवीनीकरण) की शुरुआत की है। इस पहल के तहत पुरानी ट्रेनों को आधुनिक तकनीक और नई सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि वे मौजूदा मानकों के अनुरूप बनी रहें। डीएमआरसी द्वारा रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार, इस कार्यक्रम के तहत रेड और ब्लू लाइन की कुल 70 ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से अपग्रेड किया जा रहा है। पहले चरण में 12 ट्रेनें, दूसरे चरण में 18 ट्रेनें पहले ही नवीनीकरण के बाद सेवा में शामिल की जा चुकी हैं, जबकि जल्द ही अन्य ट्रेनों पर काम शुरू होगा। तीसरे चरण में 22 ब्लू लाइन ट्रेनों का नवीनीकरण नवंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। डीएमआरसी के मुताबिक ये ट्रेनें वर्ष 2002 से 2007 के बीच शामिल की गई थीं और लगभग 19 से 24 साल की सेवा पूरी कर चुकी हैं। अब इन्हें आधुनिक सिस्टम और सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने तीसरे चरण की पहली नवीनीकृत ट्रेन का रविवार को निरीक्षण भी किया, जिसे यात्री सेवा में शामिल कर दिया गया है। अब तक कुल 31 ट्रेनों का नवीनीकरण किया जा चुका है। नवीनीकरण के तहत ट्रेनों के अंदरूनी हिस्सों और तकनीकी सिस्टम में बड़े बदलाव किए गए हैं। कोच और ड्राइवर केबिन को नए सिरे से पेंट किया गया है और पुराने हिस्सों को ठीक किया गया है। इलेक्ट्रिकल पैनल को भी अपग्रेड कर उनकी कार्यक्षमता और विश्वसनीयता बढ़ाई गई है। डीएमआरसी के अनुसार यात्रियों को बेहतर जानकारी देने के लिए आधुनिक आईपी आधारित पैसेंजर अनाउंसमेंट और इंफॉर्मेशन सिस्टम (पीए-पीआईएस), सीसीटीवी कैमरे और एलसीडी आधारित डायनामिक रूट मैप लगाए गए हैं। ये सिस्टम यात्रियों को रीयल टाइम में रूट, समय और अगले स्टेशन की जानकारी देंगे, साथ ही आपात स्थिति में यात्रियों और ट्रेन ऑपरेटर के बीच संवाद भी संभव होगा। वहीं सुरक्षा के लिहाज से हर कोच में नए फायर डिटेक्शन सिस्टम लगाए गए हैं, जिनमें धुआं और तापमान पहचानने वाले सेंसर शामिल हैं। इसके अलावा पुराने इलेक्ट्रिकल उपकरणों को बदलकर आधुनिक यूनिट लगाए गए हैं। डीएमआरसी के अनुसार यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी कोच में मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग पॉइंट भी उपलब्ध कराए गए हैं। डीएमआरसी का कहना है कि इस पहल के जरिए पुरानी ट्रेनों को नई ट्रेनों के समान स्तर पर लाया जा रहा है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, भरोसेमंद और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके।

## मंदिर में घुसकर पुजारी की हत्या, इलाके में सनसनी

**हरिद्वार।** जनपद के लक्सर कोतवाली क्षेत्र के भोगपुर गांव में शनिवार देर रात एक बेहद दुखद और सनसनीखेज घटना सामने आई। मंदिर में चोरी की नीयत से घुसे अज्ञात बदमाशों ने वहां रह रहे पुजारी की निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत व आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरकाजी क्षेत्र के गोदना गांव निवासी राजवीर उम्र करीब 65 वर्ष पिछले करीब दो महीनों से भोगपुर गांव स्थित मंदिर में रहकर पूजा-अर्चना का कार्य कर रहे थे। शनिवार देर रात कुछ अज्ञात चोर मंदिर में चोरी के इरादे से दाखिल हुए। इसी दौरान पुजारी के जाग जाने पर बदमाशों ने उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल पुजारी की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## 'रन फॉर अवेयरनेस' रैली को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हल्द्वानी में नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत आयोजित 'रन फॉर अवेयरनेस' रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। एमबी इंटर कॉलेज मैदान से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज की यह दौड़ मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ, समृद्ध और नशे से मुक्त उत्तराखंड के संकल्प की दौड़ है। जब आप सभी यहां से कदम आगे बढ़ाएंगे, तो यह संदेश पूरे प्रदेश में जाना चाहिए कि उत्तराखंड का युवा अब नशे को 'ना' कह रहा है और जीवन को 'हाँ' कह रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा एक साइलेंट वार की तरह फैल रहा है और इसका सबसे बड़ा निशाना हमारी युवा शक्ति है। मजाक-मजाक में युवा नशे की चपेट में आ जाते हैं और वहां से लौटना बहुत मुश्किल हो जाता है।




यह न सिर्फ व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को संकट में डाल देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2020 में शुरू किए गए 'नशा मुक्त भारत अभियान' से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार इस दिशा में मिशन मोड पर काम कर रही है। वर्ष 2022 में गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा हजारों आरोपियों की गिरफ्तारी और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। साथ ही एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) केंद्रों का संचालन किया जा रहा है और सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भी एटीएफ केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए 'दगड़िया क्लब' बनाए गए हैं, जो युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि नशे के विरुद्ध यह लड़ाई केवल कानून बनाने से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए समाज की जागरूकता और युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। हम सभी संकल्प लें कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने मित्रों व समाज को भी जागरूक करेंगे। औपचारिकता से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प से ही हम 'ड्रग्स फ्री उत्तराखंड' के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी आध्यात्मिक परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और ऊर्जावान युवा शक्ति के लिए जाना जाता है। यदि युवा शक्ति सही दिशा में बढ़े, तो वह पूरे भारतवर्ष के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. स्वामी रामेश्वरम हरि, आरएसएस संपर्क प्रमुख उत्तर क्षेत्र डॉ. हरीश रौतेला, श्याम अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भारत भूषण, डॉ. अशोक पाल, किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी सहित आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ मंजूनाथ टी सी आदि मौजूद रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063